CMYK CMYK




# जागरूक टाइम्स




सिरोही, शुक्रवार, 14 नवम्बर 2025 ◆ वर्ष : 18 ◆ अंक : 296 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रू.

## न्यूज ब्रीफ

### पहली बार भूटान एयरलाइंस का विमान पिंकसिटी में उतरा



**जयपुर।** राजधानी जयपुर को एक और अंतरराष्ट्रीय एयर कनेक्टिविटी मिल गई है। गुरुवार को भूटान एयरलाइंस ने जयपुर से भूटान के पारो तक सीधी उड़ान सेवा की शुरुआत की। भूटान एयरलाइंस की फ्लाइट बीएक्स – 722 गुरुवार सुबह 11 बजकर 45 मिनट पर पारो से जयपुर एयरपोर्ट पर लैंड हुई। गुरूवार को पहली बार है, जब भूटान से सीधे जयपुर एयरपोर्ट पर फ्लाइट उतरी है। भूटान के अधिकारियों और जयपुर एयरपोर्ट प्रबंधन की मौजूदगी में एयरक्राफ्ट का पारंपरिक स्वागत किया गया।

### हसीना की बढ़ेंगी मुश्किलें, 17 को कोर्ट सुनाएगा फैसला



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने गुरुवार को जानकारी दी कि वह पूर्व पीएम के खिलाफ 17 नवंबर को फैसला सुनाएगा। दरअसल, शेख हसीना पर पिछले साल जुलाई में हुए छात्र विद्रोह से संबंधित सैकड़ों की हत्या का आरोप लगा है। उनके खिलाफ मानवता के विरुद्ध अपराधों के आरोप हैं।

## कार धमाका खतरनाक विदेशी साजिश

# आतंकी बाबरी का बदला लेना चाहते थे

## देशभर में 32 कारों से धमाके की साजिश थी

**नई दिल्ली।** लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए धमाके की जांच में गुरुवार को बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आतंकी 6 दिसंबर, यानी बाबरी मस्जिद ढहाए जाने की बरसी के दिन दिल्ली समेत कई जगह धमाके करना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने 32 कारों का इंतजाम किया था।

इनमें बम और विस्फोटक सामग्री भरकर धमाके किए जाने थे। इनमें ब्रेजा, स्विफ्ट




डिजायर, इकोस्पोर्ट और आई20 जैसी गाड़ियां शामिल थीं। जांच एजेंसियों को अब तक चार कारें बरामद हो चुकी हैं। 10 नवंबर जिस आई20 कार में धमाका हुआ था, वह इसी सीरियल रिवेंज अटैक का हिस्सा थी। ब्लास्ट से अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 20 लोग घायल हैं, जिनमें से तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं, केंद्र सरकार ने दिल्ली कार ब्लास्ट को आतंकी हमला माना है।

### तुर्की में बैठे उकासा ने उमर के साथ मिलकर लिखी पूरे ब्लास्ट की स्क्रिप्ट...

राजधानी दिल्ली में लाल किले के पास हुए जोरदार कार धमाके को सरकार ने बुधवार आतंकी हमला माना। वहीं इस पूरे ब्लास्ट की अलग-अलग एंगल से जांच की जा रही है। अब तक इस ब्लास्ट को लेकर जो रिपोर्ट सामने आई है वह एक खतरनाक विदेशी साजिश की ओर इशारा कर रही है।

सूत्रों के मुताबिक, इस पूरे ब्लास्ट की साजिश की डोर तुर्किये में बैठे एक हैंडलर उकासा के हाथ में थी। इसी ने अल-फलाह यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर उमर उन नबी और उसकी टीम को भारत में स्पेक्टैकुलर अटैक्स की ट्रेनिंग और दिशा दी। जांच एजेंसियों का मानना है कि तुर्किये में बैठे एक हैंडलर से उमर नबी लगातार संपर्क में था। हैंडलर का कोड नेम उकासा (यूकेएसए) था। जांच में खुलासा हुआ है कि उमर 2022 में तुर्किये गया था, जहां उसने जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े लोगों के साथ सीक्रेट मीटिंग की।

### साल 2022 में रची गई थी साजिश

सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, उकासा दिल्ली स्थित मॉड्यूल और प्रतिबंधित संगठनों जैश-ए-मोहम्मद और अंसारगजत उल हिंद के हैंडलरों के बीच मुख्य कड़ी के रूप में काम करता था। अधिकारियों ने बताया कि यह साजिश 2022 की शुरुआत में तुर्की में रची गई थी, जहां उमर और तीन अन्य - जो सभी पाकिस्तान समर्थित दो समूहों से जुड़े थे, वहां गए थे। उमर मार्च 2022 में तुर्किये गया था और दो हफ्ते अंकारा में रहा था। एक अधिकारी ने बताया, उनकी बातचीत शुरू में टेलीग्राम पर शुरू हुई थी और बाद में एन्क्रिप्टेड ऐप्स पर ट्रांसफर हो गई। ▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

## क्रेडिट गांरटी स्कीम समेत कैबिनेट के फैसलों को पीएम मोदी ने सराहा...बोले...

# ये फैसले आत्मनिर्भर भारत में अहम भूमिका निभाएंगे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि केन्द्र सरकार के नए कैबिनेट फैसले भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा को मजबूत करेंगे और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने में अहम भूमिका निभाएंगे। बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में निर्यात प्रोत्साहन मिशन और निर्यातकों के लिए ऋण गारंटी योजना को मंजूरी दी गई। प्रधानमंत्री मोदी ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि सुनिश्चित कर रहे हैं कि मेड इन इंडिया की गूंज पूरी दुनिया में और तेजी से सुनाई दे।

**पीएम मोदी ने कहा व्यवसाय सुचारू रूप से चल सकेगा**

कैबिनेट ने निर्यात प्रोत्साहन मिशन को मंजूरी दी है, जो भारत के निर्यात को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाएगा, एमएसएमई, नए और श्रमप्रधान क्षेत्रों को मजबूती देगा। उन्होंने कहा कि यह मिशन सभी संबंधित पक्षों को एक मंच पर लाएगा और परिणाम-आधारित तथा प्रभावी तंत्र तैयार करेगा। पीएम मोदी ने आगे कहा कि निर्यातकों के लिए ऋण गारंटी योजना से व्यवसाय सुचारू रूप से चल सकेगा। इसके अलावा, मंत्रिमंडल ने ग्रेफाइट, सीजियम, रुबिडियम और जिरकोनियम जैसे खनिजों की रॉयल्टी दरों को तर्क संगत करने का भी फैसला लिया है। ये सभी खनिज हरित ऊर्जा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माने जाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह निर्णय स्थिरता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देगा। इससे आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इन फैसलों से सरकार का लक्ष्य है कि भारत न केवल अपने उत्पादों के निर्यात को बढ़ाए बल्कि वैश्विक बाजार में मेड इन इंडिया की पहचान को और सशक्त बनाए।

### अमित शाह ने निर्यातकों ने लिए योजनाओं मंजूरी की सराहना की

इधर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को निर्यातकों के लिए 45 हजार की दो नई योजनाओं को मंजूरी देने के लिए केन्द्र सरकार की सराहना की। इन योजनाओं का उद्देश्य अमेरिका में बढ़े शुल्कों से प्रभावित भारतीय निर्यातकों को राहत देना है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने 25,060 करोड़ के एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन को मंजूरी दी है, जो भारतीय उत्पादों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएगा और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाएगा। इसके साथ ही 20 हजार करोड़ के क्रेडिट गारंटी स्कीम फार एक्सपोर्टर्स के तहत बिना गारंटी के ऋण की सुविधा मिलेगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि यह कदम एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त करेगा और भारत को एक ट्रिलियन डालर निर्यात लक्ष्य की ओर ले जाएगा।

## 100 वर्ष की संघ यात्राः कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में 'उद्यमी संवाद नए क्षितिज की ओर' कार्यक्रम आयोजित

# संघ प्रमुख भागवत बोले, राष्ट्र को परम वैभव संपन्न बनाने के लिए सबको साथ चलना है



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहनराव भागवत ने कहा है कि विविधताओं को कैसे संभालना है यह हमें दुनिया को सिखाना है क्योंकि दुनिया के पास ऐसा तंत्र नहीं है जो भारत के पास है। वे गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर '100 वर्ष की संघ यात्रा श्रंखला' के अंतर्गत कॉन्स्टीट्यूशन क्लब, जयपुर के पृथ्वीराज चौहान सभागार में उद्यमी संवाद नए क्षितिज की ओर कार्यक्रम में राजस्थान प्रदेश के प्रमुख उद्यमियों को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि संघ को प्रत्यक्ष अनुभव किए बिना संघ के बारे में राय मत बनाइए। संघ से जुड़ने के लिए शाखा में आइए, जो आपको अनुकूल लगे वह काम आप कर सकते हैं। संघ पूरे समाज को ही संगठित करना चाहता है। पूरा समाज संघ बन जाए यानी प्रमाणिकता से निस्वार्थ बुद्धि से सब लोग देश के लिए जिएं। सरसंघचालक ने कहा कि संघ के 100 वर्ष की यात्रा पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम कोई सेलिब्रेशन नहीं है बल्कि आगे के चरण की दृष्टि से अपने कार्य की वृद्धि का विचार करने के लिए ये कार्यक्रम किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को परम वैभव संपन्न और विश्वगुरु बनाना किसी एक व्यक्ति के वश में नहीं है। नेता, नारा, नीति, पार्टी, सरकार, विचार, महापुरुष, अवतार और संघ जैसे संगठन इसमे सहायक हो सकते हैं परन्तु मूल कारण नहीं बन सकते। यह सबका काम है और इसके लिए सबको साथ लेकर चलना है। डॉ. भागवत ने कहा कि संघ किसी को नष्ट करने के लिए ▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

**संघ किसी को नष्ट करने के लिए नहीं बना**

## धीरेंद्र शास्त्री पदयात्रा में बेहोश हुए, सड़क पर लेटे




**मथुरा।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन एकता पदयात्रा का गुरुवार को सातवां दिन है। यात्रा अब यूपी में दाखिल हो चुकी है। मथुरा पहुंचने से पहले लगातार दूसरे दिन धीरेंद्र शास्त्री की तबीयत बिगड़ गई। यूपी-हरियाणा बॉर्डर पर उन्हें अचानक चक्कर आ गया। वे सड़क पर ही लेट गए। आसपास मौजूद भक्तों ने संभाला, गमछे से हवा की। थोड़ी देर लेटे रहने के बाद धीरेंद्र शास्त्री उठकर बैठे। अचार के साथ पराठा खाया। इससे पहले बुधवार को भी उन्हें बुखार आ गया था। डॉक्टरों ने उनका चेकअप कर दवा दी थी। थोड़ा आराम करने के बाद धीरेंद्र शास्त्री ने यात्रा आगे बढ़ाई थी। बता दें कि मथुरा में 55 किलोमीटर की यात्रा चार दिन में पूरी की जाएगी। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। एएसपी अनुज चौधरी खुद मोर्चे पर तैनात हैं।

**अचार-पराठा खाकर फिर यात्रा शुरू की**

## पुणे में भीषण सड़क हादसा

# कंटेनर वाहन ने कई गाड़ियों को मारी टक्कर, 6 लोगों की मौत

**पुणे।** पुणे में गुरूवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ है, जहां एक अनियंत्रित कंटेनर ट्रक वाहन ने कई अन्य वाहनों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। घटना पुणे-बेंगलुरु हाईवे पर नवले ब्रिज पर हुई। इस भीषण टक्कर के बाद दो से तीन भारी वाहनों में आग लग जाने के बाद हादसा और भयानक हो गया। पुणे सिटी पुलिस जोन 3 के डीसीपी संभाजी कदम ने जानकारी देते हुए बताया कि हादसे के बाद बचाव कार्य जारी है।




### जन्मदिन मनाकर लौट रहे थे दोस्त

पुणे से पहले नासिक शहर में भी देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ था। बुधवार तड़के करीब 2.30 बजे एक एसयूवी का टायर फट गया, जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और कई बार पलट गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसके पांच दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस के मुताबिक, यह हादसा नासिक के सेंट्रल बस स्टैंड इलाके में हुआ, जो शहर के बीचोंबीच है। छह दोस्त नासिक नगर निगम मुख्यालय (राजीव गांधी भवन) से द्वारका इलाके की ओर जा रहे थे। सभी लोग गंगापुर रोड के एक होटल में अपने दोस्त का जन्मदिन मनाकर लौट रहे थे। एसयूवी चला रहे सुदाम सोनवणे ने बताया कि रास्ते में अचानक गाड़ी का टायर फट गया। इससे वाहन ने डिवाइडर, स्ट्रीट लाइट पोल और एक पेड़ से टक्कर खाई और कई बार पलट गया। हादसे की आवाज सुनकर लोग मौके पर पहुंचे।

## जबलपुर में बिरसा मुंडा जयंती पर 32 कैदी होंगे रिहा

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में अब हर साल 15 नवंबर को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर राज्य की जेलों में अच्छे आचरण वाले आजीवन कारावासियों को समय से पूर्व रिहा करने की परंपरा शुरू की जा रही है। जबलपुर केंद्रीय जेल से इस दिन 32 कैदियों को सजा में छूट दी जा रही है, सभी बंदी 15 नवंबर को रिहा किए जाएंगे। इनमें 9 कैदी आदिवासी समुदाय से हैं। सभी उम्रकैद की सजा काट रहे हैं और उनका आचरण जेल में संतोषजनक पाया गया है। मध्यप्रदेश शासन के जेल विभाग मंत्रालय द्वारा 7 नवंबर 2025 को जारी आदेश के तहत भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर यह नई पहल की गई है।




CMYK CMYK

# सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** नगर परिषद जलोर के कलस्टर स्तरीय सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का समापन राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य में गुरुवार को शाह पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम में समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। मुख्य सचेतक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास के साथ खेलों के विकास के लिए एवं प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार मिलकर खेल सहित अन्य विकास कार्यों के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है तथा सकारात्म सोच से सही दिशा में बढ़ा जा सकता है। उन्होंने युवाओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन व खेल सुविधाओं व संसाधनों के विकास से खेल प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिल रहा हैं। उन्होंने माई थाई गेम में एशियन स्तरीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली खिलाड़ी हर्षिता चौहान का उत्साहवर्धन किया तथा पीटी उषा का उदाहरण देते हुए बालिकाओं को इनसे प्रेरणा लेने की बात कही। गर्ग ने कार्य म की समापन की घोषणा कर ध्वजावतरण किया। समारोह का संचालन अंबिका प्रसाद तिवारी व निशा कुट्टी ने किया। एसीबीइओ-प्रथम जबरसिंह देवड़ा, बंशीसिंह, डॉ. मंजू मेघवाल, अंबालाल व्यास, रवि सोलंकी, सुरेश सुंदेशा, दिनेश महावर, सुरेश सोलंकी, गणपतसिंह राव, हेमेंद्र बगेडिया, संजय बोराना, दिलीप सोलंकी, महेश भट्ट, भागीरथ गर्ग, दिनेश बारोट सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं प्रतिभागी खिलाड़ी उपस्थित रहे।



# खेल प्रतिभाओं को आगे आने का मिल रहा मौका : गर्ग

## >> विजेताओं को हुआ सम्मान, दिखा उत्साह का माहौल





उधर सांथू ग्राम में सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजित चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता का बुधवार समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जालोर प्रधान नारायणसिंह राजपुरोहित रहे, जबकि अध्यक्षता भामाशाह जब्बरसिंह सोमता राजपुरोहित के प्रतिनिधि सदस्य ने की। विशिष्ट अतिथि हिमसिंह पितोणी व भोमसिंह सियातर थे। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विजेता टीमों को शील्ड और खिलाड़ियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य श्रीमती अर्चना ने प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए भामाशाह प्रेरक सुमेरसिंह राजपुरोहित, विक्रम श्रीमाली सहित सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन पृथ्वीसिंह काबावत ने किया। समाजसेवी डूंगरसिंह राजपुरोहित, हिमसिंह अंदोणि, किशनराज तौगोणी, भाजपा कार्यकर्ता मोतीसिंह गजानी, हितेश सरगरा, वागसिंह जीपोंनी, परबतसिंह दहिया, अध्यापक मुकेश कुमार, रमेश बोहरा, रणसिंह दहिया सहित आसपास के गांवों के खिलाड़ी और शारीरिक शिक्षक उपस्थित रहे।

## खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा



**रानीवाड़ा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रतनपुर में सांसद खेल महोत्सव के तहत क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुकेश खंडेलवाल रहे। अति विशिष्ट अतिथि कृष्णकुमार देवासी रहे एवं अध्यक्षता पीइओ विरमाराम ने की। खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीण और शहरी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए सांसद खेल महोत्सव जैसी पहल की गई है। आयोजन से युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ रही है और उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर मिल रहा है। सांसद लुम्बाराम चौधरी द्वारा क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। कृष्णकुमार देवासी ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास को भी मजबूत करते हैं। उपसरपंच बाबूपुरी, समाजसेवी दिनेशकुमार, शारीरिक शिक्षक रामावतार धाकड़, धूनाराम, बगताराम, मफाराम सहित विद्यालय के अध्यापक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। पीइओ विरमाराम ने आभार व्यक्त किया।

**भीनमाल।** सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजित क्लस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का सुंगनकंवर पहाड़सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भागलभीम में समापन हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा जुंजाणी मंडल अध्यक्ष सांवलाराम देवासी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि भाजयुमो मंडल अध्यक्ष खुमानसिंह राठौड़ थे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य रामनिवास विश्नोई ने की। अतिथियों ने कहा कि खेल व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का माध्यम हैं। खेल भावना से खेलते हुए खिलाड़ी अनुशासन, मेहनत और टीम भावना जैसे गुणों को आत्मसात करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा आरंभ किया गया सांसद खेल महोत्सव ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाने का सशक्त मंच बन गया है। संचालन विद्यालय स्टाफ ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य रामनिवास विश्नोई ने दिया। भामाशाह प्रेमाराम पुरोहित, नरपतसिंह, जबरसिंह, वीडीओ निर्मला विश्नोई, छैलसिंह, किशोरसिंह सिसोदिया, जयनारायण बोहरा, श्रवण विश्नोई, शारीरिक शिक्षक सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।



**जसवंतपुरा।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित चार दिवसीय कलस्टर स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का गुरुवार को समापन हुआ। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी गुमानसिंह भाटी थे, जबकि अध्यक्षता ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भाखराराम राणा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राचार्य दिनेशकुमार विश्नोई, कुलदीपसिंह चारण, समाजसेवी मोडाराम प्रजापत, भाजपा नेता भगवानसिंह चेकला, युवा मोर्चा अध्यक्ष महेन्द्रसिंह राव एवं लक्ष्मणसिंह जाविया उपस्थित रहे। समारोह में भामाशाह एवं कलस्टर प्रभारी गोविंदपालसिंह गजापुरा, सह प्रभारी रामसिंह धरुपड़ा, आशुसिंह



पावटा, इन्द्रसिंह परमार, भरत परिहार, प्राचार्य जयंतीलाल चौधरी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। निर्णायक के रूप में दलपतसिंह रोडाखेड़ा, भंवरसिंह, नरेन्द्रसिंह, रमेश चांदूर एवं कालूराम ने अपनी भूमिका निभाई। कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, रस्साकस्सी व दौड़ प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बनता था। जसवंतपुरा, गजापुरा, चांदूर और कलापुरा की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुरस्कार हासिल किए। अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए। बीइओ राणा ने कहा कि ग्रामीण अंचल के छात्र-छात्राओं में अपार खेल प्रतिभा है, जिसे ऐसे आयोजनों से मंच मिलता है। मुख्य अतिथि गुमानसिंह भाटी ने कहा कि खेल व्यक्ति में टीम भावना, आत्मविश्वास और नेतृत्व के गुण विकसित करते हैं। अंत में क्लस्टर प्रभारी गोविंदपाल सिंह गजापुरा ने सभी अतिथियों व सहयोगियों का आभार जताया।

**बड़गांव।** राउमावि में कलस्टर स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का समापन मानवेन्द्रदेव देवड़ा के मुख्य आतिथ्य, छैलसिंह दहिया, बाबूलाल पुरोहित के विशिष्ट आतिथ्य एवं प्रधानाचार्य कैलाशदान चारण की अध्यक्षता में हुआ। वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक कालूराम विश्नोई ने खेलकूद प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। वॉलीबॉल पुरुष व महिला वर्ग में बड़गांव प्रथम, कबड्डी में बड़गांव विजेता व बामनवाड़ा उपविजेता रही। भाजपा मंडल अध्यक्ष बलवंत पुरोहित, उपाध्यक्ष कालूदान एवं अर्जुनसिंह समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रतियोगिता में भामाशाह छैलसिंह राजपूत, हिम्मतसिंह, मालाराम देवासी का सहयोग रहा।

## प्रबल कार्यक्रम का समापन

# 'सफलता के लिए किताबी ज्ञान के साथ व्यवहारिक ज्ञान भी जरूरी'



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रबल कार्यक्रम का समापन मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य में हुआ। गर्ग ने विद्यार्थियों को जीवन में सफल होने के लिए किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान भी अर्जित करने की सीख दी। मुख्य वक्ता खीमाराम सुथार ने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्य, ईमानदारी, सम्मान और करुणा, समाज कल्याण, व्यक्तिगत चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण में किशोरों की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये मूल्य उन्नत समाज बनाने में मदद करते हैं। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक मनोहरलाल गोदारा ने प्रबल कार्य म को सीखने को केन्द्रित कार्य म बताया। प्रधानाचार्य भंवर मकवाना ने बताया कि राज्य के सरकारी विद्यालयों में कक्षा 9 से कक्षा 12 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों में 21वीं सदी के कौशल और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से प्रबल कार्य म संचालित किया जा रहा है। कार्य म में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य जिला शिक्षाधिकारी मुनेश मीणा, मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी ममता अग्रवाल, एसीबीइओ-प्रथम जबरसिंह देवड़ा, एसीबीइओ-द्वितीय रमेश खोरवाल, गजेन्द्रसिंह सिसोदिया, राजेन्द्र टांक, समसा के कार्य म अधिकारी देवेश दुआ, नाथू सोलंकी, दिनेश भट्ट, मोहनलाल सोलंकी, मुकेश सोलंकी व विद्यालय के कार्मिक उपस्थित रहे।

### दस ब्लॉक के विजेताओं ने किया प्रतिनिधित्व

उदघाटन सत्र पश्चात् दो चरणों में जिला स्तरीय कार्य म का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के दस ब्लॉक के विजेता छात्र तथा छात्राओं ने अपने ब्लॉक का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता प्रभारी प्रियंका शर्मा में बताया कि प्रथम चरण में 'हमारा पर्यावरण-हमारा भविष्य' थीम पर भाषण तथा द्वितीय चरण में 'हमारा भविष्य हमारा निर्णय' एवं 'किशोर किशोरियों के सशक्त भविष्य के लिए सुदृढ़ मानसिक स्वास्थ्य और उचित करियर मार्गदर्शन की आवश्यकता' पर पैनल चर्चा आयोजित की गई। दोनों विषयों पर आयोजन के प्रथम दिवस मेंटर पीएमश्री राउमावि बागरा के प्रधानाचार्य खीमसिंह राठौड़, पीएमश्री राउमावि जुंजाणी के प्रधानाचार्य शान्तिलाल जीनगर, राउमावि रेवत के उप प्राचार्य संदीप जोशी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

### यह रहे निर्णायक

प्रतियोगिता में निर्णयक की भूमिका राउमावि मोदरा के प्रधानाचार्य जितेन्द्रसिंह, राउमावि आखराड़ के प्रधानाचार्य कुणाल विश्नोई, राउमावि रेवतड़ा के प्रधानाचार्य किशोरसिंह, राउमावि भंवरानी के प्रधानाचार्य राणसिंह, छात्रा प्रतिनिधि आस्था तिवारी व छात्र प्रतिनिधि कुलदीप सिंह ने निभाई। समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र तथा विजेताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

### यह रहे विजेता

दोनों चरणों के समेकित परिणाम के आधार पर छात्रा वर्ग में पीएमश्री राउमावि जालोर की छात्रा दिव्या सोनी ने प्रथम, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय हनुमानशाला आहोर की छात्रा करिश्मा सुथार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्र वर्ग में पीएमश्री राउमावि सरनाऊ के छात्र संतोष विश्नोई ने प्रथम व पीएमश्री राउमावि बागरा के छात्र अल्ताफ हुसैन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## देवीसिंह अध्यक्ष व उमाराम महामंत्री निर्वाचित

▸ राजस्थान पटवार संघ शाखा सायला की कार्यकारिणी गठित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सायला।** राजस्थान पटवार संघ शाखा सायला के चुनाव निर्वाचन अधिकारी डूंगाराम मेघवाल की उपस्थिति में सम्पन्न हुए। जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।



नवगठित कार्यकारिणी में देवीसिंह को अध्यक्ष, मंगेजलता को उपाध्यक्ष, उमाराम को महामंत्री, आसकरणसिंह को संयुक्त मंत्री, देरावरसिंह को संगठन मंत्री, सुरेशकुमार को कोषाध्यक्ष एवं श्रीमती रिंकी राव, बंटी मीणा, पारसमल और ज्ञानसिंह को क्षेत्र मंत्री/सलाहकार नियुक्त किया गया। अध्यक्ष देवीसिंह ने कहा कि वे पटवारियों के हितों की रक्षा, संगठन की मजबूती और पारदर्शिता को प्राथमिकता देंगे। चुनाव के दौरान सभी पदाधिकारियों ने संघ के उद्देश्यों को सशक्त रूप से आगे बढ़ाने और संगठन की एकता बनाए रखने का संकल्प लिया। चुनाव परिणाम के बाद सदस्यों ने एक-दूसरे को बधाई दी और मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की।

## दिवंगत खाताधारक की पत्नी को दिया 10 लाख का चेक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा भीनमाल की ओर से गुरुवार को एक मानवीय पहल के तहत बीमित जोगसिंह की पत्नी सोहनकंवर को 10 लाख रुपए की बीमा राशि का चेक प्रदान किया गया। सहायक महाप्रबंधक रमेशकुमार के अनुसार जोगसिंह का मार्च 2025 में सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। जोगसिंह का नियमित बचत खाता एसबीआइ शाखा भीनमाल में था और उन्होंने मात्र 500 प्रीमियम में दुर्घटना बीमा योजना के तहत बीमा लिया हुआ था। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बैंक की ओर से यह राशि चेक के माध्यम से पत्नी सोहनकंवर को सौंपी गई। एसबीआइ जनरल इंश्योरेंस के कार्तिक दवे ने बताया कि प्रधानमंत्री जनकल्याण बीमा योजनाएं आम जनता को कम प्रीमियम पर सामाजिक सुरक्षा प्रदान करती हैं। मुख्य प्रबंधक विनय गहलोत, माली समाज अध्यक्ष भारताराम माली, किशनसिंह गहलोत, ओमप्रकाश चंदेरा सहित बैंक स्टाफ और जोगसिंह के परिजन उपस्थित रहे। मुख्य प्रबंधक विनय गहलोत ने आमजन से प्रधानमंत्री दुर्घटना बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ने की अपील की। अधिकारियों ने दिवंगत जोगसिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की और बैंक की ओर से उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## एसआइआर प्रक्रिया के फॉर्म भरने की दी जानकारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिला कलक्टर की अध्यक्षता में एनआइसी कक्ष में एसआइआर प्रक्रिया से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी कार्यालय के तकनीकी निदेशक लादेशकुमार शर्मा द्वारा कलक्टर कार्यालय के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, को एसआइआर फॉर्म को ऑनलाइन भरने से संबंधित जानकारी दी। इस दौरान कर्मचारियों द्वारा अपने स्तर पर ऑनलाइन एन्यूमरेशन फॉर्म फिल किए गए। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गणना प्रपत्र वितरण के तहत अब तक 13 लाख 33 हजार 70 (87.52 प्रतिशत) गणना प्रपत्र बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर वितरित किए गए। जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 15 लाख 23 हजार 143 हैं, जिसमें से 87.52 प्रतिशत मतदाताओं को इएफफार्म का वितरण किया जा चुका हैं।

## अस्पताल के बाहर गंदगी से मरीज बेहाल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर इन दिनों गंदगी का आलम है। अस्पताल परिसर में कचरे के ढेर और बबूल की झाड़ियां उग आई हैं। मुख्य गेट के पास फैली गंदगी से गुजरना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद सफाई की व्यवस्था नहीं सुधरी। गंदगी के कारण संक्रमण का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल सफाई अभियान चलाने की मांग की है ताकि मरीजों को स्वच्छ वातावरण मिल सके।

## आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** गोमांस बिक्री एवं गोहत्या से संबंधित वायरल मामले में आरोपी शोएब खां की जमानत न्यायाधीश मदनसिंह चौधरी द्वारा खारिज कर दी गई। यह मामला हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो से जुड़ा है। जिसमें गोहत्या और गोमांस बि ी से संबंधित गतिविधियों की चर्चा सामने आई थी। उक्त मामले में पुलिस द्वारा मामला दर्ज करवाया गया था। अधिवक्ता सत्यवानसिंह राजपुरोहित ने कोर्ट में प्रभावी पैरवी की। अदालत ने प्रस्तुत साक्ष्यों और प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की जमानत याचिका नामंजूर कर दी।

## शिक्षकों ने मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बड़गांव।** राजस्थान प्राथमिक शिक्षक संघ (लेवल प्रथम) की जिला कार्यकारिणी ने पदोन्नति अभियान-सेवा का सम्मान के तहत कलक्टर प्रदीप के. गावंडे व जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा) मुनेश कुमार मीणा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रोबेशन पूर्ण शिक्षकों का स्थायीकरण, बीएड रहित पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करने,



इंटरनशिप अवधि में वेतन कटौती आदेश रद्द करने तथा तृतीय श्रेणी अध्यापक स्थानांतरण प्र या शीघ्र खोलने की मांग की गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष मुकेश विश्नोई, सचिव सुमित कुमार, प्रवक्ता मंगी भरतकुमार, रविन्द्र शर्मा सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

## जैन संतों के विहार, ठहरने आदि को भूमि आवंटन समिति गठित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जैन संतों व श्रमणों (साधु/साध्वियों) के विहार, ठहरने व प्रवचनों आदि के लिए भूमि आवंटन के लिए समिति का गठन किया गया है।जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एजाज अहमद ने बताया कि राज्य सरकार के 100 दिवसीय संकल्प पत्र में 'हम जैन संतों के चातुर्मास के लिए भूमि आवंटित करेंगे एवं पर्याप्त प्रोटेक्शन प्रदान करेंगे' समाहित के निमित्त जिला कलक्टर द्वारा जैन संतों व श्रमणों (साधु/साध्वियों) के विहार, ठहरने व प्रवचनों आदि के लिए विभिन्न स्थानों पर भूमि आवंटित करवाए जाने के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर जालोर की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। समिति में संबंधित उपखण्ड अधिकारी व तहसीलदार सदस्य होंगे तथा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सदस्य सचिव होंगे साथ ही अध्यक्षानुसार अन्य आमंत्रित सदस्य भी होंगे। उन्होंने बताया कि समिति जैन समुदाय के संस्थाओं व ट्रस्टों से प्राप्त आवेदनों व प्रस्तावों का गहन परीक्षण तथा विहार, भ्रमण व चातुर्मास के दौरान विहार, ठहरने व प्रवचनों आदि के लिए विभिन्न स्थानों पर भवन व्यवस्था/भूमि आवंटन कार्रवाई के लिए जिला कलक्टर को अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करेगी।

# रबी की बुवाई: खेतों में होगी उम्मीदों की हरियाली

## जिले में रबी सीजन की बुवाई ने उम्मीदों से ज्यादा रफ्तार पकड़ी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** इस वर्ष जिलेभर में अच्छी बारिश होने से किसानों में खुशी है। किसान खेतों में जुताई-बुवाई करने में जुट गए हैं। वहीं कृषि विभाग ने भी तैयारी कर ली है। मौसम सर्द होने के साथ ही किसानों की ओर से खेतों में हल चल शुरु हो गई है। जिले में रबी सीजन में गेंहू, चना, सरसों, जीरा एवं जौ की बोवनी ने इस बार उम्मीदों से ज्यादा रफ्तार पकड़ ली है। हालांकि जिले में कई स्थानों पर बुवाई हो गई है तो कई स्थानों पर बुवाई चल रही है। हालांकि इस समय खेतों में किसानों की चहल.पहल, ट्रैक्टरों की आवाज और सिंचाई की धारें इस बात का संकेत दे रही हैं कि जिले में खेती का रबी पर्व चरम पर है। मौसम के ठंडा होने और मिट्टी में पर्याप्त नमी के चलते किसानों ने गेहूं, चना, सरसों, जीरा और जौ जैसी प्रमुख फसलों की बुवाई जोरों पर शुरू कर दी है।



### अब तक इतने हैक्टेयर में हुई बुवाई

जिले में कृषि विभाग की ओर से गेहूं की 40 हजार हैक्टेयर में बुवाई का लक्ष्य रखा गया है। जिसके तहत अब तक 22 हजार 70 हैक्टेयर में बुवाई हुई है। इसी तरह चने का 5000 हैक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें करीब 4500 हैक्टेयर में बुवाई हो चुकी है। सरसों में 25 हजार के लक्ष्य के अनुरूप 23 हजार 100 हैक्टेयर में बुवाई हो गई है। जीरा का लक्ष्य सात हजार रखा गया है। जिसके तहत 4200 हैक्टेयर में बुवाई हो गई है। जौ का लक्ष्य 1000 हैक्टेयर रखा गया है। जिसके तहत करीब दौ सौ हैक्टेयर तक बुवाई कर दी है।



### सीड ड्रिल पद्धति से बुवाई

वर्तमान समय में कम लागत एवं एक क्यारी में धान की फसल उंगाने के लिए किसान अब सिडल सीड ड्रिल पद्धति से बुवाई कर रहे है। यह एक आधुनिक कृषि विधि है। जिसमें सीड ड्रिल मशीन का उपयोग करके बीजों को एक निश्चित गहराई और दूरी पर कतारों में बोया जाता है। यह पारंपरिक तरीकों की तुलना में बीज और खाद की खपत को कम करती है, समय और लागत बचाती है, और अच्छी उपज देती है। इस प्रक्रिया में खेत तैयार करने के बाद ट्रैक्टर की मदद से सीड ड्रिल मशीन से बीज बोए जाते हैं, जो बीज और खाद को सही अनुपात में मिट्टी में डालते हैं।

### जिले में गेंहू की अच्छी पैदावार की उम्मीद

*जिले के किसान बताते हैं कि वर्षा ने खेतों की नमी को बरकरार रखा है। मिट्टी की हालत बेहद अच्छी है, सिंचाई की जरूरत कम पड़ रही है। अगर दिसंबर में ठंड स्थिर रही तो गेहूं की फसल बहुत अच्छी होगी। कुओं, नदी, नालों एवं सिंचाई योजनाओं से पर्याप्त पानी की उपलब्धता होने के कारण किसान समय से बुवाई कर पा रहे हैं।*

# विद्यार्थियों ने देखा माउंट का संग्रहालय



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालन्द्री।** नवोदय विद्यालय में जनजातीय गौरव पखवाड़ा के तहत विद्यालयों ने राजकीय संग्रहालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। जिसमें विद्यार्थियों ने आदिवासियों के रहन-सहन , पहनावा एवं उनकी जीवन शैली को देखा। माउंट आबू में प्रमुख पर्यटन क्षेत्र का भी विजिट किया। नक्की लेक पर सांसद लुंबाराम चौधरी के सानिध्य में वंदेमातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। भरतलाल मीणा, श्रीमती नीरज, तामलराम, ममता मौजूद थे।

# बालिकाओं को दिया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। कालिका पेट्रोलिंग टीम की महिला कांस्टेबल रुकमणि विश्नोई, दिव्या रावल वह सोहनलाल विश्नोई ने बालिकओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया। सोशल मीडिया से दूर रहने को प्रेरित किया। राजकीय एवं कानूनी अधिकारों, छात्राओं की सुरक्षा अधिकारों के बारे में जानकारी दी। कार्यवाहक प्रधानाचार्य श्रीमती राधा जीनगर, व्याख्यता करनाराम, जितेंद्र कुमार, ममता नागर, नरसाराम, विक्रम कुमार, मीना समेत बालिकाएं मौजूद थी।

# असिस्टेंट प्रोफेसर चौधरी को मिली विद्या वाचस्पति में पीएचडी की उपाधि



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजकीय महाविद्यालय में भूगोल विषय में पदस्थापित असिस्टेंट प्रोफेसर खेमराज चौधरी को सिरोही जिले के कृषि क्षेत्र में उच्च अध्ययन व शोध के लिए जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ उदयपुर डीम्डटूबी विश्वविद्यालय की ओर से डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोध कार्य सिरोही जिले में कृषि विकास के बदलते आयाम एवं उसका आर्थिक विकास पर प्रभाव एक भौगोलिक विश्लेषण विषय पर सुपरवाइजर डॉ मानसिंह चुंडावत के निर्देशन में पूर्ण किया है। जिसके तहत विगत दो दशकों में सिरोही जिले के कृषि क्षेत्र के भूमि उपयोग प्रतिरूप, फसल प्रतिरूप, शस्य गहनता, फसल उत्पादन, उत्पादकता व संयोजन, कृषि वाणिज्यीकरण व विकास के स्तर में आए बदलावों एवं उसका क्षेत्र के आर्थिक विकास पर पड़े प्रभावों का अध्ययन तहसील स्तर पर किया गया है। मूलतः रेवदर तहसील के कोटड़ा गांव जेतावाड़ा के निवासी चौधरी ने अपनी स्नातक डिग्री राजकीय महाविद्यालय सिरोही एवं अधिस्नातक की डिग्री राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर से की है। चौधरी ने अपनी यह उपाधि अपने माता. पिता एवं गुरुजनों को समर्पित की।

# जीवन जीने की कला सिखाता है स्काउट गाइड: देवासी

## राज्यमंत्री देवासी ने स्काउट कार्यालय में छह कमरों का किया लोकार्पण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** स्काउट गाइड जिला मुख्यालय में विधायक मद से बने छह कमरों का लोकार्पण गुरुवार को राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने किया। देवासी ने कहा कि स्काउट गाइड स्वयं सेवकों को जीवन जीने की कला सिखाता है। इससे जुडकर बालक बालिकाओं मे अनुशासन एवं सेवा की भावना बड़ों का आदर करना और टीम भावना से कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। राज्यमंत्री ने कहा की स्काउट मुख्यालय पर अब भौतिक सुविधाएं हो रही है। उन्होंने दो और कमरें बनाने के लिए सात लाख की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित ने कहा कि स्काउट गाइड जिला मुख्यालय पर भौतिक सुविधाएं बहुत हुई हैं। इसके लिए राज्यमंत्री देवासी एवं सांसद चौधरी को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि स्काउट गाइड हमेशा सेवा के लिए तैयार रहते हैं। शुभारंभ सीओ एमआर वर्मा ने की। अतिथियों को ढाल तलवार और स्मृति चिन्ह भेंट कर



स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि जिला महामंत्री गणपतसिंह राठौड़, पूर्व सभापति ताराराम माली, चिराग रावल, गोपाल माली मौजूद रहे। मुख्य अतिथि देवासी ने देवनारायण आवासीय विद्यालय की 5 गाइड्स को स्काउट गाइड जिला मुख्यालय द्वारा निःशुल्क स्काउट गाइड पोशाक वितरण की गई। ईश्वरलाल पुरोहित, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा जब्बरसिंह राव, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शिवगंज घनश्यामसिंह, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रेवदर अमृतलाल माली, संतोष आर्य, हीरा खत्री,



मंछाराम, जोगाराम सोलंकी, बाबूलाल सैनी, प्रतापराम प्रजापत, कमल किशोर पुरोहित, लीडर स्काउट देवेंद्र गग, दिगंबरसिंह चौधरी, प्रकाश पूरी, तोलाराम, किशनलाल देवासी, मोहित अग्रवाल, रोहित कुमार, जितेन्द्र कुमार, दृष्टि पांडे एवं कोमल कुमारी का सहयोग रहा।

# एक लाख श्रमिक जयपुर सड़कों पर करेंगे विरोध : माली



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** भारतीय मजदूर संघ राजस्थान प्रदेश के आह्वान पर 26 दिसम्बर को प्रस्तावित श्रमिक हुंकार रैली के बैनर का विमोचन पर अम्बेडकर सर्कल पर मजदूर संघ तहसील सिरोही के कार्यकर्ता के उपस्थिती में प्रदेश मंत्री मोहनलाल माली ने किया। माली ने बताया कि सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियां इसमें पुरानी पेंशन बंद करने का प्रावधान, राज्य मे न्युनतम वेतन, सामाजिक सुरक्षा आदि मांगो पर सरकार की श्रमिक विरोधी निती है। जिससे प्रदेश के श्रमिकों मे भारी रोष व्याप्त है, सरकार कि नितीयों का जयपुर मे एक लाख से अधिक श्रमिक विरोध प्रदर्शन करते हुए सरकार को चेतावनी देगी। इस अवसर मे प्रदेश मंत्री मोहन माली, वृत संरक्षक रमेशचन्द माली, वृत कार्यलय मंत्री अशोक कुमार मीणा, दिनेश कुमार चौहान, जितेंद्र कुमार डांगी, सचिन गर्ग, दलपतसिंह परमार, धर्मेन्द्रसिंह, हिम्मत माली, हनुमान,जगदीश कुमार, भावेश देवासी, कमलेश कुमार, तलसाराम माली, दिपेश रावल, रमेश मीणा, सेवानिवृत्त के जोगाराम माली आदि शामिल हुए।

# माधव विश्वविद्यालय में स्वास्थ्य सेवाओं में नवाचार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** माधव विश्वविद्यालय के फिजियोथेरेपी संकाय द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में नवाचार चिकित्सा शिक्षा एवं अभ्यास में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका विषय पर सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का सफल आयोजन किया जा रहा है। संचालन अधिष्ठाता (व्यवसाय) डॉ. अरुणाचल रामचंद्रन के नेतृत्व में हुआ। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का भविष्य तकनीक और मानवीय संवेदनाओं के संतुलन पर निर्भर है। जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। होम्योपैथी संकाय के डॉ रुद्रप्रतापसिंह, औषधि विज्ञान संकाय के डॉ सुशील भार्गव, नर्सिंग संकाय के डॉ. जितेन्द्र पुजारी, तथा फिजियोथेरेपी विभाग के डॉ. आनंदन डी, डॉ. गिरीश बलधा, डॉ. वैभव दवे और डॉ. हेमंत कुमार ने विषय विशेषज्ञ के रूप में सत्रों का संचालन किया। वक्ताओं में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा से डॉ. सुमित मलेक, स्वास्थ्य विज्ञान विवि जयपुर से डॉ. अपराजिता चौहान, आईआईएस विवि जयपुर से डॉ. सोनम वर्मा, एसवीवाईएएसए विवि कर्नाटक से डॉ. सुरभि गौड़, सीवीएम विवि गुजरात से डॉ. पंकज सोनी, तथा केएनआरयूएचएस विवि तेलंगाना से डॉ. शिवानी वाधवा ने अपने विचार प्रस्तुत किए। समापन सत्र में सभी वक्ताओं को सम्मानित किया गया और प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। डॉ. अरुणाचल रामचंद्रन ने कहा कि ऐसे आयोजन शिक्षकों को नवीन तकनीक और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं।

# रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** माधव विवि के शारीरिक शिक्षा विभाग में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुभारंभ विभागाध्यक्ष डॉ. भरत कुमार चौधरी ने दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे। जिन्होंने समाज में चेतना, समानता और आत्मसम्मान का संदेश दिया। उनके जीवन से आज की युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। रंग-बिरंगी कलात्मक प्रस्तुतियों ने विभागीय परिसर को देशभक्ति और संस्कृति के रंगों से सजाया। संचालन सिद्धार्थसिंह और डॉ. उर्वशी पटेल ने किया। आयोजन में डॉ. विष्णु चौधरी, डॉ. चिंतन पटेल, डॉ. नियंता जोशी, डॉ. कुणाल सेठी, डॉ. संतोष जोशी,



डॉ. धरती सवानी और मुकेश कुमार सहित विभाग के शिक्षक उपस्थित रहे। अंत में विभागाध्यक्ष डॉ. चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और राष्ट्रीय चेतना के संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# महिलाओं की सुरक्षा समाज के हर वर्ग की सामूहिक जिम्मेदारी : सावित्री आनंद

## » महिला लैंगिक उत्पीड़न के तहत जागरुकता कार्यक्रम



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष एवं सेशन न्यायाधीश रुपा गुप्ता के निर्देश पर गुरुवार को प्राधिकरण की सचिव श्रीमती सावित्री आनंद निर्भीक की ओर से जिला परिषद सभागार में कार्य-स्थल पर महिलाओं के प्रति लैंगिक उत्पीड़न को लेकर जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना था। सचिव सावित्री आनंद ने कहा कि पोश एक्ट 2013 महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण कानूनी सुरक्षा कवच है। जो उन्हें कार्यस्थलों पर होने वाले किसी भी प्रकार के लैंगिक उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान करता है। प्रत्येक संस्था, सरकारी या निजी, में आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाना अनिवार्य है। ताकि महिलाएं बिना भय के अपनी शिकायत दर्ज करा सकें। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा केवल कानूनी व्यवस्था का दायित्व नहीं है, बल्कि यह समाज के हर वर्ग की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस, वन विभाग, शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, स्थानीय प्रशासन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, महिला समूह प्रतिनिधि समेत अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। उपस्थित महिला अधिकारियों ने अपने कार्य स्थल का अनुभव साझा कर एक्ट की जानकारी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने की प्रि`या समझाई गई। महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से तैयार की गई एक विशेष पुस्तक महिलाओं के विरुद्ध अपराधों से संबंधित कानूनों का संक्षिप्त वर्णन का विमोचन किया गया। इस दौरान महिला एवं बाल अधिकारिता विभाग की अध्यक्ष सुश्री अंकिता राजपुरोहित, सुश्री अनुराधा, डॉ सीमा वार्षणे, श्रीमती निर्मला आचार्य तथा सुश्री नेहा राठौड़ समेत कई जने मौजूद थे।

# भाजपा कार्यकर्ता एसआइआर में सजग रहकर राष्ट्रीय हित में निभाएं अपनी भूमिका : राज्यमंत्री देवासी

## एसआइआर को लेकर भाजपा की विधानसभा क्षेत्र स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** रामपुरा मार्ग स्थित वैद्यनाथ महादेव मन्दिर परिसर में गुरुवार को भाजपा सिरोही की ओर से मतदाता गहन पुनरीक्षण को लेकर सिरोही-शिवगंज विधानसभा व पिंडवाड़ा-आबू विधानसभा स्तरीय संयुक्त कार्यशाला भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ रक्षा भंडारी की अध्यक्षता व राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित के सानिध्य आयोजित की गई। जिसमें राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने कार्यकर्ताओं से मतदाता सूची को शुद्ध, त्रुटि रहित और पारदर्शी बनाने में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। कार्यशाला में कार्यकर्ताओं की ओर से मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान को सफल का संकल्प लिया। देवासी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता एसआईआर में सजक रहकर राष्ट्रीय हित में अपनी भूमिका निभाए। यह देश को मजबूत करने का अभियान है इसके लिए कार्यकर्ता घर घर संपर्क कर लोगों की समस्याओं को दूर करने में सहयोग करे।





### मतदाता सत्यापन अभियान संगठन की सजगता का प्रतीक : डॉ भंडारी

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ रक्षा भंडारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में वास्तविक, पुराने एवं योग्य मतदाताओं को मतदाता सूची में सम्मिलित करवाने तथा फर्जी, मृत या दोहराए गए नामों को हटवाने के कार्य में सर्ि य भूमिका निभाए। यह पहल न केवल मतदाता सत्यापन अभियान का अंग है, बल्कि लोकतंत्र की पवित्रता और संगठन की सजगता का प्रतीक भी है।

*जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, प्रदेश कार्य समिति सदस्य वीरेंद्रसिंह चौहान, भाजपा जिला महामंत्री व पिंडवाड़ा प्रभारी गणपतसिंह राठौड़, पूर्व जिलाध्यक्ष कमलेश दवे, प्रधान हंसमुख कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने एसआईआर अभियान चलाकर लोकतंत्र को मजबूत करने का ऐतिहासिक कदम है। मतदाता लोकतंत्र की आत्मा है। इसलिए सभी कार्यकर्ताओं को मंडल व बूथ स्तर पर बैठकर करके एसआईआर की जानकारी व*

### करना है लोगों की समस्याओं को दूर करने का कार्य

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रोहित खत्री ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से गिरीश देवड़ा व उनके सहयोगियों के माध्यम से एसआईआर के बारे में विस्तृत जानकारी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी को दी। भाजपा जिला महामंत्री व सिरोही प्रभारी नरपतसिंह राणावत ने मंच संचालन किया। जिला महामंत्री रामलाल रनोरा ने सभी का आभार व्यक्त किया। जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा के जिला अध्यक्ष, भाजपा के जनप्रतिनिधि, पूर्व जनप्रतिनिधि, पूर्व पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, बीएलओ 1, बीएलओ2 व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सिंहस्थ कुंभ मेला : सीएम ने रखी विकास कार्यों की आधारशिला

# नासिक को बनाएंगे सुंदर और आधुनिक शहर : फडणवीस

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नासिक।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नासिक शहर में 5,657 करोड़ 89 लाख रुपए के विकास कार्यों की आधारशिला रखी। ये विकास कार्य नासिक-त्र्यंबकेश्वर कुंभ मेला प्राधिकरण, नासिक नगर निगम और लोक निर्माण विभाग द्वारा आगामी सिंहस्थ कुंभ मेले के लिए किए जाएंगे। फडणवीस ने आश्वासन दिया कि सिंहस्थ कुंभ मेले के कार्य गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी तरीके से किए जाएंगे और नासिक को एक सुंदर और आधुनिक शहर बनाया जाएगा। फडणवीस ने कहा कि इस बार कुंभ मेले में पिछली बार की तुलना में पांच गुना अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। श्रद्धालुओं की व्यवस्था, सुरक्षा, पर्वस्नान और अमृतस्नान की योजना और श्रद्धालुओं को आध्यात्मिकता का अनुभव प्रदान करने के लिए विशेष प्रयास करने होंगे, जो इस उत्सव का मूल है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकारों के माध्यम से नासिक में 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक के कार्य शुरू किए जा रहे हैं। कुंभ मेले तक यह राशि 25,000 करोड़ रुपए तक पहुंचने की संभावना है और बड़ी मात्रा में बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जाएगा। सरकार के सभी विभागों के समन्वय से, बड़े पैमाने पर काम शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा कि नासिक और त्र्यंबकेश्वर के नागरिकों ने भी इसमें सहयोग किया है। कुंभ मेले के लिए सड़कों, राजमार्गों, पेयजल योजनाओं की मरम्मत, गोदावरी की पवित्रता बनाए रखने, अच्छे घाटों का निर्माण, पुराने मंदिरों के पुनरुद्धार और गोदावरीघाट के प्राचीन स्वरूप को बनाए रखने के साथ-साथ विकास कार्यों पर भी ज़ोर दिया जा रहा है।

### संतों के मार्गदर्शन और नागरिकों के सहयोग से कुंभ पर्व बनेगा सफल



### बारह सौ एकड़ भूमि का अधिग्रहण

कुल बारह सौ एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है और उस पर कुंभ का आयोजन किया जा रहा है। यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है कि भविष्य में भी कुंभ के आयोजन में कोई समस्या न आए। फडणवीस ने आश्वासन दिया कि कुंभ मेले के ये सभी कार्य पारदर्शी तरीके से किए जाएंगे।

### नासिक को विश्व मानचित्र पर स्थापित करेगा 'कुंभ मेला' : शिंदे



उपमुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि सिंहस्थ कुंभ मेला नासिक की सूरत बदल देगा और शहर का योजनाबद्ध तरीके से विकास होगा। इस संबंध में प्रशासन ने अच्छी तैयारियां की हैं। राज्य सरकार ने कुंभ मेले को सफल बनाने के लिए बहुत पहले से तैयारियां शुरू कर दी हैं। यह आयोजन विश्व मानचित्र पर नासिक की एक पहचान बनाएगा। कुंभ पर्व नासिक को एक सुंदर और आधुनिक शहर बनाने का एक अवसर है। सुरक्षा के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल किया जाएगा। गोदावरी को दक्षिण गंगा कहा जाता है और विकास कार्यों के उद्घाटन के माध्यम से नासिक शहर में विकास की गंगा प्रवाहित हो रही है।

### 75 वर्षोपरांत त्रिखंड योग

यह कुंभ पर्व विशेष है क्योंकि सिंहस्थ कुंभ मेले में 75 वर्षों के बाद त्रिखंड योग एक साथ आया है और यह 28 महीने तक चलेगा। इस कुंभ में 40 से 42 पर्वस्नान और एक महत्वपूर्ण अमृतस्नान आयोजित किया जाएगा। देश में सांस्कृतिक पुनरुत्थान के अभियान की झलक प्रयागराज कुंभ मेले में दिखाई दी। कुंभ की इसी परंपरा में नासिक और त्र्यंबकेश्वर का कुंभ मेला महत्वपूर्ण माना जाता है।

### इनकी रही उपस्थिति

ठक्कर मैदान में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, कुंभ मेला मंत्री गिरीश महाजन, स्कूली शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे, खेल मंत्री मणिकराव कोकाटे, सांसद राजाभाऊ वाजे, सांसद शोभा बच्छाव, मुख्य सचिव राजेश कुमार और नगर विकास विभाग के अतिरिक्त सचिव गोविंदराज (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से), जिला संरक्षक सचिव एकनाथ दावले, नासिक-त्र्यंबकेश्वर सिंहस्थ कुंभ मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण गेडाम, आयुक्त शेखर सिंह आदि उपस्थित थे।

### रामकाल पथ का शिलान्यास

**नासिक।** केंद्र सरकार के पर्यटन मंत्रालय के माध्यम से 'पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता' योजना के अंतर्गत 99 करोड़ 14 लाख रुपए की लागत से रामकुंड सहित क्षेत्र में बनने वाले रामकाल पथ का आज मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शिलान्यास किया। नासिक के रामकुंड क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, आपदा प्रबंधन मंत्री गिरीश महाजन, स्कूल शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे, खेल मंत्री एडवोकेट माणिकराव कोकाटे, विधायक एडवोकेट राहुल ढिकले, विधायक दिलीप बनकर, विधायक देवयानी फरांदे, विधायक सीमा हिरे, विभागीय आयुक्त डॉ. प्रवीण गेडाम, नासिक त्र्यंबकेश्वर कुंभ मेला प्राधिकरण आयुक्त शेखर सिंह, पुलिस आयुक्त संदीप कर्णिक, मनपा आयुक्त मनीषा खत्री, जिलाधिकारी आयुष प्रसाद, कुंभ मेला अतिरिक्त आयुक्त कल्पना नायर, सहायक जिलाधिकारी अर्पिता ठुबे और अन्य उपस्थित थे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने संकल्पना चित्रों और प्रतिकृतियों के माध्यम से रामकाल पथ के बारे में जानकारी प्राप्त की। रामकाल पथ परियोजना के माध्यम से, रामकुंड मार्ग, रामकाल पथ पर स्थित संपूर्ण संरचना का संरक्षण किया जाएगा, अग्रभागों का जीर्णोद्धार किया जाएगा और पर्यटकों के लिए बुनियादी सुविधाओं में सुधार किया जाएगा। मुख्यमंत्री फडणवीस ने यह भी कहा कि इस परियोजना के माध्यम से रामकुंड, सीता गुफा, कालाराम मंदिर, राम लक्ष्मण गुफा और अन्य ऐतिहासिक मंदिर क्षेत्रों का आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व श्रद्धालुओं तक पहुंचाया जाएगा।



## नासिक जिला परिषद के नए भवन का उद्घाटन

**नासिक।** नासिक जिला परिषद भवन राज्य का सबसे बड़ा और सबसे सुंदर भवन है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विश्वास व्यक्त किया कि यह भवन आम आदमी को बहुत अच्छा और गतिशील शासन प्रदान करेगा। वे नासिक-त्र्यंबकेश्वर मार्ग पर एबीबी सर्कल के पास निर्मित जिला परिषद के नए प्रशासनिक भवन के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, जल संसाधन मंत्री गिरीश महाजन, स्कूली शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री एडवोकेट माणिकराव कोकाटे, खाद्य एवं औषधि प्रशासन मंत्री नरहरि झिरवाल आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, "यह भवन राज्य के जिला परिषद भवनों में सबसे सुंदर बन गया है। इसलिए, जिले के मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों, जिला परिषद अधिकारियों और पदाधिकारियों को बधाई दी जानी चाहिए।" उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सर्वसुविधायुक्त सुविधाओं से युक्त यह भवन आम लोगों को सुविधा प्रदान करेगा। कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष व पदाधिकारी, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव एकनाथ डवले, विभागीय आयुक्त डॉ. प्रवीण गेडाम, जिलाधिकारी आयुष प्रसाद, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओंकार पवार सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।



### वंदे मातरम् के 150 वर्ष

## राष्ट्रगीत नहीं राष्ट्र-प्रेरणा का अमर उत्सव

**फणसवाड़ी स्थित बालाजी मंदिर में सामूहिक "वंदे मातरम्" गान 16 को**




सुरेश पाड़ीव/जागरूक टाइम्स

**मुंबई।** राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना को समर्पित "वंदे मातरम्" के 150 गौरवशाली वर्षों का उत्सव इस रविवार, 16 नवंबर को मुंबई में भव्य रूप से मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम फणसवाड़ी, दादीसेठ अगियारी लेन स्थित बालाजी मंदिर में सुबह 10 बजे से आरंभ होगा। इस अवसर पर सामूहिक "वंदे मातरम्" गान के माध्यम से देशभक्ति का अनूठा संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्र चेतना और सामाजिक एकता के प्रतीक आकाश राज पुरोहित द्वारा किया जा रहा है, जिन्होंने इस ऐतिहासिक अवसर पर अधिक से अधिक लोगों से जुड़ने और एक स्वर में "वंदे मातरम्" गाकर मातृभूमि को नमन करने का हार्दिक निमंत्रण दिया है। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल "वंदे मातरम्" के 150 वर्षों की गौरवगाथा को पुनर्जीवित करना है, बल्कि युवाओं में राष्ट्रीय चेतना, संस्कृति और एकता के मूल भाव को सशक्त करना भी है। इस कार्यक्रम में सभी आयु वर्ग के नागरिकों, छात्रों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और सांस्कृतिक संस्थाओं से बड़ी संख्या में भाग लेने की अपेक्षा है। देशभक्ति के सुरों से गूंजने वाला यह आयोजन मुंबई की सांस्कृतिक धारा में एक अविस्मरणीय क्षण बनने जा रहा है।



"वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, यह हर भारतीय की आत्मा में बसने वाली भावना है। इस अमर रचना ने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आज तक राष्ट्र को एक सूत्र में बांधे रखा है।"
**- आकाश राज पुरोहित**

### पानीपुरी बेचने वाले को तीन लाख में बेचा फुटपाथ

**मुंबई।** मुंबई के मुलुंड इलाके में एक अजीब मामला सामने आया है जहां एक पानीपुरी विक्रेता को फुटपाथ बेचने के नाम पर ठग लिया गया। पीड़ित संतोष बच्छुलाल गुप्ता ने आरोप लगाया है कि एक स्थानीय नेता ने उनसे 2023 में फुटपाथ का एक हिस्सा 3 लाख रुपए में बेचने का सौदा किया था। गुप्ता के मुताबिक, उन्होंने 50 हजार रुपए नकद और 2.5 लाख रुपए आरटीजीएस के जरिए दिए। लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी उन्हें न तो फुटपाथ मिला और न ही पैसे लौटाए गए। बाद में गुप्ता को पता चला कि जिस जगह का सौदा किया गया, वह असल में बृहन्मुंबई महानगरपालिका की संपत्ति है। जब गुप्ता ने पैसे वापस मांगने पर नेता ने उन्हें एक पुराना चैक दिया जो बाउंस हो गया। गुप्ता ने बताया कि उन्होंने यह पैसे बैंक से कर्ज लेकर और अपनी मां के गहने गिरवी रखकर जुटाए थे। फिलहाल पुलिस ने गुप्ता से कहा है कि जांच शुरू करने से पहले उन्हें कोर्ट का आदेश लाना होगा।

## फॉम एवं आईएमसी की बैठक



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** फैडरेशन ऑफ एसोसिएशन्स ऑफ महाराष्ट्र (फाम) की टीम ने इंडियन मर्चेंट्स चैंबर (आईएमसी) की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती सुनीता रमणाथकर एवं उनकी टीम से मुलाकात की। यह बैठक अत्यंत सौहार्दपूर्ण और सार्थक रही, जिसमें व्यापारियों के हितों की रक्षा, उद्योग जगत के सशक्तिकरण एवं आपसी सहयोग को बढ़ाने जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर उपयोगी चर्चा हुई। दोनों संस्थाओं ने परस्पर सहयोग के अनेक अवसरों की पहचान की और साझा प्रयासों के माध्यम से उद्योग जगत को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। फाम को विश्वास है कि इस संवाद से अनेक सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे, और भविष्य में आईएमसी के साथ सहयोगपूर्ण संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। इस अवसर पर अजित मंगरुलकर (डायरेक्टर जनरल- आईएमसी), संजय मेहता (डिप्टी डायरेक्टर जनरल, आईएमसी), रसेश आर. दोशी (वाइस प्रेसिडेंट, फाम), प्रितेश के. शाह (डायरेक्टर जनरल, फाम), श्रीमती सुनीता रमणाथकर (प्रेसिडेंट, आईएमसी), जितेंद्र एम. शाह (प्रेसिडेंट, फाम), श्रीमती शीतल कालरो (डिप्टी डायरेक्टर जनरल, आईएमसी) एवं सुश्री वनीता घुगे (डायरेक्टर स्ट्रेटेजी एवं एंगेजमेंट-आईएमसी उपस्थित रहे।

### गुणगौरव समारोह 2025

## एड. रोहित विजय जाधव को वसंतस्मृति आदर्श शिक्षण संस्थाचालक पुरस्कार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भिवंडी।** भाजपा शिक्षक आघाडी, कोंकण प्रभाग द्वारा कोंकण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधायक एड. निरंजन डावखरे की संकल्पना से आयोजित कार्यक्रम में पद्मश्री आण्णासाहेब जाधव भारतीय समाज उन्नति मंडल के ट्रस्टी एवं महासचिव एड. रोहित विजय जाधव को वसंतस्मृति आदर्श शिक्षण संस्थाचालक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान महाराष्ट्र विधान परिषद के पूर्व उपसभापति स्व. वसंतराव डावखरे की स्मृति में ठाणे में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। पुरस्कार पूर्व सांसद विनय सहस्त्रबुद्धे ने विधायक संजय केलकर, शिक्षक विधायक ज्ञानेश्वर मात्रे, विधायक निरंजन डावखरे और पद्मश्री आण्णासाहेब जाधव शैक्षणिक संस्थान के अध्यक्ष विजय जाधव की उपस्थिति में दिया। इस अवसर पर कोंकण प्रभाग के 10 संस्थाचालक, 115 शिक्षक और 25 शिक्षकेतर कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। एड. रोहित जाधव, शिक्षा महर्षि पद्मश्री आण्णासाहेब जाधव की शैक्षणिक विरासत को आगे बढ़ाने वाली तीसरी पीढ़ी के रूप में संस्था प्रबंधन में कम उम्र से ही सक्रिय हैं।



### मीरा-भायंदर : सरकार आपके द्वार

## मंत्री गणेश नाईक करेंगे जनता की समस्याओं का समाधान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मीरा-भायंदर के भाजपा विधायक नरेंद्र मेहता ने पत्रकार परिषद के माध्यम से बताया कि प्रदेश के वन मंत्री गणेश नाईक शनिवार मीरा-भायंदर शहर में एक जनता दरबार का आयोजन करेंगे। मेहता ने बताया कि अब सरकार आपके द्वार पर है जिसके माध्यम से पहल के तहत मीरा-भायंदर शहर के नागरिकों को सरकारी योजनाओं, गतिविधियों और सेवाओं का लाभ उठाने का अवसर मिलेगा। वहीं मंत्री के समक्ष जनता द्वारा उठाई गई समस्याओं का शीघ्रातिशीघ्र समाधान किया जा सकेगा। मंत्री गणेश नाईक का यह जनता दरबार 15 नवंबर शनिवार को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक अप्पासाहेब धर्माधिकारी हॉल, सेवन स्क्वेयर स्कूल के सामने, दीपक हॉस्पीटल रोड, मीरा रोड (पूर्व) में आयोज्य है। बता दें कि महाराष्ट्र प्रदेश सरकार में वन मंत्री गणेश नाइक को पार्टी ने सात जिलों का प्रभारी बनाया है, जिनमें ठाणे भी शामिल है।



### 65 वर्षीय सेवानिवृत्त अधिवक्ता से 9 .94 करोड़ की ठगी

**मुंबई।** साइबर धोखाधड़ी के एक चौंकाने वाले मामले में, मुंबई के एक 65 वर्षीय सेवानिवृत्त पेशेवर और अधिवक्ता को आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड के अधिकारी बनकर धोखेबाजों के एक समूह ने लगभग 9.94 करोड़ की ठगी कर ली। पीड़ित घनश्याम मच्छिंद्र म्हात्रे द्वारा विस्तृत शिकायत दर्ज कराने के बाद पूर्वी क्षेत्र साइबर पुलिस ने दस अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। एलएंडटी के सेवानिवृत्त अधिकारी को फर्जी ट्रेडिंग ऐप के जरिए निशाना बनाया गया एफआईआर के अनुसार, लार्सन एंड टुब्रो में प्रशासन और औद्योगिक संबंध विभाग के पूर्व प्रमुख म्हात्रे अब एक कानूनी सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं। उन्हें एक महिला का व्हाट्सएप संदेश मिला, जिसने खुद को सुमन गुप्ता बताते हुए "एडमिन आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड" बताया।

## 'लैंडमार्क केयर्स' मोबाइल मेडिकल यूनिट सेवा का शुभारंभ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भिवंडी।** भिवंडी-निजामपुर शहर महानगरपालिका के वैद्यकीय आरोग्य विभाग और "लैंडमार्क केयर्स" के संयुक्त उपक्रमांतर्गत नागरिकों को मुफ्त व गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से "लैंडमार्क केयर्स मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू)" सेवा का शुभारंभ किया गया। यह सेवा लाइफस्टाइल ग्रुप के सहयोग से शुरू की गई है, जबकि पिरामल स्वास्थ्य इस परियोजना की कार्यान्वयन भागीदार संस्था है। उद्घाटन समारोह भिवंडी महानगरपालिका मैदान में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रशासक तथा आयुक्त अनमोल सागर, अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल डाके, वैद्यकीय आरोग्य अधिकारी डॉ. संदीप गाडेकर, लैंडमार्क ग्रुप की ओर से वैभव सावंत और संदीप कुरणे, वहीं पिरामल स्वास्थ संस्था की ओर से प्रमोद खरात, नीरजा वंकार, गणेश घुले और शैलेश अनाभावे उपस्थित थे। महानगरपालिका प्रशासक एवं आयुक्त अनमोल सागर ने बताया कि इस पहल के तहत भिवंडी क्षेत्र में कुल 22 स्थानों पर मोबाइल मेडिकल यूनिट्स नियमित रूप से स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगी। प्रत्येक यूनिट में एक डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट, स्वास्थ्य शिक्षक (हेल्थ एज्युकेटर) और पायलट नियुक्त रहेंगे, जो नागरिकों को संपूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। इन मोबाइल यूनिट्स के माध्यम से नागरिकों को असंक्रामक रोगों की जांच, आवश्यक दवाएं, परीक्षण, स्वास्थ्य संबंधी जागरुकता तथा जरूरत पड़ने पर उच्चस्तरीय अस्पतालों के लिए रेफरल सुविधा प्रदान की जाएगी। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाना और निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को प्रोत्साहित करना है। भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका की ओर से इस पहल का स्वागत किया गया है और नागरिकों से अपील की गई है कि वे "लैंडमार्क केयर्स" मोबाइल मेडिकल यूनिट सेवा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।



## आस्था के केंद्र में अव्यवस्था का आलम

सुरेश पाडीव/जागरूक टाइम्स

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के प्रसिद्ध कालबादेवी क्षेत्र में स्थित भूलेश्वर जहां सैकड़ों प्राचीन मंदिर हिंदू आस्था का प्रतीक हैं, आज ट्रैफिक जाम, अवैध टैक्सी पार्किंग और प्रशासनिक लापरवाही का केंद्र बन गया है। कॉटन एक्सचेंज, भूलेश्वर नुक्कड़ पर कंसारा चाल के बाहर रोजाना अवैध रूप से टैक्सियां खड़ी रहती हैं, जिससे पायधुनी की ओर से आने वाली बेस्ट की बसें आधा-आधा घंटा तक जाम में फंस जाती हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, ट्रैफिक पुलिस शायद ही कभी ड्यूटी पर नजर आती है। टैक्सी चालकों की मनमानी और सड़कों पर फैले अव्यवस्थित पार्किंग सिस्टम ने आम जनता का जीना दूभर कर दिया है। व्यवसायियों, दर्शनार्थियों और यात्रियों को हर दिन इस जाम से जूझना पड़ता है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। न ट्रैफिक पुलिस की गश्त बढ़ी है, न पार्किंग पर नियंत्रण हुआ है।



**भूलेश्वर की गलियां ट्रैफिक जाम और असंवेदनशीलता का अड्डा**

### श्रद्धालुओं की भावनाओं से खिलवाड़

सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि भूलेश्वर जिसका नाम ही "ईश्वर का वास" दर्शाता है, आज अराजकता का प्रतीक बनता जा रहा है। जहां भगवान के सैकड़ों मंदिर भक्तों की आस्था के केंद्र हैं, वहीं सुरती होटल के सामने और भोईवाड़ा की गलियों के बाहर खुलेआम अंडे-आमलेट की दुकानों की भरमार है। धार्मिक वातावरण और आस्था के क्षेत्र में इस तरह का अतिक्रमण स्थानीय श्रद्धालुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचा रहा है।

### पवित्रता बनाए रखना प्राथमिकता

भूलेश्वर, जो कभी भक्ति, संस्कृति और अनुशासन का प्रतीक था, अब ट्रैफिक अव्यवस्था, सड़क किनारे फैलते असामाजिक व्यापार और प्रशासन की नाकामी का शिकार बनता जा रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह क्षेत्र मुंबई का "धार्मिक धड़कन" है और इसकी पवित्रता व व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। भूलेश्वर केवल एक स्थान नहीं, यह ईश्वर में आस्था का जीवंत प्रतीक है इसे जाम, गंदगी और अव्यवस्था की भेंट नहीं चढ़ने देना चाहिए।

नगरपालिका और ट्रैफिक विभाग से नागरिकों ने मांग की है कि अवैध पार्किंग पर तत्काल रोक लगाई जाए, पुलिस की नियमित ड्यूटी सुनिश्चित की जाए और धार्मिक क्षेत्र की मर्यादा को बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।

## प्रताप सरनाईक ने किया विज्ञान केंद्र का उद्घाटन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मीरा-भायंदर।** हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे आर्ट गैलरी में महाराष्ट्र राज्य के परिवहन मंत्री और धाराशिव जिले के पालक मंत्री प्रताप सरनाईक की उपस्थिति में, 'विज्ञान केंद्र' का उद्घाटन आज बड़े उत्साह और प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक, निर्माता और अभिनेता मंगेश देसाई के हाथों से हुआ। आज के विज्ञान युग में, बच्चों की कल्पनाशीलता को प्रोत्साहित करने, उनकी जिज्ञासा को दिशा देने और शिक्षा व मनोरंजन का संगम बनाने वाला यह विज्ञान केंद्र मीरा-भायंदर शहर के लिए एक बेहतरीन शैक्षिक उपहार बन गया है। विज्ञान केंद्र का निर्माण "मनोरंजन से विज्ञान की यात्रा" की अभिनव अवधारणा पर आधारित है। इस केंद्र की स्थापना नई पीढ़ी को विज्ञान के आकर्षण को सहजता से समझाने और विज्ञान को डरावना बनाने के बजाय रोमांचक बनाने के उद्देश्य से की गई है। इस केंद्र में विभिन्न अत्याधुनिक डिजिटल और एआई-आधारित गतिविधियां शुरू की गई हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा, "आज की पीढ़ी डिजिटल है और अगर हम इससे संवाद करना चाहते हैं, तो विज्ञान और तकनीक सबसे प्रभावी माध्यम है। यह विज्ञान केंद्र बच्चों की शिक्षा में रुचि बढ़ाएगा और भविष्य के वैज्ञानिक, इंजीनियर और शोधकर्ता यहीं जन्म लेंगे। मीरा-भायंदर शहर में इस पहल ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत की है। यह मनोरंजन से लेकर विज्ञान तक, हर बच्चे तक ज्ञान का प्रकाश पहुंचाने का एक प्रयास है।" इस अवसर पर प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक, निर्माता और अभिनेता मंगेश देसाई ने कहा, "यह विज्ञान केंद्र रचनात्मकता, मनोरंजन और ज्ञान का एक सुंदर मिश्रण प्रस्तुत करता है। यह स्थान भविष्य का 'मिनी इसरो' साबित होगा, जो बच्चों को सीखने की नई प्रेरणा देगा।"





## श्रीरामचरितमानस

**कपिपति रीछ निसाचर राजा। अंगदादि जे कीस समाजा॥ बंदउं सब के चरन सुहाए। अधम सरीर राम जिन्ह पाए॥1॥**

**भावार्थ :** वानरों के राजा सुग्रीवजी, रीछों के राजा जाम्बवानजी, राक्षसों के राजा विभीषणजी और अंगदजी आदि जितना वानरों का समाज है, सबके सुंदर चरणों की मैं वदना करता हूं, जिन्होंने अधम (पशु और राक्षस आदि) शरीर में भी श्री रामचंद्रजी को प्राप्त कर लिया ॥1 ॥

# जागते रहो

जम्मू-कश्मीर को छोड़कर शेष देश पिछले लगभग एक दशक से आतंकी हमलों से करीब-करीब मुक्त था, लेकिन दिल्ली में लाल किले के निकट कार में हुए विस्फोट ने फिर से पुराने दौर की याद दिला दी, जब कुछ अंतराल पर एकल या श्रृंखलाबद्ध धमाकों से देश दहल जाता था। शेष देश में लंबे समय तक कोई बड़ी आतंकी घटना नहीं घटने से आम लोग निश्चिंत थे कि अब आतंकी हमले नहीं कर सकेंगे, लेकिन पिछले कुछ समय से कश्मीर घाटी से लेकर उत्तर प्रदेश के सहारनपुर, हरियाणा के फरीदाबाद, गुजरात और



दिल्ली तक बरामद विनाशकारी सामग्री तथा गिरफ्तार संदिग्ध आतंकवादियों के कारण उनकी चिंता फिर बढ़ गई है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पिछले कुछ समय से देश के कई हिस्सों से किसी न किसी आतंकी माड्यूल के पकड़े जाने की खबर आ रही है। पिछले दिनों ही गुजरात में हैदराबाद के एक डाक्टर को घातक रसायन बनाने की सामग्री और हथियारों के साथ पकड़ा गया। उसके दो साथी भी गिरफ्तार किए गए, जो उत्तर प्रदेश के हैं। इस साल अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने जब धर्म पूछकर 26 लोगों की हत्या की थी तो भारत ने इसके जवाब में ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी समूहों के मुख्य अड्डों को ध्वस्त कर सीमा पार आतंकवाद पर अब तक का सबसे बड़ा आघात किया था। लाल किला विस्फोट के तरीके और अब तक सामने आए षड्यंत्र की कहानी में छह वर्ष पहले पुलवामा हमले की जिहादी आतंक की कड़ी दिखती है। श्रीनगर में जैश-ए-मोहम्मद के समर्थन में पोस्टर लगने के बाद पुलिस ने आतंकवादियों के कुछ हमदर्द और पत्थरबाज गिरफ्तार किए। उनसे एक मौलवी का पता चला, जो संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त था। उससे पूछताछ के बाद अनंतनाग के रहने वाले डा. आदिल को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस जब उसे लेकर श्रीनगर पहुंची और पूछताछ की तो अनंतनाग के सरकारी अस्पताल से उसके ठिकाने से असाल्ट राइफल मिली। पुलिस ने और पूछताछ की तो पुलवामा जिले के डा. मुजम्मिल का पता चला। पुलिस ने जब फरीदाबाद के धौज स्थित अल फलाह मेडिकल कॉलेज में कार्रवाई की तो उसे 360 किलोग्राम विस्फोटक, एक एके-47 राइफल और 84 कारतूस सहित टाइमर, जिलेटिन के छड़ और अन्य सामग्रियां मिलीं। उसके बाद जांच की कड़ियां पुलिस को फरीदाबाद के फतेहपुर तगा गांव तक ले गईं, जहां एक घर में विस्फोटक के ढेर देखकर उसके होश उड़ गए। धौज से फतेहपुर तगा गांव चार किलोमीटर दूर है। डा. मुजम्मिल ने मौलाना इश्तियाक से यह घर किराए पर ले रखा था। करीब 3000 किलो अमोनियम नाइट्रेट विस्फोटक बरामद होना सबसे बड़ी बरामदगियों में से एक है।

### नौसेनाओं का नवजागरण काल

# हमें भी करनी होगी तैयारी



संजय श्रीवास्तव

दक्षिण एशियाई देशों, ग्लोबल साउथ में नौसेना के नवजागरण की लहर चल रही है। चीन एक बड़ी लहर के तौरपर सामने आ रहा है, उसके पीछे पाकिस्तान और बांग्लादेश भी, लेकिन हमारी खामोश और ठोस तैयारियां भी इनसे पीछे नहीं हैं। ग्लोबल साउथ के समुद्री सीमा रखने वाले देशों में एक नई प्रवृत्ति परिलक्षित हो रही है। ऐसे देशों की नौसेनाएं जैसे नवजागरण युग में प्रवेश कर चुकी हैं। ये देश अपनी नौसेना के साज संवार, आधुनिकीकरण के प्रति इतने उद्धत दिखते हैं कि यह भी नहीं देख रहे कि उनकी समुद्री सीमाओं पर खतरे के अनुपात में ये कवायदें कहीं अतिरेकी तो नहीं? ज्यादातर की कोशिश नौसेना क्षमताओं के विकास से समुद्री शक्ति को एक नए स्तर पर ले जाने की है। दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, ईरान, थाईलैंड आदि भी अपने बेड़े में अत्याधुनिक फ्रिगेट, पनडुब्बी और मल्टी रोल युद्धपोत जोड़े जा रहे हैं। इससे हिंद महासागर और दक्षिणी समुद्री क्षेत्र की जियो-सामरिक प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। इस नौसेना नवजागरण के परिदृश्य में चीनी नौसेना का लगातार विस्तार, पाकिस्तानी, बांग्लादेशी नौसेना में आपसी सहकार तथा इन दोनों के लिए चीन जिस तरह बन रहा है मददगार, वह काबिलेग़ौर है।


भारत को दक्षिण एशिया में मुख्यतः चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश की नौसानिक तैयारियों पर गहरी नजर रखनी ही होगी और उसके मद्देनजर तैयारियां भी करनी होगी। उसे वैश्विक परिदृश्य में नौसैनिक विस्तार को देखते हुए इस क्षेत्र में श्रीलंका, मालदीव वगैरह से भी बाखबर रहना होगा। पाकिस्तान का जो युद्धपोत 54 साल बाद पहली बार बंगाल की खाड़ी से होता हुआ रक्षा सहयोग को मजबूत करने के मकसद से गुडविल विजिट पर बांग्लादेश पहुंचा था, वह 12 नवंबर 2025 को भारत के लिए यह सवाल छोड़ते हुए विदा हो गया कि दोनों देशों के बीच नौसेना के सुदृढ़ीकरण के लिए कोई खिचड़ी क्यों और कैसे पक रही है? चटगांव बंदरगाह, बंगाल की खाड़ी में देश के पूर्वी तट के करीब है। चीन यहां अपना अड्डा बनाना चाहता है। इसलिए पाकिस्तानी और चीनी जहाजों की आवाजाही से भारत की समुद्री सुरक्षा पर खतरा बढ़ेगा। फोर्सेस गोल-2030 के अंतर्गत बांग्लादेश नौसेना नए युद्धपोत खरीदने के अलावा पनडुब्बी, आईएसआर यानी इंटेलिजेंस, सर्विलांस, रिकॉन तथा स्वदेशी निर्माण क्षमताएं बढ़ा रही है। पनडुब्बी और समुद्री विमान संचालन की सुविधाओं में वृद्धि के लिए राबनाबाद में देश का सबसे बड़ा नौसैनिक अड्डा बन रहा है। बांग्लादेश, पाकिस्तान, चीन तथा तुर्की के बने कई युद्धपोत खरीदने के साथ उनके सहयोग से युद्धपोतों व पनडुब्बियों के 9-वर्षीय आधुनिकीकरण के कार्यक्रम में लगा है। चीन के सहयोग से विकसित उसकी पहली हांगोर-क्लास पनडुब्बी अगले साल उसकी नौसेना में शामिल हो जाएगी और इसकी संख्या 2028 तक आठ पहुंचाने का उसका इरादा है। तुर्की में बना अत्याधुनिक हथियार व स्टील्थ खूबियों से लैस बाबर-क्लास फ्रिगेट इसी साल उसके शामिल होने की खबर है। पाकिस्तानी नौसेना तुर्की द्वारा दान की गई डोगन-क्लास फास्ट अटैक क्राफ्ट को अपनी नौसेना में शामिल करने वाले मालदीव के साथ संयुक्त अभ्यास कर रही है। इन कवायदों के पीछे पाकिस्तान का मकसद समुद्री संसाधनों और रणनीतिक समुद्री मार्गों की सुरक्षा के अलावा शक्ति



प्रदर्शन भी है। श्रीलंका नौसेना भी चीनी, रूसी और पश्चिमी साझेदारों के साथ मिलकर ताकत बढ़ाने की जुगत में है। चीन ने हाल-ही में अपना तीसरा अत्याधुनिक तकनीक संपन्न एयरक्राफ्ट कैरियर फुजियान उतारा और चौथे की घोषणा करने के साथ हिंद महासागर, बंगाल की खाड़ी और हिंद-ओमान जल-डमरूमध्य में चीन ने अपनी समुद्री महत्वाकांक्षा तथा शक्ति प्रदर्शन का डंका बजा दिया है। इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कैटापल्ट सिस्टम वाले फुजियान के आने पर चीन की नौसेना अमेरिका के बाद दुनिया की दूसरी ऐसी नौसेना बन गई है, जिसके पास इतनी आधुनिक तकनीक से संपन्न कैरियर फ्लीट है। फुजियान जैसे बड़े जहाज पर जे-35 स्टील्थ फाइटर, केजे-600 वॉर्निंग विमान और जे-15 जैसे आधुनिक विमान तैनात हो सकते हैं, छोटे रनवे से भी उडान भर और उतर सकते हैं।

इससे उसकी नौसेना की लंबी दूरी की मारक क्षमता कई दिनों तक अबाध जारी रखने वाली हो जाएगी। वह एक साथ रक्षा या बचाव तथा हमले और निगरानी संबंधी ऑपरेशंस को लंबे समय तक चला सकता है। वह इसके चलते ताइवान, दक्षिण चीन सागर और हिंद महासागर में अपनी ताकत दिखा सकता है। अब चीन अपने तीनों कैरियर्स रूस की डिजाइन पर बने लियाओनिंग, शानडोंग और स्वदेशी फुजियान को एक साथ कर के एक कैरियर स्ट्राइक ग्रुप बना सकता है जिससे प्रभावित होने वाला इस क्षेत्र में महज भारत ही होगा। भारत की मुसीबत यह है कि उसके ईंधन आपूर्ति और व्यापार मार्ग यहीं से गुजरते हैं। हालांकि फुजियान कितनी जल्दी वार रेडी होगा, यह अभी देखना है फिर भी इसके आने के बाद, भारतीय नौसेना पर दबाव बढ़ेगा कि वह भी अपने जहाजों, विमानों और रडार सिस्टम को आधुनिक बनाए। भारत के पास फिलहाल आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत दो एयरक्राफ्ट कैरियर हैं। दोनों स्की-जंप रैंप तकनीक वाले हैं, जबकि चीन के पास इससे बहुत आगे की तकनीक है, जो नौसेना को जंग के दौरान दुश्मन से मीलों आगे ले जाती है। हालांकि भारत अगली पीढ़ी के ऐसे युद्धपोत बनाने पर विचार कर रहा है, जिसमें इक्ट्रोमैग्नेटिक कैटापल्ट सिस्टम हो। आज की रफ्तार से अनुमान लगाएं तो उसे लक्ष्य प्राप्ति में कई बरस लगेंगे। आईएनएस विक्रमादित्य को साल 2035 में रिटायर्ड किया जा सकता है। हिंद महासागर में सामरिक संतुलन बनाए रखने के लिए तीसरे विमानवाहक पोत की ज़रूरत है, जिसकी तैयारी तेज़ है, इसके अलावा दो अन्य युद्धपोत की तैनाती की भी योजना हैं। पर सवाल यह है कि क्या वे फुजियान जितने आधुनिक होंगे? बांग्लादेश का चीन-सहयोग और नेवल बेस के माध्यम से चीन का विस्तार भारत के लिए चिंता का विषय है, तो पाकिस्तान-चीन गठबंधन, बंगाल की खाड़ी में चीन-बांग्लादेश, समुद्री घुसपैठ तथा अफ्रीका-अरब सागर में चीन की नज़र भारत को रणनीतिक रूप से दबाव में लाता है। हमारे प्रतिस्पर्धियों ने तय समय-सीमा वाले कार्यक्रम अपनाए हैं, हमने इसके जवाब में इतनी तीव्र प्रक्रिया अपनाई है कि हमारा पिछड़ना नामुमकिन है। पड़ोसी और ग्लोबल साउथ के देशों की नई नौसैनिक तैयारियां भविष्य में सीधे तौरपर भारत की सामरिक और नीतिगत कार्रवाइयों को प्रभावित करेंगी।

इमेज



## गीता सार

**तत्रैकस्थं जगत्कृत्स्नं प्रविभक्तमनेकधा।**
**अपश्यद्देवदेवस्य शरीरे पाण्डवस्तदा ॥11.13॥**

**भावार्थ :** पाण्डुपुत्र अर्जुन ने उस समय अनेक प्रकार से विभक्त अर्थात पृथक-पृथक सम्पूर्ण जगत को देवों के देव श्रीकृष्ण भगवान के उस शरीर में एक जगह स्थित देखा ॥13 ॥

### कॅरियर

# एग्जाम में ही नहीं इसकी तैयारी में भी स्मार्टनेस दिखाएं..!!

नरेंद्र कुमार

अगले दो तीन महीने के अंदर तमाम एकेडमिक परीक्षाओं से लेकर अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं का सिलसिला शुरू होने वाला है। इसलिए परीक्षाओं की तैयारी और तैयारी के तरीके पर कुछ सोच, विचार करना जरूरी है। ऐसा इसलिए क्योंकि अपने देश में हर साल लाखों विद्यार्थी, कोई न कोई एग्जाम देते हैं। स्कूल की परीक्षाओं से लेकर बोर्ड परीक्षाओं और उच्च अध्ययन परीक्षाओं तक में एक विशेष प्रकार के परिश्रम की ही नहीं सजगता और कुशलता की भी जरूरत होती है, जिसे आजकल 'स्मार्टनेस' जैसे शब्द से संबोधित किया जाता है। जाहिर है इसकी जरूरत इसलिए पड़ती है कि स्कूली परीक्षाओं से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं तक सिर्फ दिन रात पढ़ाई करने वाले आखिर में अच्छे नंबरों और रैंक से परीक्षाएं नहीं पास करते बल्कि अपनी आंख, नाक और कान खुले रखने वाले परीक्षार्थी स्मार्टनेस का इस्तेमाल करके कम पढ़ते हुए भी ज्यादा बेहतर ढंग से इन परीक्षाओं को पास करते हैं या कर सकते हैं। इसलिए आज के इस डिजिटल युग में एग्जाम में ही स्मार्टनेस दिखाना जरूरी नहीं रह गया बल्कि थोड़ी बहुत स्मार्टनेस हमें एग्जाम की तैयारी में भी दिखाना चाहिए। अगर हम ऐसा कर लें तो नतीजे उम्मीदों से भी बेहतर आ सकते हैं। आइये कुछ ऐसी भावनाओं पर क्रमशः नजर डालते हैं। जी हां, स्मार्ट एग्जाम तैयारी का यह सबसे पहला और सटीक फार्मूला है कि एग्जाम अगर बेहतर ढंग से पास करना है, तो रटने के मंत्र से अपनी तैयारी को आगे ले जाएं। एक जमाना था जब हमारे सीनियर हमें



व्यवहारिक सच्चाई का हवाला देकर समझाते थे कि घंटों-घंटों किताबों को पढ़कर घोट लो, तो एग्जाम अच्छे हो जाते हैं। लेकिन नए शिक्षातंत्र को यह मंजूर नहीं है। इसलिए अब फोकस रटने पर नहीं, कंसेप्ट की क्लीयरिटी पर रखें। अगर आपको किसी विषय या धारणा का कंसेप्ट क्लीयर होगा तो आप बहुत आसानी से इस विषय पर पूछे जाने वाले सवाल का जवाब लिख सकते हैं और वह भी रटी रटाई और बहुत बार तथा बहुत लोगों द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा के इतर अपनी भाषा में। जानकारों का मानना है कि ऐसा करने पर न सिर्फ सफलता मिलनी तय होती है बल्कि परीक्षक, परीक्षार्थी से खुश भी होता है और उसे उदारता से नंबर देता है। इसलिए कोशिश करें कि रटने की जगह परीक्षाओं की तैयारी मूल विषयों की क्लीयरिटी पर जोर देकर करें।

### तिथि विशेष

# विश्व मधुमेह दिवस

विश्व मधुमेह दिवस प्रत्येक वर्ष 14 नवंबर को मनाया जाता है। निरन्तर मधुमेह रोगियों की संख्या में हो रही वृद्धि को देखते हुए 1991 में अंतर्राष्ट्रीय मधुमेह संघ एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन ने संयुक्त रूप से इस बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु प्रति वर्ष विश्व मधुमेह दिवस आयोजित करने का विचार किया। इस हेतु उन्होंने 14 नवंबर का दिन चयनित किया। 14 नवंबर विश्व मधुमेह दिवस के रूप में वर्ष 1991 से मनाया जा रहा है। प्रति वर्ष विश्व मधुमेह दिवस का अलग ध्येय होता है। इस वर्ष मधुमेह दिवस का ध्येय है 'मधुमेह के विषय में लोगों को शिक्षित करना' व 'बच्चों एवं किशोरावस्था में मधुमेह'। मधुमेह रोग के



कारण एवं इसके विभिन्न पहलुओं को समझने हेतु कई लोग प्रयासरत थे। इनमें से एक जोड़ी फ्रेडरिक बैंटिंग एवं चार्ल्स बेस्ट की भी थी, जो पैनक्रियाज ग्रंथि द्वारा स्त्रावित तत्त्व के रसायनिक संरचना की खोज में लगे हुए थे। इस तत्त्व को अलग कर उन्होंने अक्टूबर, 1921 में प्रदर्शित किया कि यह तत्त्व शरीर में ग्लूकोज़ का निस्तारण करने में अहम भूमिका निभाता है और इसकी कमी होने से मधुमेह रोग हो जाता है। इस तत्त्व को इंसुलिन का नाम दिया गया। इसकी खोज मधुमेह के इतिहास में एक मील का पत्थर है। इस कार्य हेतु इन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 14 नवंबर को फ्रेडरिक बैंटिंग का जन्म दिवस है। अतः विश्व मधुमेह दिवस हेतु इस तिथि का चयन किया गया। फ्रेडरिक बेंटिंग के योगदान को याद रखने के लिए इंटरनेशनल डायबेटिक फेडरेशन द्वारा 14 नवंबर को दुनिया के 140 देशों में मधुमेह दिवस मनाया जाता है।

### 14 नवंबर बाल दिवस पर विशेष

# समझनी होगी बचपन की नई भाषा

डॉ. अनिता राठौर

हर साल 14 नवंबर को मनाए जाने वाले बाल दिवस का आशय सिर्फ देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को यादभर करना नहीं है बल्कि इसके बहाने हमें इस बात को दोहराना है कि कैसे आने वाले समय में बच्चे अपनी कल्पना, मासूमियत और संवेदनशीलता को बरकरार रखते हुए आगे बढ़ सकें। लेकिन सवाल है क्या आज अभिभावक और अध्यापक सचमुच बच्चों की विशेष करके इस डिजिटल दौर के बच्चों की रोजमर्रा की जरूरतों को समझते हैं? क्या तकनीक के भारी बदलाव के इस दौर के बच्चों की जुबान और उनके मन पर तेजी से पड़ रहे प्रभावों को वो समय के अनुरूप समझ पा रहे हैं और इसको ध्यान में रखते हुए उनके विकास की जरूरत की भाषा बोल व समझ पा रहे हैं? जी हां, आपको भले लगता हो कि ये तो बड़े वायवीय सवाल हैं, लेकिन जिस तरह से इंटरनेट, सोशल मीडिया, स्मार्ट क्लास, डिजिटल गेम्स और जूम्स गैदरिंग ने आज की समूची जीवनशैली को बदलकर रख दिया है, उस जीवनशैली को आज की एक दशक पुरानी भाषा से न तो समझा जा सकता है और न ही व्यक्त किया जा सकता है।

मगर सवाल है क्या आज भी कई दशक पुराने अध्यापक जो हमारी शिक्षा व्यवस्था की बागडोर अपने हाथों से संभाले हुए हैं, उन्हें डिजिटल युग के इन बच्चों की अभिव्यक्ति की भाषा समझ में आती है? क्या वह उन्हें उनके अनुरूप भाषा में जवाब दे पा रहे हैं? यह सिर्फ अध्यापकों के समक्ष का सवाल नहीं है। सच तो यह है कि यह बात अभिभावकों पर भी पूरी तरह से लागू होती है। आज के बच्चों का बचपन सिर्फ खेल के मैदान में नहीं बल्कि खेल के मैदान में कम, स्क्रीन की रोशनी के बीच ज्यादा बीतता है। लेकिन उनके अधिकांश अभिभावक साथ ही अध्यापक भी आज भी 90 के दशक की उस मानसिकता में अटके हुए हैं, जहां बच्चों से उम्मीद की जाती है कि वे किताबों में डूबे रहें, अपनी क्लास में सबसे ज्यादा नंबर लाएं, बड़ों की बातों को बिना सवाल किए मानें और घर में जब रिश्तेदार आएं तो उनके सामने वे अपने मां-बाप और रिश्तेदारों द्वारा पूछे गए हर सवाल का जवाब गर्दन नीची करके दें। जबकि आज के बच्चों की मनःस्थिति बिल्कुल बदल गई है। सच तो यह है कि आज के तेज रफ्तार विकास और चमत्कारिक हो चली तकनीकी के इस युग में उनके मनोमस्तिष्क में जिज्ञासाओं और आशंकाओं की तेज रफ्तार के अंधड़ चल रहे हैं। फिर भी अभिभावक हों या अध्यापक, उनसे 90 के दशक के बच्चों की तरह ही अनुशासन और आज्ञाकारिता की मांग करते हैं। मां-बाप और स्कूल टीचर बच्चों को आज भी पुराने खांचे और सांचे में ढाले



रखना चाहते हैं। यही कारण है कि आज 'बुद्धिमान' बच्चे भी मानसिक रूप से कहीं अधिक अस्थिर और भावनात्मक रूप से बेहद अकेलापन महसूस करते हैं। आज के मां-बाप और अध्यापक इस बात को समझ ही नहीं रहे कि तेजी से आ धमके डिजिटल युग ने किशोरों की समूची मानसिक संरचना को तेजी से बदल करके रख दिया है। पहले जहां अभिभावक और अध्यापक पूरे साल बच्चों को जितना पढ़ाते थे, आज हर रोज सामने आने वाले एक से बढ़कर एक डिजिटल ज्ञान के आविष्कार उन पर जानकारियों और ज्ञान की बारिश कर रहे हैं। आज के बच्चे यह अंदाजा ही नहीं लगा पा रहे कि उन्हें तेजतर्रार और समझदार साबित होने के लिए आखिर कितना जानकार और कितना बुद्धिमान होना चाहिए? क्योंकि आज के इस इंटरनेट आधारित डिजिटल युग ने हम सबकी क्षमताएं इतनी बढ़ा दी हैं कि हम छोटे छोटे बच्चों से भी असिमित ज्ञान और समझ की मांग करते हैं। आज अगर 10 साल का बच्चा एआई चैटबॉट से बात कर रहा है, तो उसके मां-बाप उससे उम्मीद करते हैं कि वह उससे ऐसे सवाल जवाब करें, जिनके सवाल जवाब उन्हें भी मुश्किल से आते हों। मतलब 'यह दिल मांगे मोर' अब कोई मुहावरा नहीं रह गया बल्कि आम से आम अभिभावक भी इससे कहीं ज्यादा की मांग अपने बच्चों से कर रहे हैं। आज 14 से 16 साल के बच्चे न सिर्फ भविष्य के अपने कॅरियर को लेकर चिंतित हैं बल्कि अपने लाइफस्टाइल को लेकर भी उन पर अभी से दबाव है। आज के बच्चे 'डिजिटल नेटिव्स' हैं यानी ऐसी पीढ़ी जो तकनीक के साथ पैदा हुई है और समझती है कि उन्हें डांटने और रोकने की इजाजत भी मां-बाप के पास नहीं होनी चाहिए। एक बड़ी समस्या यह भी है कि आज अभिभावक अपने बच्चों की ज्यादातर जरूरतों को भौतिक रूप ही समझते हैं। जैसे- उनका स्कूल अच्छा होना चाहिए, उनके पास अच्छी क्वालिटी का मोबाइल होना चाहिए, वो प्रतिष्ठित कोचिंग सेंटर या ट्यूटर से कोचिंग पढ़ें और उनके कपड़े स्तरीय होने चाहिए। मां-बाप भूल जाते हैं कि बच्चों की भावनात्मक और मानसिक जरूरतें भी हैं। मां-बाप ही नहीं, आज के अध्यापक भी भूल जाते हैं कि उनके छात्र, उनसे टेक्नो कुशलता के अलावा जीवन की कठिन गांठों को सुलझाने की उम्मीद भी रखते हैं। लेकिन 99 फीसदी समय मां-बाप जहां बच्चों की भौतिक जरूरतें पूरी करने में लगे रहते हैं, वहीं 99 फीसदी समय तक उनके अध्यापक अपने छात्रों की नई नई तकनीकी समस्याओं को सुलझाने में लगे हैं। आज के किशोरों के दिल की बात सुनने वाला कोई नहीं है।

### वायरल

## भारत की इस मंडी में पत्थर भी सोने के भाव, बेकार चीज भी बेशकीमती!

भारत में एक ऐसी मंडी है, जो खास कारण से चर्चा में रहती है। इस मंडी के बारे में एक दिलचस्प बात मशहूर है। कहा जाता है कि इस मंडी में पत्थर भी सोने के भाव बिकता है। हम बात कर रहे हैं मध्यप्रदेश के नीमच मंडी की। कहा जाता है कि इस मंडी में धूल से लेकर फूल तक सब बिकता है। जिस आइटम को आप कचरा समझते हैं, उसके भी खरीददार यहां आपको मिल जाएंगे। इस मंडी में बेकार समझी जाने वाली



चीजों की भी अच्छी कीमत मिल जाती है। फिर चाहे वो नींबू के सूखे छिलके ही क्यों ना हो? इसके अलावा यहां लोग सूखे घास-फूस भी बेचते हैं। सबसे हैरानी तो इस बात की है कि इनके लिए अच्छी-खासी कीमत भी चुकाई जाती है। यहां बोरियों में सूखे नीम की पत्तियां, मोरिंगा की पत्तियां, सूखे कढ़ी पत्ते, मेहंदी की पत्तियां आदि खूब बिकती हैं। इसके दाम पत्तियों की क्वालिटी पर निर्भर करते हैं। किसानों के खेत में खर पतवार की तरह भृंगराज उग जाता है। उसे भी इस मंडी में खरीदा जाता है। इसके अलावा नींबू के सूखे छिलके भी यहां बिकते हैं।

### पंचांग

**14 नवंबर 2025**

- विक्रम संवत् - 2082
- शक संवत् - 1947
- रवि - दक्षिणायन
- ऋतु - हेमंत
- मास - मार्गषीर्ष
- पक्ष - कृष्ण
- तिथि दषमी - 24.50 तक
- वार - शुक्रवार
- नक्षत्र पूर्वाफाल्गुनी - 21.20 तक
- योग वैधृति - 30.26 तक
- करण वणिज - 12.08 तक,
- सूर्योदय - 06.46 प्रातः (मुंबई)
- सूर्यास्त - 05.59 शाम (मुंबई)
- सूर्योदय - 06.56 प्रातः (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 05.53 शाम (भीनमाल)
- चंद्र राषि - सिंह 27.53 तक
- अभिजीत - 12.00 से 12.45
- राहु काल - 10.58 से 12.22
- दिषा शूल - पष्चिम
- व्रत त्यौहार - बालदिन नेहरू जयंती,

बुधास्त पष्चिम, भद्रा 12.08 से 24.50,

शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल

### X का एक्सरे

कोई भी धर्म निर्दोष लोगों की इतनी बेरहमी से हत्या को जायज़ नहीं ठहरा सकता। हमें एक बात याद रखनी चाहिए, जम्मू-कश्मीर का हर निवासी आतंकवादी नहीं है या आतंकवादियों से जुड़ा नहीं है। ये कुछ ही लोग हैं, जिन्होंने यहां हमेशा शांति और भाईचारे को बिगाड़ा है।




उमर अब्दुल्ला

भारतीय सेना यूक्रेन युद्धक्षेत्र को करीब से देख रही है, क्योंकि यह हमारी सीमाओं पर मौजूद परिस्थितियों के संदर्भ में एक जीवित प्रयोगशाला है। तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर टूल्स के कारण आधुनिक युद्ध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है।



उपेंद्र द्विवेदी

भारतीयों की सराहना की जानी चाहिए। वे जांच को बहुत सोच-समझकर, सावधानी से और पेशेवर तरीके से अंजाम दे रहे हैं। यह साफ तौर से एक आतंकवादी हमला था। यह अत्यधिक विस्फोटक पदार्थों से भरी एक कार थी, जिसमें विस्फोट हुआ और कई लोग मारे गए।



मार्को रुबियो

मेरे और पंत भाई के बीच में कोई कॉम्पिटीशन नहीं है। हम दोनों ही भारत के लिए खेलते हैं, जो भी खेलेगा, उसका मकसद ये ही होगा कि टीम इंडिया को जीत दिलाए। अगर मैं खेलता हूं तो मैं खुश हूं, अगर हम दोनों साथ में खेलते हैं तो वह भी बेहतर होगा।



ध्रुव जुरैल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की चेतावनी

# दिल्ली ब्लास्टः ऐसी सजा देंगे दुनिया देखेगी



### » दोषियों के खिलाफ कार्रवाई दुनिया को संदेश

अमित शाह ने कहा कि दोषियों के खिलाफ की गई कार्रवाई दुनिया को दिखाएगी कि भारत किसी भी रूप में आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि संदेश स्पष्ट होगा जो कोई भी हमारे देश को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा, उसे कठोरतम परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि इसमें शामिल सभी लोगों को कड़ी सजा दिलाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूरी तरह साकार किया जाएगा।

### » आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस

केंद्रीयगृह मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता तथा ग्रामीण सशक्ति करण और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गुजरात में मोतीभाई आर. चौधरी सागर सैनिक स्कूल और सागर ऑर्गेनिक प्लांट का उद्घाटन करने के बाद अमित शाह ने विस्फोट में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। शाह ने इस मौके पर शिक्षा और रक्षा तैयारियों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण पर सरकार के फोकस को रेखांकित किया। उन्होंने कहा किगुजरात में नवनिर्मित मोतीभाई चौधरी सागर सैनिक स्कूल युवाओं को भारतीय सशस्त्र बलों में सेवा करने के लिए प्रेरित करेगा।

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने दिल्ली बम धमाके को लेकर चेतावनी दी है। शाह ने कहा कि दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार विस्फोट के जिम्मेदारों को दी गई सजा से दुनिया भर में एक कड़ा संदेश जाएगा। उन्होंने कहा कि इस सजा से स्पष्ट होगा कि भारत में इस तरह के हमले दोबारा नहीं होने चाहिए। उन्होंने सरकार की इस प्रतिबद्धता को रेखांकित किया कि इसमें शामिल सभी लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी। यह सरकार के नेतृत्व के टॉप लेवल पर दृढ़ संकल्प को दर्शाता है।

## 'घूमर फेस्टिवल 2025' का भव्य आयोजन 19 को

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री और पर्यटन एवं कला-संस्कृति मंत्री दीया कुमारी ने कहा कि राजस्थान की पहचान उसकी रंग-बिरंगी संस्कृति, परंपराओं और लोकनृत्यों में बसती है। घूमर केवल एक नृत्य नहीं, बल्कि यह राजस्थान की आत्मा है, जो हमारी नारीशक्ति, उमंग और उत्साह की जीवंत अभिव्यक्ति है। वे गुरुवार को पर्यटन भवन में आयोजित 'घूमर फेस्टिवल 2025' के पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में बोल रही थीं। इस अवसर पर राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत और पर्यटन आयुक्त रुक्मणि रियाड़ भी उपस्थित रहे। दीया कुमारी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार सांस्कृतिक धरोहरों और परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए निरंतर काम कर रही है। इसी कड़ी में पहली बार 'घूमर फेस्टिवल 2025' का भव्य आयोजन 19 नवंबर को किया जाएगा।

## लाल किला विस्फोट के बाद दिल्ली के बाजारों में कारोबार ठप

**नई दिल्ली।** बीते सोमवार (10 नंबर, 2025) को लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए धमाके के बाद दिल्ली के चहल-पहल वाले बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है। व्यापारियों और ग्राहकों में भय का माहौल बना हुआ है। बाहरी खरीदार अब व्यक्तिगत रूप से



आने बजाय ऑनलाइन ऑर्डर देना पंसद कर रहे हैं।

### » ऑनलाइन खरीदारी हो रही है ज्यादा

सदर बाजार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा, आमतौर पर यह हमारा व्यस्त समय होता है क्योंकि दूसरे राज्यों से व्यापारी शादियों और सर्दियों के लिए सामान खरीदने आते हैं। लेकिन अब ज्यादातर व्यापारी ऑनलाइन खरीदारी कर रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि बाजार में आने वालों की संख्या में लगभग 50 प्रतिशत की गिरावट आई है।

### » चांदनी चौक के बाजार का हाल

दरअसल, इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है और सर्दियां भी बढ़ रही हैं तो ऐसे मौकों पर पुरानी दिल्ली के सदर बाजार और चांदनी चौक जैसे इलाकों में भारी भीड़ रहती है लेकिन धमाके के बाद इन जगहों पर बाहर के व्यापारियों का आना कम हो गया है। सदर बाजार की तरह चांदनी चौक के बाजार में भी मंदी देखने को मिल रही है।

## खाटूश्यामजी में नया नियमः मंदिर बंद तो बाजार भी बंद

**सीकर।** सीकर जिले के प्रसिद्ध खाटूश्यामजी में ट्रैफिक जाम और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मेला मजिस्ट्रेट कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में ईओ प्रवीण कुमार और थानाधिकारी पवन चौबे के साथ व्यापार मंडल, धर्मशालाओं और ई-रिक्शा यूनियन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य खाटूश्यामजी कस्बे में यातायात को सुव्यवस्थित करना और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करना था।


**ई-रिक्शा का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा:-** मेला मजिस्ट्रेट कार्यालय में हुई इस बैठक में, ई-रिक्शा, हाथ ठेलों और अस्थायी व्यापारियों की व्यवस्था में सुधार पर विशेष ध्यान दिया गया। ईओ प्रवीण कुमार ने बिना अनुमति चल रहे ई-रिक्शा पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# मुख्यमंत्री का नई दिल्ली दौराः विकास के नए आयाम देने के लिए सार्थक पहल

केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर प्रदेश के शहरी विकास, ऊर्जा, जल परियोजनाओं एवं कौशल विकास पर की चर्चा









### » राजस्थान में सौर ऊर्जा की अपार संभावनाओं के मद्देनजर विद्युत निकासी के सुदृढ़ीकरण को लेकर हुई अहम चर्चा

### » फिरोजपुर फीडर रिलाइनिंग व रामजल सेतु लिंक परियोजना पर हुआ मंथन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल एवं केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास को नए आयाम देने की दिशा में शहरी विकास, ऊर्जा, जल परियोजनाओं एवं कौशल विकास से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

सीएम शर्मा ने केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल से भेंट के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक भी की। बैठक में राजस्थान में भारत के सौर ऊर्जा लक्ष्यों को पूरा करने की अपार संभावनाओं को देखते हुए विद्युत निकासी के सुदृढ़ीकरण को लेकर सार्थक चर्चा की गई।

### » टावर बेस मुआवजा दर, डी.एल.सी. की 400 प्रतिशत तक

बैठक में बताया गया कि किसानों के हित में टावर बेस मुआवजा दर को डी.एल.सी. दर के 400 प्रतिशत तक बढ़ाया गया है, जबकि कॉरिडोर मुआवजा ग्रामीण क्षेत्रों में 30 प्रतिशत, नगरपालिका क्षेत्रों में 45 प्रतिशत तथा नगर निगम क्षेत्रों में 60 प्रतिशत निर्धारित किया गया है।

### » डिस्कॉम्स की ए.टी. एण्ड सी. हानियों में आ रही कमी

बैठक में यह भी बताया गया कि ए.टी. एण्ड सी. हानियों में लगातार कमी आ रही है। इसी म में जयपुर एवं अजमेर डिस्कॉम अब 15 प्रतिशत के स्तर से नीचे आ चुके हैं। साथ ही, आर.डी.एस.एस. योजना के क्रियान्वयन की गति में सुधार किया गया है।

### » केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से मुलाकात

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल से मुलाकात के दौरान प्रदेश में जल आपूर्ति, जल संचयन सहित जल परियोजनाओं पर वार्ता की। दोनों के मध्य फिरोजपुर फीडर रिलाइनिंग एवं रामजल सेतु लिंक परियोजना की प्रगति को लेकर सार्थक चर्चा हुई। इस दौरान प्रदेश में चल रहे कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान की सफलता की सराहना की गई।

### केन्द्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री से मुलाकात

*इसके बाद मुख्यमंत्री शर्मा ने केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी से भी मुलाकात की। इस दौरान सीएम शर्मा एवं चौधरी के मध्य केंद्र सरकार के सहयोग से राजस्थान को स्किल डवलपमेंट हब बनाने से जुड़े रोडमैप पर चर्चा की गई।*

# पीडब्ल्यूसी की बैठक में 60 करोड़ रूपए किए स्वीकृत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा के नेतृत्व में जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर शहर के सुनियोजित एवं सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में गुरूवार को मंथन सभागार में पीडब्ल्यूसी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में लगभग 60.00 करोड़ रूपये के कार्य स्वीकृत किये गये।

जोन-9 में जविप्रा की सेन्ट्रल स्पाईन योजना के जी ब्लॉक के विभिन्न विकास कार्यों के लिए 9.41 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। जोन-12ए चौंमू क्षेत्र में विभिन्न सड़कों के नवीनीकरण एवं सुदृढीकरण कार्यों के लिए 4.38 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। जोन-5 में त्रिवेणी नगर आरओबी से गुर्जर की थड़ी तक न्यू एलिवेटेड रोड पर प्रस्तावित परियोजना वर्क ऑफ स्कोप परिवर्तन करने की स्वीकृति प्रदान की गई। मुहाना मंडी गेट नंबर 2 के पास 160 फीट सेक्टर रोड पुल के निर्माण कार्य के लिए 5.31 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। नगर निगम क्षेत्राधिकार से बाहर स्ट्रीट लाइट/हाई मास्ट लाईटों की एक वर्ष तक मरम्मत और रखरखाव के कार्य हेतु 3.09 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। जविप्रा की आवासीय योजना अमृत कुंज में आवंटन से शेष रहे 60 भूखण्डधारियों (30 व.मी) को अमृत कुंज-II योजना में रिप्लानिंग कर योजना में संशोधन करने का निर्णय लिया गया। जोन 10 में जेडीए की लांगडीयावास रिसोर्ट योजना के फेज-1 में विकास कार्य हेतु 9.24 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। जोन-7 में पुरानी चुंगी पर यातायात सुधारीकरण हेतु 19.19 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई।

स्मार्ट सिटी चरण-1, 2 एवं 3 के अन्तर्गत जयपुर में विभिन्न स्थानों पर स्थापित विद्यमान स्मार्ट समाधानों तथा जेडीए एनओसी पर स्थापित उपकरणों/डिवाईसों के व्यापक संचालन एवं रखरखाव के लिए संशोधित एएण्डएफ के अनुमोदन का एजेंडा, जिसमें सभी सॉफ्टवेयर, फायरवॉल, पी2वी कनेक्टिविटी तथा सम्पूर्ण प्रणाली को एफएमएस के साथ 2 वर्षो तक सक्रिय बनाए रखने के लिए आवश्यक इंटरनेट बैंडविड्थ हेतु 19.60 करोड़ रूपये से बढ़ाकर 27.98 करोड़ रूपये की संशोधित प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई।





## कार्यकारी समिति की बैठक में विभिन्न प्रकरणों का किया अनुमोदन

**जयपुर।** जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में जयपुर विकास प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की बैठक जेडीए के मंथन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न एजेंडों पर विचार-विमर्श के बाद महत्वपूर्ण प्रस्तावों का अनुमोदन प्रदान किया गया।

बैठक में जयपुर स्मार्ट सिटी चरण 1, 2 और 3 के तहत विभिन्न स्थानों पर स्थापित मौजूदा स्मार्ट समाधानों और जेडीए एनओसी (नियंत्रण केंद्र) में स्थापित उपकरणों/डिवाइसों के व्यापक संचालन और रखरखाव (ओ एण्ड एम) को मंजूरी दी गई। इसमें पूरे सिस्टम को लाइव रखने के लिए आवश्यक सभी सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर, फ़ायरवॉल, पीडब्ल्यूपी कनेक्टिविटी और इंटरनेट बैंडविड्थ का एफएमएस (फैसिलिटी मैनेजमेंट सिस्टम) के साथ प्रबंधन शामिल है। जेडीए क्षेत्र में टी.एस./डीजीपीएस द्वारा सर्वेक्षण कार्य (दर अनुबंध) (2025-2026) के कार्य हेतु पुन: निविदा दस्तावेजों में किए गए परिवर्तनों का अनुसमर्थन किया गया।

सांगानेर फ्लाईओवर से चोरड़िया पेट्रोल पंप होते हुए मालपुरा गेट के पास तक एलीवेटेड रोड के निर्माण कार्य के लिए पूर्व में जारी निविदा को निरस्त करने और नवीन बोली/निविदा आमंत्रित करने की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही सांगानेर फ्लाईओवर से मालपुरा गेट के पास तक एलीवेटेड रोड के निर्माण कार्य के लिए प्राप्त निविदा दरों में नेगोशिएशन की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

## राजस्थान बोर्ड का 10वीं-12वीं की परीक्षा-फीस को लेकर बड़ा फैसला

**अजमेर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (आरबीएससी) ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा की फीस बढ़ा दी है। अब सभी स्टूडेंट्स (रेगुलर और प्राइवेट दोनों) को 850 रुपए फीस देनी होगी। पहले रेगुलर स्टूडेंट से 600 रुपए और प्राइवेट स्टूडेंट से 650 रुपए लिए जाते थे।

प्रायोगिक परीक्षा (प्रैक्टिकल एग्जाम) का शुल्क भी दोगुना कर दिया गया है। अब प्रति विषय 200 रुपए शुल्क लगेगा। बढ़ी हुई फीस अगले सत्र (2026 -27) से लागू होगी। बोर्ड ने फीस बढ़ाने के लिए राज्य सरकार को एक प्रस्ताव भेजा था। इसे मंजूर कर लिया गया है। 2017 के बाद यह परीक्षा शुल्क बढ़ाया गया है। अब रेगुलर स्टूडेंट्स को 250 और प्राइवेट विद्यार्थियों को 200 रुपए ज्यादा परीक्षा फीस देनी होगी। राजस्थान बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में हर साल करीब 20 लाख स्टूडेंट शामिल होते हैं।

# रीको कराएगा आकेड़ा डूंगर औद्योगिक क्षेत्र में 985 लाख रुपए के विकास कार्य

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्य सरकार की वर्ष 2025-26 की बजट घोषणा की पालना में रीको के निदेशक मंडल ने औद्योगिक क्षेत्र आकेड़ा डूंगर-जयपुर में उद्यमियों की विकास कार्य कराये जाने की लंबी मांग को मानते हुये 985 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों के लिये स्वीकृति प्रदान की है। रीको द्वारा पूर्व में इस औद्योगिक क्षेत्र को अविकसित आधार पर निजी विकासकर्ता को आवंटित किया गया था लेकिन विकासकर्ता द्वारा विकास कार्य नहीं कराने के कारण उद्यमियों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। उद्यमियों की समस्याओं के निस्तारण के लिये राज्य सरकार द्वारा पहल कर बजट घोषणा की गयी जिसको रीको द्वारा पूर्ण रूप प्रदान किया जा रहा है।

विकास कार्यों के तहत इस लेन में सड़कों का सुधार एवं सुदृढ़ीकरण, सीसी पेवमेंट का निर्माण, पेव्ड शॉल्डर्स का निर्माण, आरसीसी बॉक्स टाइप कल्वर्ट निर्माण, रोड जंक्शंस में यूटिलिटी डक्ट बनाने का कार्य किया जायेगा। इसके साथ ही इस क्षेत्र में एलईडी एवं हाई मास्ट लाइट्स भी लगाई जाएंगी जिसके उपरान्त इस औद्योगिक क्षेत्र की आधारभूत सुविधायें भी अन्य औद्योगिक क्षेत्रों के समकक्ष हो सकेंगी।



रीको प्रबंध निदेशक शिवांगी स्वर्णकार ने बताया कि रीको का हमेशा से यह प्रयास रहा है कि औद्योगिक क्षेत्रों में अच्छी इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधायें विकसित की जायें जिससे उद्यमी अपनी औद्योगिक इकाइयों का संचालन सुचारू रूप से कर सकें। आकेड़ा डूंगर औद्योगिक क्षेत्र के समग्र विकास एवं रखरखाव के लिए यह प्रस्तावित विकास कार्य इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन विकास कार्यों से आकेड़ा डूंगर औद्योगिक क्षेत्र जयपुर के निकट एक विकसित औद्योगिक क्षेत्र के रूप में अपनी पहचान बनाएगा और उद्यमियों को भी सुविधा मिल सकेंगी जिससे उनकी उत्पादकता बढ़ सकेगी।

# मनरेगा में फार्म पॉण्ड श्रेणी के अंतर्गत हो सकेगा टांका निर्माण कार्य

### केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का अनुरोध किया स्वीकार

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जताया आभार, कहा- ग्रामीणों को मिलेगी बड़ी राहत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत फार्म पॉण्ड श्रेणी में टांका निर्माण के कार्य किए जा सकेंगे। इस संबंध में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अनुरोध को केन्द्रीय ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वीकार किया है। मुख्यमंत्री ने गत माह केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री से मुलाकात कर निजी कृषि भूमि पर टांका निर्माण कार्य पूर्व की भांति जारी रखने का आग्रह किया था। सीएम शर्मा ने कहा कि रेगिस्तानी जिलों में टांका निर्माण जल सुरक्षा, कृषि विकास और जलवायु अनुकूल आजीविका के लिये अत्यन्त उपयोगी, सस्ता और टिकाऊ समाधान है।



FILE PHOTO

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री ने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए कहा कि व्यक्तिगत लाभार्थियों के लिए फार्म पॉण्ड का निर्माण महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत अनुमत कार्य है। योजना से संबंधित दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करते हुए व्यक्तिगत लाभार्थियों के लिए टांका निर्माण कार्य को फार्म पॉण्ड श्रेणी के तहत किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे प्रदेश के ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य और केन्द्र की डबल इंजन की सरकार कृषि क्षेत्र में निरंतर दूरगामी निर्णय ले रही है, जिससे किसानों का आर्थिक सशक्तीकरण हो रहा है।

# जयपुर कमिश्नरेट में 10 पुलिस निरीक्षकों के ट्रांसफर

**जयपुर।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में 10 पुलिस निरीक्षकों का ट्रांसफर कर दिया गया है। पुलिस कमिश्नरेट ने बुधवार रात एक आदेश जारी कर इन पुलिस निरीक्षकों के तबादले किए है।

तबादले आदेशों के अनुसार विशेष तौर पर साइबर क्राइम को लेकर फोक्स करना लग रहा है। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के आदेशानुसार-जारी लिस्ट में विशेष तौर पर 4 इंस्पेक्टरों को विशेष अपराध एवं साइबर क्राइम थाना जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में तैनात किया गया है। पुलिस निरीक्षक प्रेम कुमार शर्मा, रामधन मीणा, सुषमा कुमारी और जितेन्द्र कुमार को विशेष अपराध एवं साइबर थाने में लगाया गया है। वहीं, इंस्पेक्टर महेश चंद शर्मा, सुनील कुमार, सज्जन सिंह और रतन सिंह को पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम में तैनात किया है। इंस्पेक्टर हेमंत जनागल को स्टाफ ऑफिसर विशेष पुलिस आयुक्त और कविता को अपराध शाखा आयुक्तालय जयपुर में तैनात किया गया है।

### साइबर क्राइम में 4 सीआई लगाए, 4 इंस्पेक्टरों को सीएसटी में किया तैनात

हाई-टेक 'सड़क सुरक्षा' मिशन एनएचएआई दौड़ा रहा सर्वे वाहन....

# 20,933 किमी. हाईवे का बनेगा डिजिटल रिकॉर्ड!

### एनएच-27 पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर सहित ये नाम शामिल

**जयपुर/कोटा।** नेशनल हाईवे पर चलने वाले वाहन चालकों को आरामदायक सफर मिले। उनका सफर पूरी तरह से सुरक्षित रहे। ऐसे में नेशनल हाईवे अर्थॉरिटी ऑफ इंडिया देश के 23 स्टेट में नेटवर्क सर्वेक्षण के लिए वाहन तैनात करने जा रहे है। करीब 20,933 किमी लंबे नेशनल हाईवे की सूची, सतह की स्थिति, दरारें, गड्ढे, पेच और अन्य खामियों का डेटा एकत्र किया जाएगा।



भारतमाला (दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे) भी इसमें शामिल किया है। एनएच-27 कॉरिडोर कोटा के 75 किलोमीटर हिस्से में है। भारतमाला का 106 किमी हिस्से में गुजर रहा है। उल्लेखनीय है कि भारतमाला एक्सप्रेस-वे निर्माण में रही तकनीकी खामियों को बीच-बीच में सामने आई है।

डिजिटल रेकॉर्ड बनेगा हाईवे सड़क का, हर 6 महीने में होगा सर्वेः कोटा एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्ट संदीप अग्रवाल ने बताया कि सर्वेक्षण से सड़कों की वास्तविक स्थिति का डिजिटल रेकॉर्ड बनाया जाएगा। जिससे रखरखाव के लिए वैज्ञानिक स्तर पर तुरंत फैसले लिए जा सकेंगे। हर छठे महीने सर्वे होगा। सर्वेक्षण 2, 4, 6 व 8-लेन वाले सभी राष्ट्रीय राजमार्गों पर हर छह महीने के अंतराल पर किया जाता रहेगा।

### डाटा एकत्र किया

एनएचएआई के एआई आधारित डाटा लेक पोर्टल पर अपलोड होगा। जहां विशेषज्ञों की टीम इसका विश्लेषण करेगी। इसके लिए नेटवर्क सर्वेक्षण वाहनों में उन्नत लेजर तकनीक के ड्रोन, 360 डिग्री हाई-रिजॉल्यूशन कैमरे, डीजीपीएस (डिफरेंशियल ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम), आईएमयू (इनर्शियल मेजरमेंट यूनिट) और डीएमआई (डिस्टेंस मेजरिंग इंडिकेटर) जैसे उपकरण लगाए जाएंगे।

# जीएसटी चोरी पकड़ने गई टीम पर हमला

**जोधपुर।** जोधपुर में गुरुवार सुबह डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस की टीम पर हमला हो गया। जीएसटी चोरी के बड़े नेटवर्क पर छापा मारने पहुंची जयपुर की टीम से ट्रांसपोर्टर और उसके स्टाफ ने धक्का-मुक्की की, दो कंप्यूटर सीपीयू छीन लिए। ट्रक से टक्कर मारकर सरकारी गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने एक व्यक्ति को अरेस्ट किया है। बासनी थानाधिकारी नितिन दवे ने बताया सुबह 7:15 बजे डीजीजीआई की टीम इंडस्ट्रियल एरिया सेकेंड फेज में स्थित बिश्नोई रोड लाइंस पर पहुंची। ऑफिस पर ताला लगा था, टीम बाहर इंतजार कर रही थी। तभी सुनील विश्नोई नामक व्यक्ति आया, ऑफिस खोला और दो सीपीयू ले जाने लगा। टीम ने रोकने की कोशिश की तो धक्का-मुक्की की। ट्रांसपोर्टर पुखराज खावा और उसके स्टाफ ने धक्कामुक्की और हाथापाई करते हुए सीपीयू छीन लिए। आरोपियों ने एक सीपीयू को अपने साथी की कार में रखवाकर वहां से भगा दिया। दूसरा सीपीयू टीम से छीनकर एक ट्रक में रख लिया और भाग गए। भागते समय डीजीजीआई की टीम की गाड़ी जो ट्रक के ठीक सामने खड़ी थी, उसको टक्कर मार दी। विभागीय सूत्रों के अनुसार अन्य फर्मों के बारे में भी छानबीन की जा रही है। मौके से पकड़े गए सुनील विश्नोई की ट्रांसपोर्ट कंपनी में और हमला करवाने में भूमिका के बारे में पड़ताल जारी है। आशंका जताई जा रही है कि मौके से जो सीपीयू ले गए, उनमें जरूरी डेटा हो सकता है।




### कार्रवाई करने जोधपुर पहुंची थी टीम

डीजीजीआई की टीम स्टील इंडस्ट्री और ट्रांसपोर्ट से जुड़े जीएसटी चोरी नेटवर्क पर कार्रवाई करने जोधपुर पहुंची थी। ट्रांसपोर्ट कंपनी की दो या तीन फर्मों से फर्जी बिल्टी जारी करने के साथ ही बोगस बिलिंग से जीएसटी चोरी का आरोप था। टीम को सूचना मिली थी कि फर्जी बिलिंग के जरिए करोड़ों की जीएसटी की चोरी की जा रही है।

### बासनी पुलिस ने शुरू की जांच

बासनी थानाधिकारी नितिन दवे ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने डीजीजीआई की टीम से घटना की जानकारी ली और आसपास के विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया। पुलिस को उम्मीद है कि सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की पहचान हो सकेगी और कार-ट्रक के नंबर मिल सकेंगे।

# डिग्गी में गिरा भाई, बहन को एक घंटे बाद पता चला



**बालोतरा।** जेठंतरी गांव की सरहद स्थित कृषि कुंए पर बुधवार सुबह पानी की डिग्गी में डूबने से युवक की मौत हो गई। पास में ही खाना बना रही उसकी बहन ने एक घंटे से भाई को नहीं देखा तो उसे ढूंढने लगी। इस दौरान खेत में बनी डिग्गी में भाई को डूबा देखकर आस-पास के खेतों में काम कर रहे अपने परिवार के सदस्यों को मौके पर बुलाया। परिजन भागकर पहुंचे तो युवक को मृत अवस्था में देखकर कृषि कुंए के मालिक व पुलिस को सूचना दी। इस पर समदड़ी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय तैराकों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। वहीं परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करवाकर शव सुपुर्द किया गया। जेठंतरी स्थित अणदाराम चौधरी के कृषि कुंए पर इंद्राणा निवासी अनोप (20) पुत्र अजाराम भील काश्त का कार्य करता था। बुधवार सुबह करीब 11 बजे युवक कृषि कुंए पर लगाए अनार के पौधों की सार-संभाल कर रहा था, वहीं उसकी बहन पास में खाना बना रही थी। इस दौरान डिग्गी के पास पहुंचने पर पैर फिसलने से युवक पानी में गिर गया। युवक के गिरने के करीब एक घंटे तक किसी को पता नहीं चला। इस दरम्यान खाना बनाकर उसकी बहन बुलाने के लिए बाहर निकली तो युवक कहीं नजर नहीं आया। इस पर खेत में तलाश करने के दौरान युवक पानी की डिग्गी में डूबा नजर आया। इसे देखकर युवती ने आस-पास के खेतों में काम कर रहे परिवार के अन्य सदस्यों को मौके पर बुलाया।

# जोधपुर के एम्स रोड पर तुरंत हटे अतिक्रमण

**9 दिसंबर तक अवैध कब्जों को हटाने के आदेश**

**जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने जोधपुर के एम्स रोड पर अतिक्रमण की समस्या को लेकर सख्त आदेश जारी किए हैं। जस्टिस डॉ. पुष्पेंद्र सिंह भाटी और जस्टिस अनुरुप सिंघी की खंडपीठ ने बुधवार को दिए आदेश में स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिया कि एम्स के गेट नंबर 3 और 4 पर स्थित सभी अतिक्रमणकारियों को हटाया जाए और एम्स कैंपस के साथ पूरी मुख्य सड़क को भी अतिक्रमण मुक्त किया जाए। कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि इस रोड पर सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक किसी भी भारी वाहन को चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### भारी वाहनों की एंट्री पर भी पाबंदी



### जनहित याचिका में हालात की भयावहता

इस मुद्दे को लेकर चंद्रशेखर की ओर से गत वर्ष जनहित याचिका दायर की गई थी। इसमें एम्स रोड पर लगातार बढ़ते अतिक्रमण और यातायात की समस्या को लेकर राज्य सरकार से कार्रवाई की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से एम्स रोड पर अतिक्रमण और इसकी वजह से हो रहे भयावह हालात की तरफ कोर्ट का ध्यान आकर्षित किया गया।

### हाईकोर्ट के अतिक्रमण हटाने के सख्त निर्देश

हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई 9 दिसंबर के लिए तय करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इस तारीख से पहले गेट नंबर 3 और 4 पर स्थित सभी अतिक्रमणकारियों को हटाया जाना जरूरी है। एम्स कैंपस के साथ-साथ पूरी मुख्य सड़क को भी अतिक्रमण मुक्त करना होगा। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि इस रोड पर किसी भी भारी वाहन को चलने की अनुमति नहीं होगी।

### जिला कलेक्टर की जिम्मेदारी

कोर्ट ने जिला कलेक्टर और अन्य सभी एजेंसियों को निर्देश दिया है कि वे सुनिश्चित करें कि इस आदेश का सख्ती से पालन किया जाए। कोर्ट ने कहा कि जिला प्रशासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि अतिक्रमण हटाने और भारी वाहनों पर पाबंदी लगाने के निर्देशों का पूरी तरह से अनुपालन हो।

### सरकार की तरफ से एएजी ने पेश की रिपोर्ट

कोर्ट के पहले के आदेश के अनुसार अतिरिक्त महाधिवक्ता राजेश पंवार ने रिपोर्ट पेश की, जिसे कोर्ट ने रिकॉर्ड पर लिया।
इस रिपोर्ट में संभवतः एम्स रोड की वर्तमान स्थिति और अतिक्रमण की समस्या का विवरण दिया गया था।

**जैसलमेर में अज्ञात जानवर का आतंक**

# जंगली जानवर ने किया कुत्तों का शिकार

**शिकारी जानवर का नहीं लगा पाए पता**

**जैसलमेर।** जिले के सदर थाना इलाके के हांसुआ गांव में इन दिनों एक अज्ञात जानवर का आतंक फैला हुआ है। बीती सुबह करीब 5 बजे गांव की एक ढाणी में उस रहस्यमयी जानवर ने चार कुत्तों को मार डाला। वहीं गुरुवार सुबह भी डालाराम की ढाणी में भी कुछ कुत्तों के मारे जाने की घटना सामने आई है। गांव के बरकत खान ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से ढाणियों के आसपास रात को किसी बड़े जानवर की हलचल देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जानवर आमतौर पर अंधेरे में ही आता है। इससे ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची है और अज्ञात जानवर की पहचान के प्रयास कर रही है।

### वन विभाग की टीम दो बार मौके पर पहुंची

घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। विभाग के अधिकारी अब तक दो बार निरीक्षण कर चुके हैं, लेकिन अभी तक किसी जानवर का स्पष्ट सुराग नहीं मिला है। वन विभाग के डीएफओ कुमार शुभम ने बताया- "अज्ञात जानवर के पदचिह्नों की पहचान की जा रही है। टीम लगातार इलाके की निगरानी कर रही है और ग्रामीणों से अपील है कि वे रात को पशुओं को खुले में न छोड़ें। टीम अब तक दो बार मौके का निरीक्षण कर चुकी है। पदचिह्नों के आधार पर जानवर की पहचान की कोशिश की जा रही है। वन विभाग ने बताया कि संभव है यह जंगली जानवर कोई भेड़िया या अन्य शिकारी प्राणी हो, जो शिकार की तलाश में बस्ती के पास तक आ गया हो। विभाग ने टीम की मदद से क्षेत्र की निगरानी बढ़ाने की तैयारी की है।

**इस जानवर के कांटों से डरते बाघ-शेर**

# कब्रिस्तान में आधी रात दिखा साही

**अंधेरा होने से नहीं हो पाया रेस्क्यू**



**जोधपुर।** मण्डोर खेतानाड़ी स्थित शाह मस्सीउल्लाह कब्रिस्तान में बुधवार रात करीब 11 बजे एक अजीब नजारा देखने को मिला। कब्रिस्तान में एक साही (पॉर्क्युपाइन) घूमता दिखाई दिया, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। साही को देखकर डरे-सहमे स्थानीय लोगों ने तुरंत सर्प विशेषज्ञ इस्माइल रंगरेज को फोन किया और उसे बचाने के लिए मौके पर बुलाया। रंगरेज ने पहुंचकर देखा तो कब्रिस्तान में घना अंधेरा छाया हुआ था। इसी अंधेरे का फायदा उठाकर साही भागने में सफल रहा। बाद में इस्माइल रंगरेज ने लोगों को समझाया कि इस जानवर को साही (शैला) कहते हैं और यह खतरनाक नहीं होता, इसलिए डरने की कोई बात नहीं है। हालांकि, साही के कब्रिस्तान में दिखने की घटना को लेकर लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। जानकारों का कहना है कि साही पर हमला करने से पहले बाघ और तेंदुए भी सोचते हैं।

# सांसद ने बिजली समस्याओं को लेकर एमडी से की मुलाकात



**बालोतरा।** सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने बुधवार को जयपुर में राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक आईएएस सिद्धार्थ सिहाग से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने संसदीय क्षेत्र के बाड़मेर, जैसलमेर व बालोतरा जिलों में रबी सीजन के दौरान किसानों को निर्बाध कृषि बिजली आपूर्ति नहीं मिलने की समस्या से अवगत कराया। सांसद बेनीवाल ने सेड़वा उपखंड मुख्यालय पर किसानों की ओर से बिजली समस्याओं एवं मांगों को लेकर दिए जा रहे अनिश्चितकालीन धरने का उल्लेख करते हुए विभागीय अधिकारियों को किसानों की मांगों पर सहमति प्रदान कराने के निर्देश जारी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार की ओर से किए गए वादे के अनुरूप किसानों को दिन में नियमित 8 घंटे कृषि बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए। वर्तमान में किसानों को औसतन केवल 3 घंटे बिजली मिल रही है, जो रबी फसल की बुवाई के समय अत्यंत अपर्याप्त है। सांसद बेनीवाल ने कहा पिछले दो-तीन वर्षों से किसानों की ओर से डिमांड राशि जमा कराने के बावजूद नए कृषि बिजली कनेक्शन जारी नहीं किए जा रहे हैं, जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने घरेलू बिजली आपूर्ति को 24 घंटे नियमित करने, जर्जर पोलों एवं 20 वर्ष पुरानी बिजली लाइनों को बदलने, निर्माणाधीन एवं लंबित जीएसएस कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने, जीएसएस में लोड बढ़ाने के लिए लंबित एमवीए ट्रांसफार्मर की स्वीकृति जारी करने तथा स्मार्ट मीटर लगाने से पूर्व किसानों की सहमति लेने पर भी चर्चा की।

# बाड़मेर : अतिक्रमण हटाने गए अफसर ने दी गाली

**बाड़मेर।** अतिक्रमण हटाने गए यूआईटी सेक्रेटरी और आरएएस अधिकारी ने गाली दे दी। इसके बाद जब विरोध शुरू हुआ तो वे मीडिया के सामने बोले- मैंने कुछ भी नहीं बोला है। इससे पहले आरएलपी नेता हनुमान बेनीवाल और यूआईटी सचिव श्रवण सिंह राजावत के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि सचिव ने ये तक कह दिया कि पहले इसका इलाज करो। दरअसल, प्रदेशभर में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत यूआईटी सचिव पुलिस जाब्ता के साथ बाड़मेर-जैसलमेर रोड पर अतिक्रमण हटाने पहुंचे थे। इसी दौरान इन दोनों के बीच कहासुनी हो गई। यहां तक की सचिव ने वहां मौजूद टीम को पहले नेता का अ अतिक्रमण तोड़ने और पुलिस को शांतिभंग में गिरफ्तार करने तक के लिए कह दिया था। यूआईटी टीम हाईवे पर अतिक्रमण हटाने पहुंची तो आरएलपी नेता हनुमान बेनीवाल भी वहां पहुंच गए। उन्होंने आपत्ति जताते हुए कहा कि जब 20 नंवबर तक अतिक्रमण हटाना है तो सभी को समय दिया जाना चाहिए। तय समय पर समय देंगे तो अतिक्रमण को हटा लिया जाएगा। इसके साथ ही कार्रवाई भी वहां से शुरू करनी चाहिए, जहां से यूआईटी की सीमा शुरू होती है। अचानक बीच में से ये कार्रवाई करना सही नहीं है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच तकरार हो गई और कहासुनी बढ़ गई। वहां मौजूद लोगों का कहना था कि हम लोग अतिक्रमण हटा रहे थे लेकिन इसके बाद भी इसे जेसीबी से तोड़ने के लिए कहा गया।



# बोलेरो में ड्रग्स की तस्करी, आरोपी गिरफ्तार



- 11.52 ग्राम स्मैक, 16.22 ग्राम पाउडर बरामद
- गाड़ी जब्त, आरोपी से पूछताछ जारी

**बाड़मेर।** सिणधरी पुलिस ने एक ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 11.52 ग्राम स्मैक और 16.22 ग्राम पाउडर नुमा मादक पदार्थ बरामद किए गए। पुलिस ने तस्करी में उपयोग की जा रही बोलेरो कैंपर गाड़ी को भी जब्त किया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। एसपी रमेश ने बताया कि नशाखोरी पर नियंत्रण और पुलिस मुख्यालय की मंशा के अनुसार जिले में मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए ऑपरेशन विषभंजन चलाया जा रहा है। टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि बोलेरो कैंपर से मादक पदार्थ की तस्करी की जा रही है। सूचना पर पुलिस ने सिणधरी क्षेत्र में नाकाबंदी की। एक बोलेरो कैंपर को रुकवाया गया और ड्राइवर से पूछताछ की गई। उसने अपना नाम लक्ष्मणराम पुत्र हिमताराम निवासी एंव अमरसिंह, थाना सिणधरी बताया। संतोषजनक जवाब न देने पर गाड़ी और आरोपी की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 11.52 ग्राम स्मैक और 16.22 ग्राम पाउडरनुमा मादक पदार्थ मिला। पुलिस ने तुरंत आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और बोलेरो कैंपर को जब्त किया। आरोपी के खिलाफ पहले से भी एनडीपीएस एक्ट के तहत एक मामला दर्ज है।

## व्यापार जगत

**एस्ट्रोलॉजर स्कैम**

# पेमेंट लिंक से खाली हो रहे बैंक अकाउंट

**60 हजार करोड़ रुपए का मार्केट**

**नई दिल्ली।** इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर ने सोशल मीडिया पर ऑनलाइन एस्ट्रोलॉजर स्कैम्स के खिलाफ अलर्ट जारी किया है। साइबर क्रिमिनल्स फेक सर्टिफाइड एस्ट्रोलॉजर बनकर लोगों को फंसाते हैं, फ्री कंसल्टेशन से ट्रस्ट बनाते हैं और फिर पैसे मांगते हैं। एक पीड़ित ने बताया कि फ्री कंसल्टेशन के बाद 10,000 की डिमांड की गई, लेकिन पेमेंट लिंक से बैंक अकाउंट खाली हो गया। साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर ने कहा- डिस्ट्रेस्ड लोग क्विक सॉल्यूशंस की तलाश में फंस जाते हैं, इसलिए सावधानी जरूरी है। रेडसीर स्ट्रैटेजी कंसल्टेंट्स के मुताबिक भारत में एस्ट्रो मार्केट 60,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का हो चुका है। 2030 तक 10 गुना बढ़ने की उम्मीद है।



### एस्ट्रोटॉक के 84% यूजर्स 35 साल से कम

एस्ट्रोटॉक जैसे प्लेटफॉर्म्स पर महीने में 50 लाख पेड कंसल्टेशन हो रहे हैं। इसके फाउंडर पुनीत गुप्ता कहते हैं, एप पर 7 करोड़ यूजर्स में 84% 35 साल से कम उम्र के है।

### 60,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का मार्केट

रेडसीर स्ट्रैटेजी कंसल्टेंट्स के मुताबिक भारत में एस्ट्रो मार्केट 60,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का हो चुका है। केवल भारत में ही नहीं अमेरिकी मार्केट में भी ये पॉपुलर हो रही है। अलाइड मार्केट रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका में ऑनलाइन एस्टोलॉजी के मार्केट की वैल्यू करीब 3 बिलियन डॉलर का है। अगले पांच सालों में ये तीन गुना बढ़ सकता है।

### ऑनलाइन ज्योतिष बढ़ने के बड़े कारण

आजकल 35 साल से कम उम्र वाले लड़के-लड़कियां ज्यादा एप्स यूज करते हैं। उन्हें करियर, लव लाइफ या जॉब की टेंशन होती है, तो वे सोशल मीडिया पर स्क्रॉल करते हुए ही क्विक कंसल्टेशन ले लेते हैं। एआई से सस्ता कंसल्टेंशनः AI टूल्स ने गणना तेज कर दी है। ये इंसान से 5 गुना ज्यादा सवालों का जवाब एक ही टाइम में दे सकता है। ये बायस्ड नहीं होता और सस्ता भी है।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के 107वें स्थापना दिवस का आयोजन

**मुंबई।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 11 नवंबर, 2025 को बैंक के 107वें स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर, मुंबई के बीकेसी स्थित जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बैंकिंग सेवाओं में विश्वास, नवाचार और उत्कृष्टता की एक शताब्दी से अधिक की उपलब्धि को दर्शाया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एम. नागराजू, आईएएस, सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस), वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, की गरिमामय उपस्थित रही। इस अवसर पर बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ आशीष पाण्डेय, कार्यपालक निदेशक नितेश रंजन, रामसुब्रमणियन एस. एवं संजय रुद्र, मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय कुमार सिंह और बैंक के निदेशक मंडल के निदेशकगण, साथ ही बैंक के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और सम्मानित ग्राहक भी उपस्थित रहे।




### 16 करोड़ ग्राहक बैंक से जुड़े

इस अवसर पर प्रबंध निदेशक एवं सीईओ आशीष पाण्डेय द्वारा 107वें स्थापना दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर सभी का स्वागत किया गया। उन्होंने बताया, हमारे बैंक का स्थापना दिवस केवल दीर्घायु का उत्सव नहीं है, बल्कि एक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के रूप में विरासत, विश्वास, लचीलेपन और राष्ट्र के प्रति निरंतर समर्पित सेवा का उत्सव है। उन्होंने आगे बताया कि इस स्थापना दिवस समारोह में मुंबई में 9000 लोग उपस्थित रहे और बैंक के 140 क्षेत्रीय कार्यालयों और 22 अंचल कार्यालयों से लगभग 50,000 से अधिक कर्मचारी, ग्राहक और अन्य गणमान्य व्यक्ति वर्चुअल माध्यम से देश भर से जुड़े। 30 सितंबर तक, बैंक का वैश्विक कारोबार 22.10 लाख करोड़ रुपये का है, और 16 करोड़ ग्राहक बैंक से जुड़े हैं।

## राशिफल

14 नवंबर 2025

**मेष** (अ, आ, चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो): आज ऊर्जा और उत्साह से भरे रहेंगे। नए कार्यों की शुरुआत के लिए समय अनुकूल है। पारिवारिक जीवन में खुशियाँ रहेंगी। विद्यार्थियों को सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार संभव है। लकी रंगः लाल लकी अंकः 9

**वृष** (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो): दिन व्यस्त रहेगा लेकिन मेहनत का फल मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। परिवार में सौहार्द रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, तनाव से दूर रहें। धन लाभ संभव है। लकी रंगः हरा लकी अंकः 6

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह): आज आपकी बुद्धिमत्ता से कार्य सफल होंगे। मित्रों का सहयोग मिलेगा। नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। सेहत सामान्य रहेगी। लकी रंगः पीला लकी अंकः 5

**कर्क** (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो): परिवार और करियर दोनों में संतुलन बनाए रखें। भावनाओं पर नियंत्रण जरूरी है। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन लाभकारी रहेगा। यात्रा से लाभ होगा। लकी रंगः सफेद लकी अंकः 2

**सिंह** (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे): आत्मविश्वास से भरपूर दिन रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के संकेत हैं। पुराने विवाद सुलझ सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आर्थिक लाभ संभव है। लकी रंगः सुनहरा लकी अंकः 1

**कन्या** (ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो): आज कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। निवेश सोच-समझकर करें। लकी रंगः नीला लकी अंकः 3

**तुला** (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते): भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। व्यापार में नए अवसर प्राप्त होंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। सेहत अच्छी रहेगी। लकी रंगः गुलाबी लकी अंकः 7

**वृश्चिक** (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू): आज आत्मविश्वास बढ़ेगा। रुके हुए काम पूरे होंगे। धन लाभ के योग बन रहे हैं। परिवार के साथ समय बिताने से मन प्रसन्न रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। लकी रंगः मैरून लकी अंकः 8

**धनु** (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे): मेहनत का पूरा फल मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग के लिए समय अनुकूल है। प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी। कार्यक्षेत्र में तरक्की के अवसर हैं। लकी रंगः नारंगी लकी अंकः 4

**मकर** (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी): आज का दिन संतुलित रहेगा। पारिवारिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। काम में स्थिरता बनी रहेगी। लकी रंगः ग्रे लकी अंकः 5

**कुम्भ** (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा): आज आपकी योजनाएँ सफल होंगी। पुराने मित्रों से सहयोग मिलेगा। व्यापार में लाभ होगा। परिवार में प्रेम और सौहार्द रहेगा। मानसिक शांति बनी रहेगी। लकी रंगः बैंगनी लकी अंकः 8

**मीन** (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची): दिन आनंदमय रहेगा। नई योजनाएँ सफलता देंगी। परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। आर्थिक पक्ष सुदृढ़ होगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। लकी रंगः आसमानी लकी अंकः 3

**शेयर बाजार में सपाट कारोबार**

# सेंसेक्स 12 अंक चढ़कर 84,478 पर बंद

**निफ्टी 3 अंक चढ़ा, एफएमसीजी शेयर गिरे**

**मुंबई।** हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को बाजार गिरावट और तेजी के बाद फ्लैट बंद हुआ। सेंसेक्स 12 अंक चढ़कर 84,478 पर वहीं निफ्टी 3 अंक की तेजी के साथ 25,879.15 पर क्लोज हुआ। सेंसेक्स के 30 में 20 शेयरों में गिरावट रही।
टाटा कॉमर्शियल व्हीकल (टीएमसीवी), जोमैटो और इंफोसिस के शेयर्स 4% तक गिरे हैं। वहीं एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक और पवारग्रिड के शेयर 3.8% तक चढ़े।



### ग्लोबल मार्केट में मिलाजुला कारोबार

एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई इंडेक्स 0.43% चढ़कर 51,281 पर और कोरिया का कोस्पी 0.49% बढ़कर 4,170 पर बंद हुआ है। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स (0.56% चढ़कर 27,073 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.73% चढ़कर 4,029 पर क्लोज हुआ है। 12 नवंबर को अमेरिका का डाउ जोन्स 0.68% बढ़कर 48,255 पर बंद हुआ। वहीं, नैस्डेक कंपोजिट 0.26% गिरा। S&P 500 0.063% चढ़कर बंद हुआ।

# जेपी इंफ्राटेक का मैनेजिंग डायरेक्टर गिरफ्तार

**12,000 करोड़ की हेराफेरी का आरोप**

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय ने जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज गौर को मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार किया है। यह मामला घर खरीदने वालों से लिए गए 12,000 करोड़ रुपए के फंड डायवर्शन (पैसों की हेराफेरी) से जुड़ा है। कंपनी के खिलाफ यह मामला 2017 से चल रहा है। इसमें करीब 21,000 फ्लैट के लिए एडवांस पैसे देने वाले लोग फंस चुके हैं।



### क्या है पूरा मामला

जेपी इंफ्राटेक एनसीआर का एक बड़ा रियल एस्टेट डेवलपर था, जो यमुना एक्सप्रेसवे पर विश टाउन और जेपी ग्रीन्स जैसे प्रोजेक्ट्स बना रहा था। लेकिन 2017 में आईडीबीआई बैंक ने 526 करोड़ रुपए के डिफॉल्ट पर एनसीएलटी इलाहाबाद में पिटीशन दाखिल की। 9 अगस्त 2017 को इन्सॉल्वेंसी प्रोसेस शुरू हो गया। इसमें 21,000 से ज्यादा लोग फ्लैट्स बुक करने के बाद बिना घर के रह गए। बाद में, सुप्रीम कोर्ट ने दखल दिया और IBC में अमेंडमेंट करवाया, जिससे होमबायर्स को फाइनेंशियल क्रेडिटर्स का स्टेटस मिला।

### फंड्स दूसरी कंपनियों में ट्रांसफर करने का आरोप

- ईडी के अधिकारियों ने बताया कि गौर ने कंपनी के फैसलों में अहम रोल निभाया और फंड्स को ग्रुप की दूसरी कंपनियों में ट्रांसफर किया। ईडी ने यह गिरफ्तारी दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और मुंबई में 15 लोकेशन्स पर छापेमारी के बाद की है। छापों में 1.7 करोड़ रुपए कैश, डिजिटल डेटा और प्रॉपर्टी डॉक्यूमेंट्स जब्त किए गए। ईडी के मुताबिक, जेपी ग्रुप की जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड और जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड में बड़े लेवल पर वित्तीय अनियमितताएं हुईं।

### 8-10 साल से इंतजार में हजारों लोग

- इन प्रोजेक्ट्स में फ्लैट के लिए एडवांस देकर हजारों लोग पिछले 8-10 साल से इंतजार कर रहे हैं। नोएडा के विश टाउन में बुकिंग करने वालों ने प्रोटेस्ट्स किए, लेकिन फंड्स डायवर्शन की वजह से कंस्ट्रक्शन रुका। ईडी के एक अधिकारी ने कहा, यह केस क्रिमिनल कॉन्स्पिरेसी और डिशोनेस्ट इंड्यूसमेंट का है, जहां खरीदारों को झूठे वादों पर पैसे लिए गए।



संभावित 11 में पंत और जुरेल, गिल की अग्नि परीक्षा

## भारत-दक्षिण अफ्रीका टेस्ट सीरीज

# टेस्ट चैंपियन से आज लोहा!

**कोलकाता।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला शुक्रवार से कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। टी20 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद अब टीम इंडिया एक बार फिर रेड बॉल प्रारूप में लौट आई है। ईडन गार्डन्स में छह साल बाद टेस्ट क्रिकेट की वापसी हो रही है। कप्तान शुभमन गिल की अगुवाई में भारत अपने घरेलू प्रदर्शन को और मजबूत करने उतरेगा, जबकि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका इतिहास दोहराने उतरेगा।

### ऋषभ पंत की वापसी, नीतीश रेड्डी बाहर

- भारतीय टीम के लिए सबसे बड़ी राहत की खबर है ऋषभ पंत की वापसी। पैर की चोट से उबरने के बाद वह फिर से टीम में शामिल हो गए हैं और उम्मीद है प्लेइंग इलेवन में उतरेंगे। इसके अलावा ध्रुव जुरेल के भी खेलने की पूरी संभावना है। वह स्पेशलिस्ट बल्लेबाज के तौर पर खेलेंगे। वहीं, नीतीश रेड्डी को बाहर बैठना पड़ेगा। उन्हें टीम से रिलीज भी कर दिया गया है। दिल्ली में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले गए टेस्ट से इस टीम में यही एक प्रमुख बदलाव माना जा रहा है। जुरेल ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका-ए के खिलाफ दो शतक जमाए थे। उनके खेलने से प्लेइंग-11 मजबूत होगी।

### चार स्पिनर में तीन ऑलराउंडर

- मैच में चार स्पिनर भी खेल सकते हैं। रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और वॉशिंगटन सुंदर लोअर ऑर्डर में ठोस बल्लेबाजी भी कर सकते हैं। इससे आठवें नंबर तक भारत के पास बल्लेबाजी के विकल्प होंगे। साथ ही कुलदीप यादव को चौथे स्पिनर के रूप में खिलाया जा सकता है। इसके अलावा जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के रूप में दो तेज गेंदबाज खेल सकते हैं। गिल ने भी अक्षर, जडेजा और सुंदर को भारतीय टीम की ताकत बताया। ऐसे में इनके खेलने की संभावना प्रबल है। भारत अगर सुदर्शन के साथ उतरता है तो एक स्पिनर कम करना पड़ेगा। या फिर चौथे स्पिनर की जगह तेज गेंदबाज को मौका मिलेगा।

### बावुमा और टीम के अहम खिलाड़ी फिट

- चोट से उबरने के बाद बावुमा ने भारत 'ए' के खिलाफ हाल में एक क्लासिक फिफ्टी जड़ी थी, जिससे उनका फॉर्म वापस आने के संकेत मिले। कोच कॉनराड ने उन्हें टीम का सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज बताया। पिछले महीने पाकिस्तान के खिलाफ 1-1 की बराबरी के बाद दक्षिण अफ्रीका का आत्मविश्वास और भी बढ़ा है। अब वे उस ऐतिहासिक जीत की तलाश में हैं, जो उन्होंने भारत में 1991 के बाद से कभी नहीं हासिल की। यह भी देखने वाली बात है कि बावुमा की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका की टीम अब तक अजेय है, यानी कोई टेस्ट नहीं हारी है।

# शेन वॉटसन केकेआर के सहायक कोच



### पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर अभिषेक नायर के साथ करेंगे काम

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने गुरुवार को पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वॉटसन को इंडियन प्रीमियर लीग के 2026 में होने वाले टूर्नामेंट के लिए अपना सहायक कोच नियुक्त किया। वॉटसन ने 59 टेस्ट, 190 वनडे और 58 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया, जिनमें उन्होंने 10,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाए और सभी प्रारूपों में 280 से अधिक विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर शेन वॉटसन अभिषेक नायर के साथ काम करेंगे, जिन्हें हाल ही में तीन बार की पूर्व चैंपियन केकेआर टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।

वॉटसन इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़े हुए थे। शेन वॉटसन ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ''मैं कोलकाता को एक और खिताब दिलाने के लिए कोचिंग समूह और खिलाड़ियों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।'' वॉटसन ऑस्ट्रेलिया की 2007 और 2015 में विश्व कप जीतने वाली टीम का अहम हिस्सा थे। वह एक खिलाड़ी के रूप में 2008 से 2020 तक आईपीएल से भी जुड़े रहे।

उन्होंने आईपीएल में 145 मैच खेले। उनके नाम चार शतक है। वह राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स की चैंपियन टीमों का हिस्सा भी रहे। केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने कहा, ''शेन वॉटसन का केकेआर परिवार में स्वागत करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। एक खिलाड़ी और कोच के रूप में उनका अनुभव हमारी टीम की संस्कृति और तैयारी में बहुत योगदान देगा।''44 वर्षीय वॉटसन आईपीएल के दिग्गज खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 12 सीजन खेले हैं। उन्होंने 2008 में राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल के पहले सीरीज में शानदार जीत दिलाई थी। उन्होंने उस सीजन में एमवीपी का खिताब जीता था और 2013 में फिर से यह कारनामा दोहराया था। इस बीच, ड्वेन ब्रावो केकेआर टीम के मेंटर बने रहेंगे। कोलकाता ने भारतीय टीम के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर को अपना नया मुख्य कोच नियुक्त किया। नायर 2018 से केकेआर से जुड़े हुए हैं और उनके टीम प्रबंधन के अहम सदस्यों में से एक हैं। टीम चयन के मामले में ड्रेसिंग रूम में उनका काफी दबदबा रहा है।

# जापान ओपन: क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य सेन की दमदार एंट्री

**सिंगापुर।** भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने गुरुवार को यहां सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके कुमामोतो मास्टर्स जापान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, लेकिन एचएस प्रणय का सफर दूसरे दौर में ही समाप्त हो गया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता सेन ने 39 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया के 20वें नंबर के खिलाड़ी तेह को 21-13, 21-11 से हराया। विश्व के 15वें नंबर के खिलाड़ी सेन का क्वार्टर फाइनल में मुकाबला सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू से होगा। भारत के एक अन्य खिलाड़ी प्रणय को हालांकि 46 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच में डेनमार्क के रासमस गेम्के के हाथों 18-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। लक्ष्य ने पहले गेम में 8-5 की बढ़त बना ली थी। इसके बाद तेह ने कुछ देर के लिए 10-9 की मामूली बढ़त हासिल कर ली, लेकिन ब्रेक तक भारतीय खिलाड़ी ने फिर बढ़त बना ली। दोनों खिलाड़ियों के बीच 14-13 के स्कोर तक कड़ा मुकाबला देखने को मिला लेकिन इसके बाद लक्ष्य ने लगातार सात अंक बनाकर पहला गेम अपने नाम कर दिया।लक्ष्य ने दूसरे गेम में शुरू से अच्छा प्रदर्शन किया और जल्द ही 5-0 की बढ़त बना ली।



## मुंबई इंडियंस ने शार्दुल ठाकुर को खरीदा

मुंबई। आईपीएल 2026 के लिए प्लेयर्स को रिटेन करने की डेडलाइन खत्म होने से पहले टीमों के बीच ट्रेड डील तेज हो गई है। मुंबई इंडियंस ने तेज गेंदबाज ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को लखनऊ सुपर जायंट्स से खरीद लिया है। फ्रेंचाइजी ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की है, लेकिन यह डील किन शर्तों पर हुई है, इसका खुलासा अभी नहीं हुआ है। इससे पहले चर्चा चल रही थी कि मुंबई अपने तेज गेंदबाज दीपक चाहर की जगह शार्दुल ठाकुर को लेने की कोशिश में है, जिसके बदले वो अर्जुन तेंदुलकर को एलएसजी को सौंपने को तैयार है। अब शार्दुल तो अपने 'घर' मुंबई लौट आए हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि उनकी जगह अर्जुन तेंदुलकर को दिया गया है या नहीं।

# न्यूजीलैंड ने 3-1 से जीती टी20 सीरीज

जैकब डफी के सामने वेस्टइंडीज का सरेंडर

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड ने गुरुवार को डुनेडिन में खेले गए पांचवें टी20 मैच में वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हराकर 3-1 से सीरीज अपने नाम कर ली है। वेस्टइंडीज ने जीत के लिए 141 रनों का लक्ष्य दिया था जिसे मेजबान टीम ने 26 गेंद बाकी रहते ही सिर्फ 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। मैच में 4 विकेट लेने वाले जैकब डफी को प्लेयर ऑफ द मैच के साथ-साथ प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। सीरीज का पहला मैच वेस्टइंडीज ने जीता था और चौथा मैच बारिश की वजह से रद्द हुआ था। पांचवें और आखिरी टी20 मैच में वेस्टइंडीज की टीम पहले न्यूजीलैंड की धारदार गेंदबाजी के आगे पस्त नजर आई। मेहमान टीम पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल पाई और पूरी टीम 18.4 ओवर में 140 रन पर आउट हो गई। वेस्टइंडीज की आधी टीम 48 रन के स्कोर पर आउट हो चुकी थी। उस समय टीम का 100 रन पार करना भी मुश्किल लग रहा था लेकिन रोस्टन चेज के 32 गेंद में 38 रन, रोमारियो शेफर्ड के 22 गेंदों में ताबड़तोड़ 36 रन और जैसन होल्डर के 20 रन की बदौलत टीम 140 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा कर पाई।




# सीएसके के पास ऑक्शन में होंगे 30 करोड़ रुपए

### कई बड़े खिलाड़ियों को रिलीज करेगी टीम

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 ऑक्शन में चेन्नई सुपर किंग्स बड़े पर्स के साथ उतरेगी। कई बड़े खिलाड़ियों को रिलीज करने का फैसला चेन्नई सुपर किंग्स ने कर लिया है। इनमें न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र और डेवोन कॉनवे जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के अलावा कई भारतीय खिलाड़ियों का भी नाम है। हालांकि, चेन्नई की टीम मथीशा पथिराना के साथ बनी रहेगी और नैथन एलिस को भी रिलीज या ट्रेड नहीं करेगी। कई टीमों ने उनके ट्रेड के लिए संपर्क किया है। ईएसपीएन क्रिकइंफो की रिपोर्ट की मानें तो चेन्नई सुपर किंग्स के पास ऑक्शन में 30 करोड़ का पर्स हो सकता है। रचिन और कॉनवे के अलावा कई भारतीय खिलाड़ियों को टीम रिलीज करेगी जिससे पर्स में रकम बचेगी, जिसका इस्तेमाल टीम का सपोर्ट स्टाफ ऑक्शन में कर सकता है। चेन्नई सुपर किंग्स से नैथन एलिस को ट्रेड के जरिए कई टीमों ने मांगा है, लेकिन सीएसके ने सीधे तौर पर मना कर दिया है।



# मनोरंजन

## विक्की कौशल का मजाक बना हकीकत



विक्की कौशल और कटरीना कैफ इन दिनों अपने पैरेंटहुड को एंजॉय कर रहे हैं। हाल ही में कटरीना ने अपने पहले बच्चे को जन्म दिया है। अब हाल ही में काजोल और ट्विंकल खन्ना के टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' में पहुंचे विक्की कौशल ने कटरीना से अपनी पहली मुलाकात को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने इस सवाल का भी जवाब दिया कि क्या कटरीना कैफ उनसे बड़ी सुपरस्टार हैं?'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' के नए एपिसोड में विक्की कौशल अभिनेत्री कृति सेनन के साथ नजर आए। शो के दौरान विक्की कौशल ने कटरीना कैफ के साथ अपनी पहली मुलाकात के बारे में बात की। विक्की ने बताया कि कैटरीना से पहली मुलाकात एक अवॉर्ड शो के बैकस्टेज पर हुई थी। जिसकी मेजबानी मैं खुद कर रहा था और वह मेहमान थीं। हम दोनों को स्टेज पर आना था। मुलाकात के पहले पांच मिनट में कटरीना मुझे शो होस्ट करना सिखा रही थीं। इस दौरान विक्की ने उस वायरल वीडियो के बारे में भी बात की, जिसमें विक्की अवॉर्ड फंक्शन में स्टेज पर ही कटरीना को शादी के लिए प्रपोज करते हैं। इसके बारे में विक्की ने बताया कि उस कार्यक्रम में मुझे कहा गया था कि स्टेज पर आने वाली किसी भी एक्ट्रेस को प्रपोज करना है। इसके बाद ही मैंने मजाक में कटरीना को प्रपोज किया था। जिसका वीडियो इंटरनेट पर काफी वायरल है। तभी ट्विंकल ने कहा कि उस समय विक्की और कैटरीना दोनों बड़े स्टार थे। इस पर विक्की ने तुरंत ही कहा कि वह (कटरीना) एक सुपरस्टार हैं।

## प्रकाश कौर चाहती थीं घर पर रहें धर्मेंद्र



धर्मेंद्र को 12 नवंबर को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया था। 89 वर्षीय एक्टर मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती थे। उनका इलाज कर रहे डॉ. प्रतित समदानी ने बताया था कि धर्मेंद्र को सुबह साढ़े सात बजे छुट्टी दे दी गई। परिवार चाहता है कि उनका इलाज घर से किया जाए। पर सवाल उठ रहा है कि क्या धर्मेंद्र की अस्पताल से छुट्टी पहली पत्नी प्रकाश कौर के कारण करवाई गई? क्या प्रकाश कौर चाहती थीं कि धर्मेंद्र को वापस घर ले आएं? धर्मेंद्र को 10 नवंबर को सांस लेने में तकलीफ के बाद अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। डॉ. प्रतित समदानी ने में बताया कि धर्मेंद्र के दोनों बेटे- सनी और बॉबी देओल और पत्नी प्रकाश कौर चाहती थीं कि धर्मेंद्र वापस अपने घर आ जाएं और समय घर पर बिताएं। इसलिए धर्मेंद्र को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया।

## पेरेंट्स को हुमा कुरैशी पर नहीं था विश्वास



हुमा कुरैशी ने साल 2012 में अनुराग कश्यप की फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर से डेब्यू किया था। मूवी में उनके रोल की काफी तारीफ की गई थी। हुमा कुरैशी ने अपने पहले ऑफर से जुड़ा मजेदार एक्सपीरियंस बताया है। वह फिल्म के लिए चुनी गईं तो उनके पेरेंट्स को लगा कि हुमा को कौन फिल्म देगा, जरूर उन्हें किसी प्रॉस्टिट्यूशन रैकेट में फंसाया जा रहा है। हालांकि वो फिल्म नहीं बन पाई। हुमा ने बताया कि 'मेरे पेरेंट्स को यकीन नहीं हुआ था। उन्हें लगा, कोई मुझे क्यों कास्ट करेगा? उन्हें पक्का यकीन था कि ये फिल्म का ऑफर नहीं कोई प्रॉस्टिट्यूशन रैकेट है।' हुमा बोलीं, 'अब मैं पुरानी बात सोचती हूं तो बोलती हूं कि आप लोगों को जरा भी भरोसा नहीं था कि मैं अपने लिए कुछ कर सकती हूं। लेकिन हां उन्हें समझाने में वक्त लगा क्योंकि मेरे मां-बाप इस दुनिया के नहीं हैं। यहां तक कि अब भी उनमें इंडस्ट्री के तौर-तरीके इतने नहीं पता।' हुमा ने अपने पहले ऑफर के बारे में बताया, 'मैं ऑफिस गई, मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी, अगले दिन उन लोगों ने स्क्रीन टेस्ट के लिए बुला लिया। दोपहर तक उन लोगों ने बताया कि मैं सिलेक्ट हो गई हूं। हालांकि वो फिल्म नहीं बनी, जो कि दुख की बात थी।' हुमा को बाद में अनुराग की फिल्म मिली थी।

## 'शादी की हो एक्सपायरी डेट', काजोल को फैंस की खरी-खरी



प्राइम वीडियो के चैट शो टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल के लेटेस्ट एपिसोड में कृति सेनन और विकी कौशल मेहमान बनकर पहुंचे। इस चैट शो के दिस एंड दैट सेगमेंट में एक सवाल आया कि क्या शादी की एक्सपायरी और रिन्यूअल डेट होने चाहिए। इसपर काजोल ने कहा कि हां, उन्हें लगता है कि ऐसा होना चाहिए। वहीं, ट्विंकल खन्ना काजोल की बातों से सहमत नहीं दिखीं। क्या शादी की एक्सपायरी और रिन्यूअल डेट होने चाहिए? इस सवाल के जवाब में ट्विंकल खन्ना, विकी कौशल और कृति सेनन ने नहीं कहा और रेड बॉक्स में खड़े हुए। वहीं, काजोल ने कहा कि हां, होनी चाहिए और हरे बॉक्स में जाकर खड़ी हो गईं। इसपर ट्विंकल ने कहा- नहीं, ये शादी है, वासिंग मशीन नहीं कि इसकी एक्सपायरी और रिन्यूअल डेट होनी चाहिए। वहीं, काजोल के बयान पर फैंस भड़क गए काजोल के इस बयान पर सोशल मीडिया दो भागों में बंटा हुआ नजर आया। एक यूजर ने लिखा- उसे डायवोर्स कहते हैं काजोल, ये सवाल पूछा भी क्यों गया? एक दूसरे यूजर ने लिखा- एक्सपायरी डेट आप पर निर्भर करती है। अगर आप खुश नहीं है तो तलाक ले लीजिए।

## 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' का पोस्टर जारी




बॉलीवुड अभिनेता संजय मिश्रा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' से चर्चा में हैं। अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म से जुड़ा नया पोस्टर साझा किया है। इसमें वो महिमा चौधरी के साथ रोमांटिक अंदाज में दिख रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने शानदार कैप्शन भी दिया गया है। बॉलीवुड एक्टर्स संजय मिश्रा और महिमा चौधरी ने संयुक्त रूप से इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया है। ये पोस्टर उनकी आगामी फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' का है। इसमें दोनों कलाकार एक-दूसरे की तरफ पीठ करके बैठे हुए हैं और दोनों किताबें पढ़ने में लगे हुए हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, 'हो ले जाएंगे ले जाएंगे, दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे। अरे रह जाएंगे रह जाएंगे, पैसेवाले देखते रह जाएंगे।' इस पोस्ट के सामने आते ही सोशल मीडिया पर नेटिजंस की प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। एक यूजर ने कहा, 'संजय सर आप मेरे सबसे पसंदीदा है।' दूसरे यूजर ने बोला, 'एकदम से आउट ऑफ सिलेबस कर दिया मालिक आपने।' वहीं एक अन्य यूजर ने कमेंट सेक्शन में लिखा, 'हम यह फिल्म जरूर देखेंगे।' इसके अलावा अन्य यूजर ने कहा, 'वाह शानदार, इंतजार नहीं हो रहा है।'

## जिले के प्रभारी सचिव एसीएस अश्विनी भगन ने ली सेवा शिविरों व योजनाओं की समीक्षा बैठक

# आमजन को उपलब्ध कराएं त्वरित राहत : भगत






**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिले के प्रभारी एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव अश्विनी भगत ने गुरुवार को जिला परिषद सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों, सेवा शिविरों, राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं और जनसुनवाई व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से आमजन को राहत दी जाए और उनकी समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर और समयबद्ध रूप से किया जाए। एसीएस भगत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई और सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का समाधान भी गुणात्मक और संख्यात्मक दोनों स्तरों पर प्रभावी ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का उद्देश्य तभी पूरा होगा जब आमजन को वास्तविक लाभ मिले। उन्होंने पं दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त योजना, विधायक-सांसद विकास कार्य' म, स्वामित्व योजना, ड्रोन दीदी, राजीविका, तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग की सड़कों की मरम्मत और पेचवर्क जैसे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

### जेजेएम के कार्य समय पर करें पूर्ण

उन्होंने पीएचइडी विभाग को जेजेएम (जल जीवन मिशन) के तहत पेयजल वितरण, सफाई और मरम्मत कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। बिजली विभाग को रूफ टॉप सोलर योजना, पीएम सूर्यघर योजना और कुसुम ए, बी, सी योजनाओं की प्रगति पर ध्यान देने को कहा। इसी प्रकार कृषि विभाग, फर्टिलाइजर वितरण, चिकित्सा विभाग में डेंगू, मलेरिया जैसी मौसमी बीमारियों की रोकथाम और दवाओं की उपलब्धता की भी समीक्षा की। बैठक में जिला कलक्टर एल.एन. मंत्री ने जिले में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की।

### यह भी रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रशिक्षु आइएएस बिरजू गोपाल, डीएफओ बाला मुरूगन, एडीएम डॉ. बजरंगसिंह, एडीएम ओम प्रभा, सीइओ जिला परिषद मुकेश चौधरी, यूआइटी सचिव डॉ. पूजा सक्सेना, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## भामाशाह परमार ने विद्यार्थियों को बांटे स्वेटर



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** राजकीय जनजाति आवासीय विद्यालय सुमेरपुर में गुरुवार को समाजसेवी, युवा नेता व भामाशाह सुरेंद्र परमार कोसेलाव ने कक्षा 6 के विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए। सर्दी की दस्तक के बीच स्वेटर पाकर आदिवासी बच्चों के चेहरे खिल उठे। समाजसेवी दीपक गोयल व नरेश सांखला ने विद्यालय में बच्चों की आवश्यकता को देखकर भामाशाह को प्रेरित किया। प्रेरणा मिलते ही सुरेंद्र परमार आगे आए और स्वेटर वितरण का बीड़ा उठाया। विद्यालय पहुंचकर सभी बच्चों को स्वेटर वितरित किए। प्रधानाचार्य गजेंद्र बेंदा ने भामाशाह का माला, साफा व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। कार्य' म का संचालन योग शिक्षक ललित मेघवाल ने किया। भामाशाह परमार ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधुरा हैं। लक्ष्य तय करो और पूरी मेहनत से पढ़ाई करो। साथ ही खेलों में भी भाग लेकर अपने परिवार व गांव का नाम रोशन करें। उन्होंने विद्यालय परिवार को आश्वासन दिया कि उनकी ओर से किसी भी अन्य सेवा की आवश्यकता हो तो वे सदैव तैयार हैं। इस दौरान परमार ने 50 स्वेटर जनजाति आवासीय आश्रम नोवी में देने की घोषणा की। प्रेरक नरेश सांखला व दीपक गोयल बच्चों को माता-पिता का सम्मान करने, शिक्षकों के बताए मार्ग पर चलने और शिक्षा से अपने जीवन को नई दिशा देने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य बेंदा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर पखवाड़ा उत्सव कार्य' म के तहत 15 नवंबर को प्रभात फेरी निकाली जाएगी। कार्य' म में विद्यालय कार्मिक रताराम, शंकरलाल, प्रवीण कुमार, अदिति, गोविंद कुमार, दिनेश कुमार, सुराराम सहित अन्य उपस्थित रहे।

## महिलाओं को दी योजनाओं की जानकारी



**बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान पर आमुखीकरण कार्यक्रम**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिला प्रशासन और महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को सुंधा माता शिक्षण संस्था उच्च माध्यमिक विद्यालय में आमुखीकरण कार्य' म का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सरकारी योजनाओं से जोड़ते हुए उनके सशक्तिकरण को बढ़ावा देना रहा। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक भागीरथराम के निर्देशानुसार आयोजित कार्य' म में विभाग द्वारा संचालित बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन की जेंडर स्पेशलिस्ट राजश्री ने कालीबाई भील महिला संबल शिक्षा सेतु योजना को लेकर बताया कि यह योजना उन महिलाओं और बालिकाओं के लिए है जिनकी पढ़ाई किसी कारणवश बीच में छूट गई है। राज्य की मूल निवासी महिलाएं इस योजना के तहत ओपन स्कूलिंग के माध्यम से 10वीं और 12वीं की पढ़ाई पूरी कर सकती हैं। इसमें 10वीं कक्षा के लिए न्यूनतम आयु 14 वर्ष और 12वीं कक्षा के लिए 15 वर्ष निर्धारित की गई है। राजश्री ने लाड़ो प्रोत्साहन योजना की जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना बेटियों के जन्म से लेकर स्नातक तक की शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करती है। राज्य सरकार की ओर से इस योजना के तहत राज्य के सरकारी या मान्यता प्राप्त निजी अस्पतालों में जन्मी बालिकाओं को कुल डेढ़ लाख की सहायता राशि दी जाती है।

### महिला सुरक्षा सलाह केंद्र से कराया अवगत

कार्य' म में एमटीएस इंदू बाला ने सखी वन स्टॉप सेंटर और महिला सुरक्षा सलाह केंद्र की सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा महिलाओं को इनसे जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य पूरणकुमार, अध्यापिका नेहा जोशी और बबीता सहित अनेक छात्राएं उपस्थित रहीं।

## विधायक राणावत के सान्निध्य में वितरित किए पट्टे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**फालना।** नगर पालिका में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक पुष्पेंद्रसिंह राणावत के सान्निध्य में आमजन को पट्टे वितरित किए गए। इस दौरान वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति फालना खुड़ाला की ओर से विधायक राणावत एवं पालिकाध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति के नाम थाई भूमि आवंटन की मांग की गई। ताकि भवन निर्माण कर समिति का कार्य सुचारू रूप से किया जा सके। इस पर विधायक आदि ने शीघ्र ही सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष गोपालसिंह चौहान, सचिव कैलाश बी जोशी, उपाध्यक्ष मानसिंह देवड़ा, संगठन मंत्री जसवंतसिंह देवड़ा, संरक्षक रामकिशोर गोयल, प्रवक्ता चंपालाल भाटी, सह प्रवक्ता सुखसिंह खंगारोत, हाजी सत्तारभाई पठान, डॉ सुरेशचंद्र अग्रवाल, नारायणसिंह राजपुरोहित, वरदीचंद मालवीय, देवीसिंह गहलोत, इंद्रजीतसिंह एवं गणमान्य वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

## टोल प्लाजा पर नेत्र व स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

### सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**पाली।** जिला कलेक्टर एलएन मंत्री के निर्देशन में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को पाली जिले के गाजनगढ़, बिरामी और जाड़न टोल प्लाजा पर निःशुल्क नेत्र व स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए गए। सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल के अनुसार इसके तहत वाहन चालकों के स्वास्थ्य और दृष्टि की जांच की जा रही है ताकि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम में मदद मिल सके। यह अभियान मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाइवे के निर्देशानुसार 18 नवम्बर तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि गुरुवार को आयोजित शिविरों में गाजनगढ़ टोल प्लाजा पर ऑप्टोमोलॉजिस्ट जितेन्द्र कुमार, खुशबू और आशीष, जाड़न टोल पर ईश्वर सिंह और गरिमा चौहान जबकि बिरामी टोल प्लाजा पर चेतन कुमार, सरिता चौधरी, योगेश और अभिषेक ने वाहन चालकों की आंखों की जांच की। जांच के दौरान कई वाहन चालकों को निशुल्क चश्में वितरित किए गए और आइ ड्रॉप भी प्रदान की गई। इस दौरान डॉक्टरों ने चालकों को नियमित रूप से आंखों की जांच करवाने और थकान में वाहन नहीं चलाने की सलाह दी। शिविरों में टोल कर्मचारियों सहित स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने भी भाग लिया। चिकित्सा विभाग की यह पहल सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने की

## राष्ट्र गीत वंदेमातरम के महत्व की दी जानकारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**नाडोल।** निकटवर्ती बड़ोद स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पहुंचे एसीबीइओ विजयसिंह माली ने प्रार्थना सभा में भगवान बिरसा मुंडा व राष्ट्र गीत वंदेमातरम के बारे में विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने इनसे प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया।

प्रधानाचार्य संदीप देवल के अनुसार माली ने भगवान बिरसा मुंडा के जन्म के 150वें वर्ष व राष्ट्र गीत वंदेमातरम की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित स्मरणोत्सव में कहा कि बिरसा मुंडा ने समाज जागरण द्वारा स्वराज्य स्थापना हेतु ब्रिटिश शासन का प्रतिरोध किया। इसी प्रकार राष्ट्र गीत वंदेमातरम ने राष्ट्रभक्ति व देश प्रेम का पर्याय बन स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों को प्रेरित कर स्वतंत्रता आंदोलन में महती भूमिका निभाई। उन्होंने विद्यार्थियों व स्टाफ को स्वदेशी की शपथ दिलाते हुए राष्ट्रनिर्माण में महती भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया। उप प्राचार्य नारायणलाल हिंगड़ ने स्मरणोत्सव की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए परिचय कराया। इस अवसर पर नरेंद्रसिंह चंपावत ,पोकरलाल, रणजीतसिंह, राजाराम चौधरी, गंगासिंह, यशपाल गर्ग, सत्येन्द्रकुमार शर्मा, धूली समेत समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। माली ने शाला संबलन के तहत विद्यालय में चल रही प्रखर राजस्थान की कक्षाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तत्पश्चात राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सरथूर का अवलोकन कर संबलन प्रदान किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक मुरारीलाल मीणा, वि' मसिंह राजावत, बजरंगलाल कुमावत सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## बाइकों की भिड़ंत में एक गंभीर घायल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**देसूरी।** क्षेत्र के सेली माता सड़क मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में सिर में चोट लगने से एक बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार हादसे में रेबारियों की ढाणी निवासी हरीराम पुत्र गोमाराम देवासी गंभी घायल हो गया। लोगों ने उसे तत्परता अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे पाली रैफर कर दिया गया।

## तंबाकू मुक्त युवा अभियान : तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों से कराया अवगत

### बांगड़ स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**





**पाली।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन द्वारा संचालित तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत गुरुवार को पीएमश्री राजकीय बांगड़ उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए विशेष जागरूकता कार्य' म आयोजित किया गया। यह अभियान जिलेभर में 8 दिसंबर तक चलेगा। कार्य' म के दौरान विद्यार्थियों को तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया और जीवनभर तंबाकू से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। एएनएम प्रशिक्षण केंद्र के प्रधानाचार्य एवं तंबाकू मुक्ति केंद्र प्रभारी केसी सैनी ने विद्यार्थियों से कहा कि तंबाकू का सेवन शरीर को धीरे-धीरे कमजोर करता है और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बनता है। उन्होंने कहा कि तंबाकू से तबाही तय है इससे बचें। पाली जिले की तंबाकू मुक्ति टैगलाइन केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक स्वस्थ जीवन की दिशा में संकल्प है। सैनी ने विद्यार्थियों को बताया कि जो लोग तंबाकू छोड़ना चाहते है वे राजकीय बांगड़ चिकित्सालय में संचालित तंबाकू मुक्ति एवं परामर्श केंद्र में उपचार प्राप्त कर सकते हैं। इस केंद्र में विशेषज्ञ परामर्श और निशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध है।

### जागरूकता को जारी है कई गतिविधियां

*सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जिलेभर में जनजागरूकता रैलियां, मानव श्रृंखला, नारा लेखन, शपथ कार्य' म, प्रतियोगिताएं तथा अन्य गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। साथ ही, सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 का सख्ती से पालन करवाया जा रहा है। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया और तंबाकू से जुड़ी जिज्ञासाओं के उत्तर प्राप्त किए।*

### यह भी रहे मौजूद

*इस अवसर पर प्रधानाचार्य बसंत परिहार, शिक्षक संजीव शर्मा, सत्यनारायण राजपुरोहित, शंकरसिंह राजपुरोहित, श्याम दैया, मुकेशकुमार, गणपत पन्नु, मनोज अग्रवाल, महेश व्यास एवं नर्सिंग प्रशिक्षक पारसमल कुमावत सहित अनेक शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य बसंत परिहार ने आभार जताया और विद्यालय को पूर्णतः तंबाकू मुक्त परिसर बनाने का संकल्प लिया।*

### सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की ली जानकारी

## आइएसडीएम दिल्ली के विद्यार्थियों ने जानी सरकारी विभागों की कार्यप्रणाली

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**बाली।** दिल्ली स्थित इंडियन स्कूल ऑफ डेवलपमेंट मैनेजमेंट (आइएसडीएम) के सात विद्यार्थी इमर्शन कार्य' म के तहत बाली पहुंचे। वे शुक्रवार तक दौरे पर रहेंगे। उन्होंने सामाजिक संस्था दूसरा दशक के साथ मिलकर ब्लॉक प्रशासन के विभिन्न विभागों का दौरा किया। विद्यार्थियों में हर्षदा संदीप चव्हाण, निकिता गारसे (महाराष्ट्र), सुहानी गुप्ता, विकास कश्यप (दिल्ली), दिब्बोजीत बोस (कोलकाता), आनंदी और मीनाक्षी सुंदरश्वरन (तमिलनाडु) शामिल थे। दूसरा दशक के सोहन भाटी के नेतृत्व में इन विद्यार्थियों ने बाली ब्लॉक के प्रशासनिक विभागों में पहुंच कर अधिकारियों व कार्मिकों से मुलाकात की। उन्होंने सरकारी योजनाओं और उनके जमीनी ि' यान्वयन के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने कृषि, आइसीडीएस, उपखंड अधिकारी कार्यालय और अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट कार्यालयों का दौरा किया।

### योजनाओं की दी जानकारी

*कृषि विभाग के शंकरलाल ने किसानों के लिए संचालित योजनाओं, फसल बीमा, सिंचाई सुविधाओं और जैविक खेती को बढ़ावा देने के प्रयासों की जानकारी दी। आइसीडीएस विभाग के प्रकाशचंद्र ने बताया कि क्षेत्र में पोषण ट्रैकर का उपयोग बढ़ाया जा रहा है और कुपोषण से निपटने के लिए सामुदायिक भागीदारी पर विशेष जोर दिया जा रहा है।*

### एसडीएम व एडीएम ने करवाया प्रशासनिक व्यवस्था से रूबरू

एसडीएम दिनेश विश्नोई ने विद्यार्थियों को प्रशासनिक व्यवस्था, शिकायत निवारण प्रणाली और विकास कार्यों की निगरानी प्रि' या से अवगत कराया। वहीं एडीएम शैलेन्द्रसिंह ने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इस पूरे दिन की विजिट के दौरान विद्यार्थियों ने ब्लॉक प्रशासन के कामकाज को करीब से देखा और सरकारी योजनाओं के जमीनी स्तर पर ि' यान्वयन को समझा। विद्यार्थियों ने इस अनुभव को अत्यंत उपयोगी और सीखने योग्य बताया।

## ग्राविअ संघ उपाध्यक्ष चौधरी का स्वागत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** पंचायत समिति सभागार में गुरुवार को देसूरी क्षेत्र की चौबीस ग्राम पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारियों की मौजूदगी में जिला ग्राम विकास अधिकारी संघ के उपाध्यक्ष घीसाराम चौधरी का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया।

ग्राम विकास अधिकारी संघ अध्यक्ष ढलाराम चौहान, उपाध्यक्ष उम्मेदसिंह राणावत, मंत्री रूपसिंह चारण, कोषाध्यक्ष राकेशकुमार, संगठन मंत्री अशोककुमार व संयुक्त मंत्री छोगाराम ने चौधरी का साफा व माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। ग्राविअ रामकेश मीणा, मांगीलाल और गलाराम मेघवाल सहित अन्य ग्राम विकास अधिकारियों ने भी उनका स्वागत किया। चौधरी ने कहा कि ग्राम विकास अधिकारियों के प्रत्येक कार्य को जिला स्तर पर प्राथमिकता से करवाना अब हमारी जिम्मेदारी होगी। संगठन के माध्यम से सभी साथियों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।



# सर्वांगीण विकास के लिए बेहद आवश्यक तत्व है खेल : राज्यमंत्री देवासी

## जिले में कलस्टर स्तरीय प्रतियोगिताओं का समापन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** शहर समेत जिलेभर में चल रही कलस्टर स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हुआ। जावाल में राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि सर्वागीण विकास के लिए खेल बेहद आवश्यक तत्व है। खेल को खेल की भावना के साथ खेलते हुए स्वयं में निखार लाना ही इन प्रतियोगिताओं की सार्थकता है। जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित ने भी सभी खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए आगे बढ़ने की सीख दी। विभिन्न प्रतियोगिताओं की विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। प्रधान हसमुख मेघवाल ने भी खिलाडियों को किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए मेहनत करने की सीख दी। गणपतसिंह राठौड ने भी खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। छगन घांची, अमराराम प्रजापत, कांतिलाल पुरोहित, वि' म माली, अनुपमा राठौड, दिलीप जैन, रमन जैन सहित अन्य उपस्थित थे। मंच संचालन अमृतदास वैष्णव और रमेश खत्री ने किया।



**मंडार।** सोनेला में क्लस्टर स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का समापन गुरुवार को सोनेला में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जगसीराम कोली, अध्यक्ष सोनेला पीईईओ कालूराम रावल, अतिविशिष्ट अथिति अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गमनाराम कोली, विशिष्ट अतिथि भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री गणपतसिंह देवड़ा, प्रशासक पीराराम मेघवाल, मंडल अध्यक्ष अमराराम चौधरी, पूर्व प्रधान कालूराम चौधरी के आतिथ्य में हुआ वीपीसिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सोनेला क्लस्टर के दो सो साठ से अधिक प्रतियोगी भाग ले रहे हे । मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कोली ने बताया कि खेल व्यतित्व निर्माण में सहायक हे खेलो के माध्यम से एकता के भाव का संचार होता है। पूर्व प्रधान चौधरी ने कहा खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए तथा हार को स्वीकार कर आगे बढ़ना चाहिए। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कोली ने भामाशाओ की प्रशंसा कर उन्हें विद्यालय गतिविधियों में नींव का पत्थर बताया। पीईईओ रावल ने प्रतिवेदन पढ़ कर अतिथियों को कार्यक्रम की गतिविधियों से अवगत कराया । ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष अर्जुनराम माली, ग्राम विकास अधिकारी कमलेश पुरोहित, भाजपा नेता गणपत जोशी, त्रिभुवनसिंह राणावत, मफाराम माली, प्रहलाद माली, महेंद्र माली, मफतलाल गर्ग, प्रदीपसिंह बिष्ट, मुकेश लखारा, पंकज कुमार, गिरिराज सेन, प्रकाश कुमार, प्रवीण कुमार सुथार आदि अध्यापक एवं ग्रामीण मौजूद थे ।



**पोसालिया।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रहे कलस्टर स्तरीय खेल महोत्सव का गुरुवार को समापन हुआ। प्रधानाचार्य एवं पीईईओ शशि चौरडिया ने बताया की समापन कार्य' म खेल प्रभारी प्रवीणसिंह राव के अतिथ्य मे किया। खेल महोत्सव मे कुल 11 ग्राम पंचायत से खिलाड़ियों ने भाग लिया। खो-खो पुरुष वर्ग में अरठवाडा,



महिला वर्ग में केसरपुरा, रस्सा कस्सी में पुरुष वर्ग में वेराजेतपुरा, महिला वर्ग में पोसालिया, फुटबॉल मे पुरुष वर्ग मे रुखाड़ा महिला वर्ग मे जोयला, बालीबॉल पुरुष वर्ग में केशरपूरा, कबड्डी पुरुष वर्ग में पोसालिया महिला वर्ग मे धूबाणा विजेता रहा। कबड्डी का फाइनल मुकाबला पोसालिया और धूबाना के बीच खेला गया। जिसमें 19-16 पॉइंट्स से पोसालिया विजेता रहा। उपप्रधानाचार्य जैसाराम मीणा, क्लस्टर निर्णायक प्रभारी कन्हैयालाल मीणा, सह प्रभारी बलवंतसिंह देवड़ा, गजराज कंवर निर्णायक, श्रवणसिंह राणावत, दलपतसिंह राणावत, शंकरलाल मीणा, सोनिया मार्कोस, दुर्गा कंवर, बाबूलाल सुथार, तोलाराम देवासी, सरोज चौधरी, अनीता गोदारा वैरसिंह देवड़ा, जैठूसिंह राणावत, धनाराम एवं समस्त विद्यालय स्टाफ और ग्रामीण मौजूद रहे। मंच संचालन भरत सिंह राठौड़ ने किया। कैलाश नगर में चल रही सांसद खेल महोत्सव का समापन हुआ। पीइइओ हरीश कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में 6 पंचायतों की टीमों ने हिस्सा लिया था। शारीरिक शिक्षक पंकज कुमार के अनुसार कबड्डी पुरुष और महिला वर्ग में झाड़ोली वीर, खो-खो पुरुष वर्ग में झाड़ोली वीर व महिला वर्ग में नारादरा, वॉलीवॉल





पुरुष वर्ग में ओड़ा व महिला वर्ग में कैलाशनगर, फुटबॉल पुरुष वर्ग में मनादर व महिला वर्ग में झाडोली वीर, रस्साकसी पुरुष वर्ग में कैलाशनगर व महिला वर्ग में नारादरा की टीम विजेता बनी। च' वर्तीसिंह देवड़ा, विजय लक्ष्मी, उम्मेदसिंह देवडा, केदार प्रसाद शर्मा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि प्रशासक तेजाराम मीणा, अध्यक्ष गणेश राजपुरोहित, विशिष्ट अतिथि भामाशाह हिम्मतराम माली, सचिव दिलीप टांक, व्याख्याता गणपतलाल एवं नेकाराम आदि मौजूद रहे। उथमण में चल रहे चार दिवसीय उथमण कबस्टर स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का गुरुवार को जिला उपाध्यक्ष नरपतसिंह राड़बर, उथमण प्रशासक वैरसिंह देवड़ा, विक्रमसिंह, प्रधानाचार्य प्रतापसिंह, ग्राम विकास अधिकारी हनवंतसिंह के आतिथ्य तथा पीइइओ नरेश कुमार चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सभी अतिथियों ने विजेता उप विजेताओं का सम्मान किया। मच संचालन भरत कुमार रावल ने किया। पीईईओं क्षेत्र के माधुसिंह मीणा, दिनेश कुमार रावल, हनवंतज मीणा, जसाराम, किशनसिंह देवड़ा, भारती राठोड, भरत कुमार, दवे, दीपक, चतराराम, कमलेश कुमार, सुरेश बेनिवाल, गौरव राजपुरोहित, आदि उपस्थित रहे।

## रबड़ इकाई में आग से हड़कंप

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** मावल ग्रोथ सेंटर सैकंड फैज स्थित एक रबड़ इकाई में गुरुवार सुबह अचानक आग लग गई। जिससे इकाई व आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर रीको पुलिस व दमकल मौके पर पहुंची। हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। मावन रीको ग्रोथ सेंटर सैकंड फैज स्थित मार्कअप रिसोर्स प्राइवेट लिमिटेड में अचानक आग लग गई। सुबह करीब साढ़े छह बजे लगी आग से अफरातफरी मच गइ। सूचना पर रीको थानाधिकारी लक्ष्मणसिंह चंपावत मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। लोगों को दूर किया। वहीं दमकल व इकाई कार्मिकों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग से जनहानि नहीं होने व बड़ा हादसा नहीं होने से लोगों ने राहत की सांस ली।

## दो दिन लगेगा मेगा ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र कैंप

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** रेलवे कर्मचारियों के लिए 18 व 20 नवंबर को मेगा ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र कैंप आयोजित होगा। रेलवे कार्यरत कर्मचारियों व रेलवे पेंशन भोगी कर्मचारियों की सुविधा के लिए 18 नवंबर को भारतीय स्टेट बैंक, लैंडमार्क मेन ब्रांच, बस स्टैंड शाखा परिसर व 20 नवंबर को स्टेशन अधीक्षक कार्यालय में मेगा ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र कैंप आयोजित होगा।कैंप सुबह 10 बजे से शुरु होगा। यह आयोजन विशेष रूप से रेलवे पेंशनभोगी कर्मचारियों की सुविधा के लिए किया जा रहा है। सभी रेलवे कर्मचारियों, कार्यरत एवं पेंशनभोगी को सुविधा रहेगी। कैंप में आधार कार्ड,पेंशन पासबुक पीपीओ साथ लेकर आना होगा।

## भामाशाह का किया स्वागत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडार।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोरड़ा में स्थानीय विद्यालय में भामाशाह दिनेश कुमार चौधरी पुत्र सोमाराम चौधरी की तरफ से विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को परिचय-पत्र वितरित किए गए। जिस पर भामाशाह का विद्यालय परिवार की ओर से सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य हरिश कुमार गोमतीवाल, व्याख्याता समरथमल बुनकर, नवाराम तीरगर, चन्द्रा माहेश्वरी, वरिष्ठ अध्यापक अर्जुन लखारा, राधेश्याम अवस्थी, नरेश कुमार, भूराराम गर्ग सहित विद्यालय के छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

## सफाई अभियान की शुरुआत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**गोयली।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत गोयली व सारनेश्वरजी में गुरुवार को सरपंच राजू कंवर की मौजूदगी में सफाई अभियान की शरुआत की गई। सरपंच राजू कंवर ने बताया कि ग्राम पंचायत गोयली के दोनों गावों में हर वार्ड में अभियान के रूप में साफ सफाई का कार्य होगा। श्रीमती राजू कंवर ने बताया कि अब सरकार फोकस साफ सफाई सफाई पर है साफ सफाई में कोई कमी नही आने दी जाएगी। समाजसेवी नाथुसिंह, वार्ड पंच एवं ग्रामीण मौजूद रहे ।

## ब्लेक स्पॉट पर बना कट बंद



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** एनएच 27 पर मावल चौकी के पास बनाए गए अनाधिकृत कट को आखिरकार गुरुवार को बंद कर दिया है। ब्लेकस्पॉट पर बनाए गए कट से हादसों की आशंका बनी हुई थी। एनएच 27 पर मावल चौकी के पास करीब तीन वर्ष पूर्व डिवाइडर तोड़कर अनाधिकृत रुप से कट बना दिया गया था। इस बारे में एनएचआई अधिकारियों को भी अवगत करवाया गया। लेकिन, कोई कार्रवाई नहीं की गई। लेकिन, विभिन्न स्थानों पर हुए सड़क हादसों के बाद एनएचआई प्रबंधन गहरी नींद से जागा। जिसके चलते गुरुवार को एनएचआई के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे। अनाधिकृत रुप से बनाए गए कट को बंद करने का कार्य शुरु किया गया। गौरतलब है कि मावल चौकी के पास निकाले गए कट के पास पूर्व में कई बड़े हादसे हो चुके है। जिसके चलते पुलिस की ओर से संबंधित स्थान को ब्लेक स्पॉट चिंहित किया गया था। इसी तरह का एक और मामला सामने आया है। एनएच 27 पर ही हनुमान टेकरी के पास आबू ढाबा के सामने डिवाइडर को तोड़ कर रास्ता निकाल दिया गया। इसकी शिकायत भी एनएचआई को की गई। लेकिन, कोई कार्यवाही नहीं की गई है। अधिकारियों की लापरवाही के चलते बड़े हादसे की आशंका बनी हुई हैं।

## संस्कारवान पीढ़ी ही करती है उन्नत समाज की रचना: ओझा

### » सहस्त्र औदिच्य गोरवाल समाज का मेला सम्पन्न

### » 141 प्रतिभाओं का किया सम्मान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** आम्बेश्वर धाम में गुरुवार को सहस्त्र औदिच्य गोरवाल ब्राह्मण समाज 22 थान पंत्रोत्री का मेला हर्षोल्लास व धूमधाम से सम्पन्न हुआ। सवेरे लक्ष्मीनारायण मंदिर से आम्बेश्वर महादेव की सीढियो तक कलश यात्रा निकली गई। इसके बाद समाज की 141 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। आयोजक ओमप्रकाश ओझा ने उपस्थित जनसमुदाय को अपने समाज की परम्पराओं को निर्वहन करते हुए सनातन आहार सनातन विचार व संस्कृति के मूल्यों को युवा पीढी को सौप सामाजिक एकता को मजबूत कर भविष्य की पीढ़ी को सनातन राष्ट्रनीत बनने का आह्वान किया। सहस्त्र औदिच्य गोरवाल समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष हरीश दवे ने बताया कि आम्बेश्वर धाम में मेले के शुभारंभ पर दीप प्रज्जलित कर एक सरस्वती वंदना के साथ किया। जिसकी अध्यक्षता शांतिलाल व ओमप्रकाश के यजमानत्व में हुआ। मफतभाई, कीर्तिभाई, श्रीमती पिंकी ओझा, राखी ओझा का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा अध्यक्ष गोविन्दभाई ओझा ने यजमान ओमप्रकाश ओझा का सम्मान किया। कालीदास दवे, रमेश भट्ट ने सम्बोधित किया। आयोजक व यजमान ओमप्रकाश ओझा ने कहा कि अपनी संतानों को संस्कार पहले दें। संस्कारवान पीढी ही उन्नत समाज की रचना कर सकती है। हमारा समाज सात्विक समाज है हमें खान, पान, आहार, योग, प्राणायम पर बल देना चाहिए तथा बदलते जमाने में हमे भी संस्कारों को कायम रखते हुए आधुनिकता की तरफ भी बढ़ना होगा तथा समाज में हो रहे बदलाव को अपनाकर शिक्षा, चिकित्सा खेल, संस्कृति, कला हर क्षेत्र में युवाओ को प्रोत्साहन देकर आगे लाना होगा। उन्होने कहा कि दैनिक जीवन में प्रातः सूर्योदय से पूर्व उठने की आदत



व अपनी गोरवाल परम्पराओं को कायम रखना होगा। वर्तमान समय में सभी को एकजुटता रखनी जरूरी है। मंच संचालन एडवोकेट रमणिकलाल त्रिवेदी ने किया। अगला मेला लक्ष्मीदेवी भंवरलाल गोल की तरफ से करने की घोषणा की गई। इस अवसर पर गोविन्द ओझा, बकुल, भरत ओझा, सुधिर बुधिया, वरदीशंकर दवे, प्रभाशंकर दवे, वेकुंठ, एडवोकेट प्रमोद दवे, एडवोकेट चेतन दवे, श्रीमती मालती भट्ट समेत समाजबंधु उपस्थित थे। दवे ने कहा कि ओदिच्य गोरवाल समाज सदियों से सिरोही जिले की सेवा करता आया है। देश की आजादी की लड़ाई से संविधान निर्माण तक तथा शिक्षा, चिकित्सा, कला के क्षेत्र में समाज सदैव अपनी भूमिका निभाता आया है।

## हनुमान चालीसा पुस्तक का वितरण



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जेकेपुरम।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कोजरा के नेतृत्व में कोजरा के प्राइम अकैडमी, केएवीएम अकैडमी एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालयमें हनुमान चालीसा पुस्तक का वितरण किया गया। सभी विद्यार्थियों को हनुमान चालीसा पाठ का महत्व बताया गया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद प्रखंड सहमंत्री नरेंद्रसिंह, बजरंग दल प्रखंड सहसंयोजक मेहुल रावल, विहिप नगर अध्यक्ष प्रवीण, प्रजापत एवं बजरंग दल सहसंयोजक जीतूभाई माली उपस्थित रहे। बजरंग दल प्रखंड सहसंयोजक मेहुल रावल ने सभी विद्यार्थियों को प्रतिदिन एक हनुमान चालीसा पाठ करने का निवेदन किया।

## जिले में 1173 बूथों पर पिलाई जाएगी पोलियोरोधी खुराक

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में डीएम चौधरी ने दिए निर्देश


जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिला कलक्टर अल्पा चोधरी की अध्यक्षता में गुरुवार को कृषि विभाग के आत्मा सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन कियास गया। जिसमें जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। दिशा.निर्देश जारी किए गए। बैठक में डब्लयुएसओ के प्रतिनिधि डॉ अक्षय ने बताया कि जिले में 23 से 25 नवम्बर तक पल्स पोलियो अभियान आयोजित किया जाएगा। इस दौरान 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। जिले में कुल 1173 बूथों पर पोलियो ड्रॉप्स पिलाने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि 23 नवम्बर को



बूथ स्तर पर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी, वहीं 24 और 25 नवम्बर को स्वास्थ्यकर्मी घर.घर जाकर बच्चों को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक पोलियो की खुराक देंगे। जिला कलक्टर चौधरी ने लाड़ो योजना, 104 एम्बुलेंस सेवा और मां वाउचर योजना की विस्तृत समीक्षा कर इनको बेहतर कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने सभी चिकित्सा संस्थानों में सफाई व्यवस्थाए रोगियों को बेहतर सुविधाए तथा सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए। बैठक में डिप्टी सीएमएचओ डॉ सत्यप्रकाश शर्मा, आरसीएचओ डॉ रितेश सांखला, जिला अस्पताल शिवगंज के प्रभारी डॉ अखिलेश पुरोहित, समस्त मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारीए चिकित्सा अधिकारीए एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।बीसीएमओ को नोटिस देने के निर्देश बैठक के दौरान रेवदर ब्लॉक के बीसीएमओ डॉ लोंग मोहम्मद की बिना सूचना अनुपस्थिति पर कलेक्टर अल्पा चौधरी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

## विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती पर जनजाति गौरव वर्ष पखवाडे के तहत जिले में आयोजित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृखला में गुरूवार को ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में धरती आभा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना के तहत जनजाति समुदाय के समग्र विकास के विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई साथ ही सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसमें धरती आभा ग्राम जनजातिय ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं आदिकर्म योगी अभियान की उपलब्धियों की जानकारी देकर लाभान्वितों से संवाद किया गया। इसी क्रम में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय गौरव वर्ष के अवसर पर जिले में 15 नवंबर तक जनजाति नायकों की प्रतिमाओं, स्मारकों, जनजाति संस्कृति एवं गौरव से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों एवं अन्य महत्वपूर्ण राष्ट्रीय स्मारकों पर विशेष साफ सफाई एवं दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को दीपोत्सव को लेकर सरजावाव दरवाजे के बाहर दीपदान किया गया। यह जानकारी जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी ने दी।

## बेटी जन्मोत्सव मनाया



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** आंगनवाडी केन्द्र उड़ पर लाडों प्रोत्साहन योजना को बढ़ावा देते हुए बेटी जन्मोत्सव कार्य म मनाया गया। सुपरवाइजर संतोष मीणा ने लाडों प्रोत्साहन योजना के बारे में व पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र की परामर्शदाता माधवी चौहान द्वारा विभाग की अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। सभी बेटीयों को विभाग द्वारा उपलब्ध बेबी किट व लाडों प्रोत्साहन योजना की बुकलेट वितरित की गई। 24 बेटियां उपस्थित रही। साथिन कविता देवी व आगंनवाडी कार्यकर्ता सुंदर देवी, सहायिका शिल्पा देवी उपस्थित रही।



# बहुचर्चित मनोहर राजपुरोहित अपहरण की जांच को एसआइटी गठित

## » मुख्यमंत्री के निर्देश पर एसपी ने गठित किया विशेष जांच दल

### » वर्ष 2016 में फालना से लापता हुआ था 16 साल का मनोहर, 25 लाख की फिरौती के मिले थे 6 पत्र

### » बेटे के इंतजार में बीमार होकर चल बसी मां, परिवार अब भी न्याय की आस में

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** बहुचर्चित मनोहर राजपुरोहित अपहरण प्रकरण की जांच अब नए सिरे से शुरू होने जा रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर एसपी ने विशेष जांच दल (एसआइटी) का गठन किया है। ज्ञातव्य है कि 23 नवंबर 2016 को नेतरा निवासी 16 वर्षीय मनोहर राजपुरोहित सुबह घर से कोचिंग के लिए फालना गया था, लेकिन वहां से अचानक लापता हो गया। इसके बाद 12 दिनों में 25 लाख की फिरौती मांगने वाले छह पत्र मिले, लेकिन अपहरणकर्ताओं का कोई सुराग नहीं मिला। तब से अब तक मनोहर का कोई पता नहीं चल पाया है। मनोहर की मां मंजूदेवी ने बेटे के लौटने की उम्मीद में आठ साल इंतजार किया, लेकिन सात माह पहले उनका निधन हो गया। परिवार और समाज के लोग लगातार सीबीआइ जांच की मांग कर रहे थे।



### सीएम की सख्ती पर बनी एसआइटी

बाली एएसपी चैनसिंह महेचा के सुपरविजन में गठित एसआइटी का नेतृत्व बाली सीओ राजेश यादव कर रहे हैं। टीम में फालना एसएचओ वि' मसिंह सांदू, सादड़ी एसएचओ हनुवतसिंह सोढ़ा, सुमेरपुर एसएचओ रविंद्रसिंह खींची, रानी थानाधिकारी आनंद कुमार और सांडेराव थाना प्रभारी नरपतसिंह सहित 20 पुलिसकर्मी शामिल हैं। टीम हर 15 दिन में जांच की प्रगति रिपोर्ट एसपी को सौंपेगी, जिसे आगे मुख्यमंत्री कार्यालय भेजा जाएगा।

### विधानसभा से लेकर सड़कों तक उठा मुद्दा

मनोहर अपहरण मामला कई बार विधानसभा में गूंज चुका है। 2021 में अखिल भारतीय राजपुरोहित समाज संघर्ष समिति के बैनर तले सुमेरपुर में रैली और धरना दिया गया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सीबीआइ जांच की अनुशंसा केंद्र सरकार को भेजी थी, लेकिन सीबीआइ ने जांच शुरू किए बिना ही फाइल लौटा दी गई। तब सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत और आहोर के पूर्व विधायक छगन सिंह राजपुरोहित ने भी यह मुद्दा विधानसभा में उठाया था।

### फुटेज में अकेला दिखा था मनोहर

पुलिस जांच में सामने आया कि मनोहर फालना अकेला गया था। एक सीसीटीवी फुटेज में वह अकेला दिखाई दिया। कुछ दिन बाद उसका स्कूल बैग घर के बाहर मिला, जिसमें किताबों के साथ 25 लाख की फिरौती का पत्र रखा था। ऐसे ही छह पत्र अज्ञात बदमाशों ने अलग-अलग जगह डाले थे, जिनमें 20 से 25 लाख रुपए की मांग की गई थी। लेकिन यह नहीं पता चल पाया कि पत्र किसने भेजे और मनोहर के साथ क्या हुआ।

### धीमी जांच पर सीएम ने जताया असंतोष

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस पुराने प्रकरण की धीमी जांच पर असंतोष जताया और कहा कि दोषियों तक पहुंचने के लिए सभी संभव संसाधन लगाए जाएं। उन्होंने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की बात कही।

### बेटे की राह देखते देखते चल बसी मां

नेतरा निवासी 50 वर्षीय मंजूदेवी राजपुरोहित ने आठ साल तक बेटे के लौटने का इंतजार किया। हर शाम दरवाजे पर खड़ी होकर गुजरते वाहनों की आवाज में बेटे के कदमों की आहट ढूंढ़ती रहीं। लेकिन 13 जुलाई 2025 को उनका निधन हो गया। गांव में हर किसी की जुबां पर यही बात थी जिस मां ने हर दिन बेटे के लौटने की आस लगाई, वह अब खुद चली गई।

### अब भी गूंजता सवाल... आखिर कहां है मनोहर?

, सीआइडी और पुलिस तीनों स्तरों पर जांच हुई, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। अब एसआइटी के गठन से उम्मीद जगी है कि मनोहर राजपुरोहित प्रकरण में वर्षों बाद कोई नई कड़ी सामने आ जाए व राजफाश हो।

# लूट का राजफाश, आरोपियों का निकाला जुलूस

## » न्यायालय ने तीन दिन के रिमांड पर सौंपा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** शहर में 30 अक्टूबर को हुई चेन लूट की वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को पुलिस जुलूस के रूप में तीनों आरोपियों को मेडिकल जांच के लिए कोतवाली थाने से बांगड़ अस्पताल तक पैदल ले गई। इस दौरान बदमाश हाथ जोड़े चलते नजर आए। मेडिकल जांच के बाद पुलिस ने तीनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें तीन दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया गया। पकड़े गए आरोपियों में रामदेव रोड क्षेत्र निवासी प्रकाश और विजय आपस में भाई है एवं तीसरा आरोपी दीपक शहर के केशवनगर का निवासी है। दीपक को पुलिस ने महाराष्ट्र के सोलापुर से गिरफ्तार किया।

### घटना की बानगी

एसपी आदर्श सिधू ने बताया कि 30 अक्टूबर की सुबह करीब 5.30 बजे जयनगर के पास बिजनेसमैन महावीर जैन और उनके मित्र विपुल डाकलिया मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इसी दौरान दो बदमाशों ने महावीर की आंखों में मिर्च पाउडर फेंककर हमला किया और करीब चार तोला सोने की चेन लूटकर बाइक से फरार हो गए।

### सीसीटीवी फुटैज से की आरोपियों की पहचान

कोतवाली थानाधिकारी जसवंत सिंह के अनुसार घटना के बाद पुलिस ने कई सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए आरोपियों की पहचान की। जांच में सामने आया कि तीनों ने वारदात से एक दिन पहले 29 अक्टूबर की रात को पार्टी करते हुए पूरी साजिश रची थी। प्रकाश और विजय उसी क्षेत्र में रहते है जहां महावीर जैन का निवास है। उन्हें पहले से जानकारी थी कि महावीर जैन रोजाना सुबह वॉक पर जाते हैं और सोने की मोटी चेन पहनते है।

# रणकपुर-जवाई बांध महोत्सव 21 व 22 दिसम्बर को

## » जिला कलेक्टर मंत्री ने ली बैठक, सफल आयोजन के दिए निर्देश

### रंगारंग प्रस्तुतियों व प्रतियोगिताओं से जमेगा रंग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिला कलक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय में 21 व 22 दिसम्बर को होने वाले रणकपुर जवाई बांध महोत्सव को लेकर बैठक हुई। इस बार भी भव्य रंगारंग व सांस्कृतिक आयोजन के साथ आयोजित किया जाएगा। जिला कलेक्टर ने उत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में बताया कि 21 व 22 दिसम्बर को जीप सफारी, दीपोत्सव, काइट फ्लाइंग ,हैंडी' फ्ट प्रदर्शनी, प्रोसेसिंग हॉट एयर बैलून, कल्चर इवनिंग सहित विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाएगी। उन्होंने महोत्सव के पर्याप्त प्रचार संबंधित फ्लेक्स होर्डिंग लगाए जाने एवं जिले की विभिन्न होटलों, जिले के विभिन्न स्थानों पर महोत्सव से संबंधित पोस्टर लगाए जाने के लिए सहायक निदेशक पर्यटन विभाग को दिशा निर्देश दिए।

### बैठक में इनकी रही सहभागिता

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बजरंगसिंह, एडीएम ओम प्रभा, उपखंड अधिकारी देसूरी, संयुक्त निदेशक पशुपालन डॉ मनोज पंवार, सहायक निदेशक पर्यटन सरिता फीडौदा, नगर निगम, नगर पालिका सादड़ी एवं अन्य संबधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



### आयोजन की बानगी

सहायक निदेशक पर्यटन सरिता फिडौदा ने बैठक में आयोजन को लेकर विभिन्न बिंदुओं को रखा। उन्होंने बताया कि 21 दिसम्बर को स्टार नाइट कबीर कैफे व डेजर्ट सिम्फनी पर चर्चा की गई व 22 दिसम्बर को भी स्टार नाइट के लिए आगामी दिनों में अंतिम रूप दे दिया जाएगा। फोटोग्राफी प्रतियोगिता के आयोजन के साथ फोटोग्राफी प्रदर्शनी लगाई जाएगी। विजेता फोटोग्राफर्स को पुरस्कृत किया जाएगा। महोत्सव में विभिन्न मनोरंजक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन भी होगा। बैठक में सदस्यों के सुझाव के आधार पर महोत्सव में जिले के रेबारी जाति के लोगों की जीवन शैली एवं संस्कृति के प्रचार पर भी चर्चा की गई। महोत्सव के दौरान हस्तशिल्प उत्पाद प्रदर्शनी / हाट बाजार के लिए निर्धारित स्थान पर बेहतर साफ-सफाई व चूना लाइन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।

### संबंधित विभागों को दिए आवश्यक निर्देश

निकटतम शहरों से रणकपुर आने जाने के लिए बसों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए रोडवेज आगार प्रबंधक को निर्देश दिए गए। साथ ही पुलिस की माकूल व्यवस्था, बिजली, पानी, चिकित्सा ,फायर बिग्रेड आदि की व्यवस्था, प्रचार, पर्यटन विभाग के वालियन्टर्स, लोक कलाकारों आदि के लिए आवास एवं भोजन व्यवस्था के लिए रणकपुर एवं सादड़ी में अस्थाई टेंट, लाइट एंड साउंड, विद्युत की व्यवस्था, कलाकारों को आमंत्रित करने, फ्लेक्स बेनर, कलाकारों के लिए यातायात व्यवस्था, आवास व्यवस्था को लेकर भी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

# संभागीय आयुक्त ने सुनी समस्याएं, समाधान के दिए निर्देश

## » सुमेरपुर में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली/सुमेरपुर।** संभागीय आयुक्त जोधपुर डॉ प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में सुमेरपुर पंचायत समिति के वीसी हॉल में गुरुवार को उपखंड स्तरीय जनसुनवाई हुई। जनसुनवाई में डॉ सिंह ने आमजन की समस्याओं को सुना और उनके प्रभावी निस्तारण व समाधान के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में कुल 21 प्रकरण सामने आए, जिनमें राज्य स्तर, संभागीय स्तर, जिला कलेक्टर स्तर एवं उपखंड स्तरीय मामलों पर चर्चा की गई। संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र और पारदर्शी निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि कुछ प्रकरण राज्य स्तर से संबंधित हैं, जबकि कई मामले संभागीय, जिला और उपखंड स्तर पर निपटाए जा सकते हैं। जो समस्याएं उपखंड स्तर पर सुलझाई जा सकती है उनका समाधान वहीं करें। उन्होंने विशेष रूप से सफाई व्यवस्था और अन्य जनसुविधा से जुड़ी शिकायतों को प्राथमिकता से निपटाने पर बल दिया।



### यह भी रहे मौजूद

जनसुनवाई के दौरान उपखंड अधिकारी कालूराम कुम्हार, सीओ जितेंद्रसिंह राठौड़, तहसीलदार दिनेश आचार्य, विकास अधिकारी प्रमोद दवे, इओ नरपतसिंह राजपुरोहित सुमेरपुर, इओ मगराज चौधरी तखतगढ़, बीसीएमओ गोविंदसिंह चुंडावत सहित सभी उपखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### सुबह से उमड़ने लगी थी परिवादियों की भीड़

संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने की। प्रातः 11 बजे शुरू हुए शिविर में सुबह से ही परिवादियों की भीड़ उमड़ पड़ी और लोगों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। एसडीएम कालूराम कुम्हार ने बताया कि जनसुनवाई में कुल 21 प्रकरण प्राप्त हुए। इनमें प्रमुख रूप से गोचर भूमि के क्षतिपूर्ति संबंधी, भूमि सीमांकन करवाने की मांग, खेतों के सामने अति' मण की शिकायतें, अवरुद्ध मार्गों को खुलवाने की समस्याएं, ट्रांसपोर्ट नगर से जुड़े मुद्दे सहित अन्य विभागीय शिकायतें शामिल हैं। पुराड़ा निवासी नरसिंह राजपुरोहित ने दस से अधिक लंबित परिवेदनाओं के निस्तारण की मांग की। लोगों ने बताया कि कई समस्याएं काफी समय से लंबित हैं, जिनके समाधान के लिए प्रशासनिक हस्तक्षेप जरूरी है। डॉ. प्रतिभा सिंह ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य लोगों को राहत पहुंचाना तथा समस्याओं का स्थायी समाधान उपलब्ध कराना है। किसी भी मामले में लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने आश्वस्त किया कि सभी शिकायतों पर प्रभावी ढंग से कार्रवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। एसडीएम कुम्हार ने बताया कि जनसुनवाई से ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों से सीधे संवाद का अवसर मिलता है, जिससे समस्याओं के शीघ्र निपटारे में मदद मिलती है। शिविर में आए प्रत्येक प्रकरण को प्राथमिकता के साथ दर्ज किया गया है। जनसुनवाई में ब्लॉक स्तरीय विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# कई स्थानों पर गोदाम सीज, कृषि मंत्री के निर्देश पर छापेमारी जारी

## » सांचौर में अवैध गोदाम व फैक्ट्रियों पर कार्रवाई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** कृषि मंत्री के निर्देश पर बुधवार को सांचौर और आसपास क्षेत्रों में उर्वरकों के अवैध भंडारण और रिफिलिंग करने वाली इकाइयों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। थराद रोड स्थित एक अवैध गोदाम में निरीक्षण के दौरान आइपीएल कंपनी के ग्रीया ब्रांड के 4185 बैग और तकनीकी यूरिया के 600 बैग बरामद किए गए, जो नियमों के विपरीत पैक पाए गए। मौके से गाइडिंग मशीन भी मिली, जिससे औद्योगिक उपयोग हेतु यूरिया रिफिलिंग का संदेह गहराया। गोदाम का संचालन दिनेश एग्रो सेल्स सांचौर से जुड़ा पाया गया, लेकिन लाइसेंस में उसका नाम दर्ज नहीं था। इस पर सहायक निदेशक की रिपोर्ट पर पुलिस ने उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 7, 8, 25 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत मामला दर्ज किया। जांच की जिम्मेदारी थानाधिकारी देवेंद्रसिंह कच्छवाह को सौंपी गई है। विभागीय दल ने मौके से फर्द जब्ती, फर्द सुपुर्दगी, नजरी नक्शा और शपथ पत्र पुलिस को सौंपे।

### रीको माखुपुरा व पहाड़पुरा में भी कार्रवाई

माखुपुरा स्थित स्वान ग्रीन एग्रीटेक इंडिया फर्म पर छापे में नियम विरुद्ध उर्वरक उत्पाद पाए गए। स्टॉक रजिस्टर अपूर्ण, उत्पादों का स्त्रोत गुजरात और लेब की अनुपस्थिति मिलने पर फैक्ट्री को सीज किया गया। वहीं धरणीधर ऑयल मिल, पहाड़पुरा फौजी रोड पर नैनो यूरिया के काटून सहित अवैध भंडारण मिलने पर फर्म संचालक ललित पुत्र तेजाराम चौधरी (निवासी गरडाली) के खिलाफ कार्रवाई की गई। विभाग ने नमूने भरकर जांच के लिए भेजे है।

## सेवानिवृत पुलिसकर्मियों से बोले राज्यमंत्री...

# आपकी जागरूकता एवं जनसेवा से आमजन हो रहा लाभान्वित : देवासी

### » पुलिस कल्याण सस्थान की सभांगीय संगोष्ठी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

सिरोही। पुलिस लाइन के सामुदायिक सभा भवन में गुरुवार को सेवानिवृत पुलिस कल्याण सस्थान सिरोही के तत्वावधान में जोधपुर सभाग स्तरीय स्नेह मिलन एवं संगोष्ठी राज्यमंत्री ओटाराम देवासी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। राज्यमंत्री देवासी ने सभी सदस्यों को जोधपुर स्तर का संभागीय आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि आपकी जागरूकता एवं जनसेवा से समस्त नागरिक लाभान्वित हो रहे है। सस्थान कार्यालय के लिए भूमि आवंटन एवं निर्माण के लिए एस्टीमेंट अनुसार बजट स्वीकृति की घोषणा की। सांसद लुम्बाराम चौधरी ने दूरभाष से संदेश प्रेषित कर कार्यालय भवन निर्माण के लिए आवश्यक राशि की स्वीकृति की घोषणा की। पुलिस अधीक्षक डॉ प्यारेलाल शिवरान ने पुलिस लाइन परिसर में भवन एवं भूमि प्रदान करने का आश्वासन दिया। प्रदेशाध्यक्ष रिछपालसिंह पूनिया ने सफल आयोजन की बधाई दी।





### इनकी रही उपस्थिति

सस्थान के जिलाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक गोपसिंह देवड़ा ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक डॉ प्यारेलाल शिवरान ने की। विशिष्ट अतिथि एएसपी किशोरसिंह चौहान, एएसपी दलपतसिंह भाटी, सेवानिवृत एएसपी हिम्मतसिंह देवल, भंवरसिंह भाटी, बिंजाराम मीणा, जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, भूपेन्द्र देवासी, जिला महामंत्री गणपतसिंह राठौड़, राजसमंद जिला प्रभारी वीरेन्द्रसिंह चौहान, निरंजनसिंह राठौड़, कैप्टन रतनसिंह, नारायणसिंह, नरेन्द्रपालसिंह, प्रदेश सचिव सुखदेव व्यास, संगठन सचिव पारसमल चौहान समेत जोधपुर, बाड़मेर, बालोतरा, जैसलमेर, जालोर, सिरोही, पाली, फलौदी के सदस्य एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया।

### कई मुद्दों पर दिया व्याख्यान

आयोजन में नशा मुक्ति, दुर्घटना से बचाव, पेंशनर कल्याण, साइबर फ्राड समेत कई विष्यों पर व्याख्यान हुए। मेजबान सिरोही संस्थान सचिव करणसिंह डाबी, पुलिस लाइन मेजर बलवंतसिंह, अमरसिंह राठौड़ समेत सदस्यों ने व्यवस्थाएं संभाली। जिला संस्थान की ओर से सभी अतिथि, भामाशाह, जनसेवी, वक्ताओं का सम्मान किया। योगाचार्य भीकसिंह भाटी ने योग की जानकारी दी। प्राचार्य भगवतसिंह देवड़ा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए राजस्थान सरकार हेल्थ स्कीम, आठवें वेतनमान, ट्रेजरी, पेंशन नियमों समेत जीवित प्रमाण पत्र की जानकारी साझा की।

# ग्रीन हार्टफुलनेस रन का आयोजन 16 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** कस्बे के पारलावा जाव स्थित हार्टफुलनेस संस्था की ओर से ग्रीन हार्टफुलनेस रन का आयोजन रविवार को सुबह 7 बजे सीनियर सैकंडरी स्कूल के मैदान पर किया जाएगा। हार्टफुलनेस संस्था के सौजन्य से बाली क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य यह विशेष कार्य' म आयोजित किया जा रहा है। इसमें पौधरोपण अभियान भी शामिल रहेगा। संस्था की ओर से मुख्यालय हैदराबाद स्थित कान्हा शांति वनम में अब तक 10 लाख से अधिक पौधे लगाए जा चुके है। इसी प्रेरणा से बाली के कई क्षेत्रों में पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है। संस्थान के वैश्विक गुरु दाजी कमलेशभाई पटेल के निर्देशन में यह आयोजन आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित,और स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करेगा। संस्था के प्रतिनिधियों, प्रशिक्षकों एवं स्वयंसेवकों ने सभी नागरिकों, युवाओं, स्कूलों और सामाजिक संगठनों से आग्रह किया है कि वे इस महा अभियान में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण में अपना अमूल्य योगदान दें। कार्य' म में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति ऑनलाइन लिंक के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर सकते है।

### पंजीयन शुल्क का उपयोग पर्यावरण संवर्धन पर

रजिस्ट्रेशन से प्राप्त समस्त राशि का उपयोग केवल पर्यावरण संवर्धन से संबंधित कार्यो में ही किया जाएगा। सवेरे विभिन्न वर्गों की दौड़ होगी। प्रातः 8 बजे हार्टफुलनेस मेडिटेश सत्र होगा। उसके पश्चात डा सीपी त्रिवेदी द्वारा (सीपीआर) एवं अचानक हार्ट अटैक आने पर किए जाने वाले प्राथमिक उपचार की तकनीक सिखाई जाएगी।

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. न. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.